* बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

* पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

* रजि. नंबर : 52290/90 * वर्ष : 36 * अंक : 199 * पृष्ठ : 12 * औरंगाबाद, मंगलवार, 16 दिसम्बर 2025 * मूल्य : 3.00 रुपये * औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित * www.navbihartime.com



पटना में महावीर मंदिर में पूजा करते नितिन नवीन और दिलीप जायसवाल

### भाजपा के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद दिल्ली पहुंचे नितिन नवीन का अमित शाह और जेपी नड्डा ने किया स्वागत

# जो सोचा नहीं वह भाजपा में ही संभव : नितिन नवीन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भाजपा के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन सोमवार को दिल्ली पहुंचे। यहां भाजपा मुख्यालय पहुंचने पर पार्टी के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन का भव्य स्वागत किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के अन्य नेताओं ने श्री नवीन का स्वागत किया। नितिन नवीन ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्याम प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर माल्यार्पण किया। बीजेपी के नए कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य पार्टी नेताओं की मौजूदगी में पदभार संभाला। जेपी नड्डा ने उन्ही कुर्सी पर बैठाया और कई अन्य दिग्गज भाजपा नेता मौजूद रहे। नितिन नवीन के बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर पदभार संभालने पर, बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि नितिन नवीन को बधाई। वह एक विनम्र और समर्पित कार्यकर्ता हैं। वह पांच बार विधायक रह चुके हैं। उन्होंने अपने काम से आज जो मुकाम हासिल किया है, उसी वजह से पार्टी ने इस समर्पित कार्यकर्ता को सम्मानित किया है, और ऐसा सिर्फ बीजेपी में ही हो सकता है। नितिन नवीन के बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर पदभार संभालने पर, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि उन्हें संगठन और सरकार दोनों का अनुभव है और वह बहुत ही सरल व्यक्ति हैं लेकिन वह अविश्वसनीय रूप से मेहनती भी हैं। इससे पहले दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचे नितिन नवीन का स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने यहां भाजपा के नए



राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नवीन का स्वागत किया। वहीं नितिन नवीन को बधाई देने और उनका स्वागत करने वाले बीजेपी ऑफिस में बैनर लगाए गए। सोमवार को दिल्ली रवाना होने से पहले पटना में एएनआई से बात करते हुए नितिन नबीन ने बिहार और अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के समर्थन और आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बांकीपुर के लोगों ने उनकी तरक्की में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र के लोगों ने मुझे आशीर्वाद दिया है। उनके आशीर्वाद से ही यह सब हो रहा है। श्री नवीन ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन और समर्थन से अपनी जिम्मेदारी को आगे बढ़ाएंगे। बता दें कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नवीन ने सोमवार को दिन की शुरुआत भगवान हनुमान की पूजा कर की। सुबह 7:00 ही वह महावीर मंदिर पहुंचे वहां पर पूजा अर्चना की यहां पर उन्होंने न्यास बोर्ड के पूर्व सचिव और दिवंगत कुणाल किशोर को श्रद्धांजलि दी इसके बाद सीधे राजवंशी नगर स्थित नवीन किशोर सिन्हा स्मृति पार्क पहुंचे। यहां पर उनके साथ बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और विधायक संजीव चौरसिया समेत कई भाजपा के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। नितिन नवीन ने अपने पिता को नमन किया उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि मुझे प्रधानमंत्री का आशीर्वाद प्राप्त है और मैं उनके द्वारा दिए गए मार्गदर्शन और नेतृत्व को आगे बढ़ाऊंगा। उन्होंने आगे कहा कि इतनी बड़ी जिम्मेवारी मुझे सौंपी जाएगी, मैंने सपने में भी नहीं सोचा था। यह केवल भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है। यहां किसी साधारण कार्यकर्ता को भी कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेवारी दी जा सकती है। नितिन नवीन ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने जो विश्वास जताया है, उसे पर खड़ा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा। बूथ से राष्ट्रीय स्तर तक संगठन को मजबूत कर आगामी चुनाव में जीत सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर हर राज्य में पार्टी को मजबूत करना लक्ष्य है। भाजपा हमेशा सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र पर काम करती है।

## संक्षिप्त समाचार

### विनोद नारायण झा होंगे विस में मुख्य सचेतक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पूर्व मंत्री विनोद नरायण झा विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक बनाये जाएंगे। भाजपा की ओर से विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार को इसकी सूची भेज दी गई है। वहीं कृष्ण कुमार ऋषि, कुमार शैलेंद्र, गायत्री देवी और रत्नेश कुमार को सचेतक बनाने की अनुशंसा पार्टी की ओर से की गई है। वहीं लोजपा के राजू तिवारी सचेतक होंगे। विधानसभा की ओर से शीघ्र ही इसकी अधिसूचना जारी होने की उम्मीद है। मालूम हो कि विनोद नारायण झा भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं। वहीं राजेंद्र गुप्ता को विधान परिषद में भाजपा का उपनेता तथा जनक राम को मुख्य सचेतक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसकी सूची विधान परिषद के सभापति को भेजी गई है।

### तालाब में डूबने से भाई-बहन की मौत

**बांका (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कोरिया पंचायत के लठाने गांव में सोमवार को तालाब में डूबने से भाई-बहन की मौत हो गई। मृतकों की पहचान 8 साल के पीयूष कुमार और उसकी 10 साल की बहन किरण कुमारी के रूप में हुई है। पीयूष तीसरी कक्षा का छात्र था, जबकि किरण पांचवीं कक्षा में पढ़ती थी। इस घटना से परिजनों और पूरे गांव में शोक का माहौल है। घटना की सूचना मिलने पर चांदन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बांका भेज दिया है।

### मधेपुरा में फर्जी निगरानी अधिकारी गिरफ्तार

**मधेपुरा (नबिटा ब्यूरो)।** मधेपुरा पुलिस ने निगरानी विभाग का फर्जी पुलिस पदाधिकारी बनकर अवैध वसूली करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद को निगरानी का अधिकारी बताकर सड़क पर आने-जाने वाले वाहनों को रोकता था और लोगों को भय दिखाकर अवैध वसूली करता था। सदर थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति स्वयं को निगरानी विभाग का पुलिस पदाधिकारी बताकर वाहनों को रोक रहा है और अवैध वसूली कर रहा है। सूचना के आलोक में सदर थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और उसे गिरफ्तार कर लिया।


### अपराधियों ने प्रॉपर्टी डीलर को मारी गोली

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बेखौफ अपराधियों ने प्रॉपर्टी डीलर की गोली मार दी। आनन-फानन में लोगों ने उन्हें इलाज के लिए पटना के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना गौरीचक थाना क्षेत्र के फतेहपुर की है। घटना की जानकारी देते हुए पटना के सदर डीएसपी -2 रंजन कुमार ने बताया कि घायल व्यक्ति विनोद कुमार अपनी जमीन पर गए थे। इसी क्रम में अपराधियों द्वारा उन पर गोली चलाई गई। एक गोली उनके पेट में लगी है। फिलहाल उनका इलाज पटना के एक निजी नर्सिंग होम में चल रहा है।

# सीएम नीतीश कुमार ने 1283 आयुष चिकित्सकों को दिए नियुक्ति पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को 1283 नवनियुक्त आयुष चिकित्सकों (आयुर्वेदिक, होमियोपैथिक एवं यूनानी) के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद में आयोजित समारोह में सांकेतिक रूप से मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त 10 आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इन नवनियुक्त 1283 आयुष चिकित्सकों में 685 आयुर्वेदिक, 393 होमियोपैथिक एवं 205 यूनानी चिकित्सक शामिल हैं। ज्ञातव्य है कि स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु 1283 आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है। चयन प्रक्रिया के क्रम में अभ्यर्थियों द्वारा दिये गये इच्छित जिलों के अनुरूप मेधा सूची एवं रिक्ति उपलब्धता के आधार पर राज्य के सभी 38 जिलों के विभिन्न स्तर



के स्वास्थ्य संस्थानों में इनका पदस्थापन किया गया है। इन सभी नवनियुक्त 1283 आयुष चिकित्सकों को 'राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत संचालित 'चलंत चिकित्सा दल एवं आयुष चिकित्सा सेवा अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में ओपीडी संचालन एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित अन्य कार्यक्रमों में सहभागिता हेतु विभिन्न चिन्हित स्वास्थ्य संस्थानों में पदस्थापित किया जा रहा है। इससे विद्यालयों में बच्चों की स्वास्थ्य जांच एवं स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब करायी जा सकेगी। इन नवचयनित आयुष चिकित्सकों के संबंधित स्वास्थ्य संस्थानों में पदस्थापन के पश्चात् स्कूली बच्चों की ससमय स्वास्थ्य जांच कर बीमारी की पहचान एवं उपचार करने में काफी सुविधा होगी। इससे स्वास्थ्य व्यवस्था और ज्यादा बेहतर होगी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डा. चन्द्रशेखर सिंह, डा. नीलेश रामचन्द्र देवरे, राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक अमित कुमार पाण्डेय, स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव हिमांशु शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# पिता ने तीन पुत्रियों के साथ की आत्महत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** जिले के सकरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मिश्रौलिया गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। थाना क्षेत्र के गोपी कार बाजार के समीप एक घर से एक ही परिवार के चार सदस्यों के शव एक साथ मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतकों में पिता और उसकी तीन नाबालिग बेटियां शामिल हैं। सभी के शव घर के भीतर फंदे से लटके पाए गए। मृतक की पहचान अमरनाथ राम (36 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं, उनकी बेटियां अनुराधा कुमारी (12 वर्ष), शिवानी कुमारी (11 वर्ष) और राधिका कुमारी (8 वर्ष) भी इस दर्दनाक घटना का शिकार हुई हैं। घटना की सूचना मिलते ही सकरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार, अमरनाथ राम लंबे समय से कर्ज और आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। आशंका जताई जा रही है कि इसी दबाव में आकर उन्होंने यह खौफनाक कदम उठाया। हालांकि पुलिस आत्महत्या के कारणों की गहराई से जांच कर रही है और हर पहलू पर पड़ताल जारी है। इस घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों और ग्रामीणों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। वहीं, स्थानीय पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। प्रशासन ने भी घटना को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और जांच पूरी होने के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और अन्य पहलुओं की जांच जारी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रविवार रात अमरनाथ राम ने अपने सभी 5 बच्चों संग फांसी लगाने की कोशिश की। हालांकि दो बेटे किसी तरह बच कर घर से बाहर निकल आए और दोनों ने शोर मचाया, जिससे गांव के लोग मौके पर जमा हो गए और उनकी जान बच गई। इसके बाद देर रात को ही पुलिस को इस संबंध में जानकारी दी गई।

# सरकारी पत्र में गलतियों की भरमार पर औरंगाबाद बीइओ का वेतन रूका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जारी एक सरकारी पत्र में भारी संख्या में वर्तनी और व्याकरण संबंधी गलतियां सामने आई हैं। यह पत्र सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिससे न केवल शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं बल्कि विभाग की छवि को भी नुकसान पहुंच रहा है। दरअसल औरंगाबाद में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के पद पर कार्यरत कृष्णकांत पंडित द्वारा 12 दिसंबर को एक पन्ने का 10 सूत्री कार्यालय आदेश जारी किया गया था। यह आदेश उनके क्षेत्राधिकार में आने वाले सरकारी विद्यालयों के संचालन से संबंधित था। इसी पत्र में एक दर्जन से अधिक वर्तनी और व्याकरण की गलतियां पाई गई हैं। हालांकि वायरल हो रही चिट्ठी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है लेकिन गलतियों से भरे इस पत्र को शिक्षक, छात्र और आम लोग सोशल मीडिया पर साझा कर शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर तंज कस रहे हैं। चूंकि पत्र पर बीईओ के हस्ताक्षर हैं, इसलिए पूरी जिम्मेदारी उन्हीं पर डाली जा रही है। इस पत्र को पढ़कर लोग तरह-तरह की टिप्पणियां कर रहे हैं और विभाग की किरकिरी हो रही है। इस संबंध में औरंगाबाद के जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि वायरल चिट्ठी उनके संज्ञान में आई है। उन्होंने स्वीकार किया कि पत्र में वर्तनी और व्याकरण संबंधी गलतियां हैं, जो नहीं होनी चाहिए थीं। इसे गंभीरता से लेते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से शोकॉज किया गया है और अगले आदेश तक उनका वेतन भुगतान भी रोक दिया गया है।

# संजय सरावगी बने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार बीजेपी को नया अध्यक्ष मिल गया है। केंद्रीय नेतृत्व ने बिहार बीजेपी की कमान संजय सरावगी को सौंपी है। संजय सरावगी दरभंगा शहरी सीट से विधायक हैं। बता दें कि 28 अगस्त 1969 को जन्म लेने वाले सरावगी छात्र जीवन से अखिल भारतीय विधार्थी परिषद से जुड़े रहे। भाजपा की सदस्यता उन्होंने 1995 में ली। इसके बाद उन्हें युवा मोर्चा में जवाबदेही मिली। बता दें कि संजय सरावगी ने पहली बार दरभंगा नगर निगम के वार्ड छह से चुनाव लड़ा था और वह चुनाव जीत गए थे। इसके बाद धीरे-धीरे पार्टी में उनका कद बढ़ता चला गया। पार्टी ने उन्हें 2005 के मार्च में विधानसभा चुनाव में दरभंगा शहरी सीट से चुनाव लड़ाया। अपने पहले ही विधानसभा चुनाव में संजय सरावगी ने जीत हासिल की। खास बात यह है कि तब से लेकर अभी तक वह दरभंगा नगर से विधायक हैं।



संजय सरावगी ने नवंबर 2010, 2015, 2020 और 2025 में लगातार जीत हासिल की। 2025 के विधानसभा चुनाव में संजय सरावगी ने उमेश सहनी को बड़े अंतर से हराया। संजय सरावगी वैश्य समाज से आते हैं। इससे पहले वह सरकार में मंत्री भी हुआ करते थे। चूंकि इस बार के मंत्रिमडल में मिथिला के विधायकों को ज्यादा मंत्री नहीं बनाया गया था। इसके बाद से चर्चा थी कि मिथिला क्षेत्र के किसी नेता को पार्टी अध्यक्ष बना सकती है। आखिरकार उसपर मुहर लग गई है। वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल वैश्य समाज से आते थे। पार्टी ने वैश्य समुदाय के नेता को ही अध्यक्ष पद की कमान सौंपी है। संजय सरावगी को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर दरभंगा में उत्साह और जश्न का माहौल बन गया। नाम की घोषणा होते ही संजय सरावगी सीधे अपने घर या पार्टी कार्यालय जाने की बजाय मिथिलांचल के प्रसिद्ध श्यामा माई मंदिर पहुंचे और मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद लिया। इस जानकारी को उन्होंने खुद अपने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से साझा किया है। बताया गया कि दरभंगा का श्यामा माई मंदिर दरभंगा महाराज रामेश्वर सिंह की चिता पर बना है। इस मंदिर परिसर में दरभंगा राज परिवार के कई लोगों की चिता पर कई मंदिर बनाए गए हैं। 1988 में आए प्रचंड भूकंप में इस मंदिर को कोई नुकसान नहीं हुआ था। भूकंप के बाद यहां प्रत्येक वर्ष नौ दिनों तक विशाल नवाहन यज्ञ का आयोजन होता है, जिसमें विधायक संजय सरावगी का योगदान महत्वपूर्ण रहा है।

### सीएम नीतीश ने दी बधाई

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संजय सरावगी को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। उन्होंने कहा कि श्री सरावगी हमारे साथ मंत्रिमंडल में सहयोगी के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। वे पांचवीं बार विधायक निर्वाचित हुये हैं। उनकी इस नई जिम्मेदारी के लिये शुभकामना है।

# नीतीश के सुशासन में बदली बिहार की तस्वीर : सम्राट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**शेरघाटी(गया)।** जिले के शेरघाटी विधानसभा क्षेत्र में बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने निजी मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल का उद्घाटन किया। मंच से उन्होंने आंकड़ों के जरिए पुरानी सरकारों पर निशाना साधा और नीतीश सरकार के कामकाज को जनता के सामने रखा। डिप्टी सीएम ने साफ कहा कि 1925 से 1989 तक प्रदेश में जितने मेडिकल कॉलेज खुले, उसकी गिनती सबको पता है। लेकिन 1989 के बाद 2008 तक एक भी नया मेडिकल कॉलेज नहीं खुल सका। यह उस दौर की सच्चाई है, जब बिहार की सेहत व्यवस्था ठहराव में थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन में तस्वीर बदली है। सरकारी और निजी, दोनों सेक्टर में मेडिकल कॉलेज लगातार खुल रहे हैं। अगले तीन वर्षों में प्रदेश में 8 से अधिक नए मेडिकल कॉलेज होंगे। नीतीश सरकार में सड़कें सिर्फ बनी नहीं, विकास की रीढ़ बनी हैं। गांव से शहर तक कनेक्टिविटी सुधरी है। अगले पांच वर्षों में सरकार ऐसा काम करेगी कि बिहार का युवा रोजगार के लिए बाहर जाने को मजबूर




नहीं होगा। गृह विभाग की जिम्मेदारी का जिक्र करते हुए डिप्टी सीएम ने सख्त तेवर दिखाए। कहा कि माफिया और अपराधियों के लिए अब बिहार में कोई जगह नहीं है। सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों पर 24 घंटे के भीतर कार्रवाई होगी। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी कड़ा संदेश दिया। कहा कि छेड़छाड़ करने वालों की जगह जेल है। वहीं, बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने भी मंच से ऐलान किया कि आने वाले तीन साल में तीन सरकारी और पांच निजी मेडिकल कॉलेज शुरू होंगे। इससे बिहार की बड़ी आबादी को बेहतर इलाज मिलेगा। इस अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार, स्वास्थय मंत्री मंगल पांडेय, लघु सिंचाई मंत्री संतोष कुमार सुमन आदि उपस्थित थे।

# सीतामढ़ी में मां जानकी मंदिर के निर्माण का वर्क ऑर्डर जारी, 942 करोड़ होंगे खर्च

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सीतामढ़ी में मां जानकी पुनौराधाम मंदिर के निर्माण के लिए कार्य शुरू करने का आदेश जारी कर दिया गया। पर्यटन विभाग द्वारा मंदिर परिसर निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद चयनित निविदादाता अहलूवालिया कॉन्ट्रैक्ट्स को सोमवार को कार्यादेश जारी कर दिया गया। इस योजना के मुख्य अवयवों में मंदिर की वर्तमान संरचना का उन्न्यन कार्य, अन्य पर्यटकीय विकास संबंधित कार्य एवं भवन निर्माण आदि कार्य पूरा होगा। इसके क्रियान्वयन के बाद 10 वर्षों के लिए संचालन एवं प्रबंधन से संबंधित कार्य भी किए जाएंगे। परियोजना पर कुल 942.383 करोड़ रुपये खर्च होगा। निविदादाता के लिए कार्य समाप्ति की संभावित तिथि 42 माह तय की गई है। वृहद परियोजना के तहत मुख्य मंदिर के चारों ओर परिक्रमा पथ, परकोटा, अनुष्ठान मंडप का निर्माण एवं मां जानकी कुण्ड के सौन्दर्यीकरण का कार्य होगा। पर्यटकों के लिए म्यूजियम और आडिटोरियम की भी सुविधा उपलब्ध होगी। मंदिर के लिए राज्य सरकार द्वारा 50 एकड़ भूमि अधिग्रहण हेतु 165.57 करोड़ की राशि की स्वीकृति भी दी गई है। पुनौराधाम मंदिर में 17 एकड़ भूमि पूर्व से उपलब्ध है। इस परिसर में बनने वाले मुख्य मंदिर की ऊंचाई 151 फीट की होगी।

C M Y K

# चौदह लाख रुपए की रिश्वत लेने के जुर्म में पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना की एक विशेष अदालत ने चौदह लाख रूपयों की रिश्वत लेने के जुर्म आज पथ निर्माण विभाग के एक कार्यपालक अभियंता समेत दो लोगों को चार वर्षों तक के सश्रम कारावास की सजा के साथ पांच लाख रूपए तक का जुर्माना भी किया। निगरानी के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद रुस्तम ने मामले में सुनवाई के बाद पथ निर्माण विभाग में पटना पश्चिम प्रमंडल के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता सुरेश कुमार सिंह और रोकड़िया शशि भूषण कुमार को भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की विभिन्न धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी कार्यपालक अभियंता को चार वर्षों के सश्रम कारावास की सजा के साथ पांच लाख रुपए का जुर्माना किया है जबकि दोषी रोकड़िया को चार वर्षो के सश्रम कारावास की सजा के साथ तीन लाख रुपए का जुर्माना किया है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोनों दोषियों को एक-एक माह के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। मामले के विशेष लोक अभियोजक प्रभारी निगरानी ट्रैप केसेस किशोर कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2019 में एक कंपनी को पटना में सड़क के निर्माण का 40 करोड़ रुपए का ठेका मिला। दोषी कार्यपालक अभियंता एक प्रतिशत के हिसाब से 40 लाख रुपए की रिश्वत की मांग कर रहे थे और एग्रीमेंट करने में टाल-मटोल कर रहे थे। वरीय अधिकारियों को शिकायत करने पर एग्रीमेंट तैयार हुआ। बाद में सात किलोमीटर सड़क का निर्माण करने के बाद शिकायतकर्ता ने सिक्योर्ड एडवांस की मांग की, तब दोषी कार्यपालक अभियंता ने 40 लाख रूपयों के रिश्वत की मांग की। बाद में 32 लाख रुपए की मांग करने लगे। उन्होंने आगे बताया कि शिकायतकर्ता रिश्वत नहीं देना चाहता थे इसलिए उसने निगरानी में शिकायत की। आरोपों के सत्यापन के बाद 8 जून 2019 को निगरानी के अधिकारियों ने दोषी कार्यपालक अभियंता के पटेल नगर स्थित आवास पर दोनों दोषियों को 14 लाख रूपयों की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था । दोषी कार्यपालक अभियंता के आवास की तलाशी में दो करोड़ 36 लाख 23 हजार रुपए नगद बरामद हुए थे। इसके अलावा लाखों रूपयों के निवेश और जमा राशि के भी कागजात बरामद हुए थे जिसके लिए दोषी कार्यपालक अभियंता के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का एक अलग मुकदमा किया गया था। अभियोजन ने आरोप साबित करने के लिए इस मामले में तेरह गवाहों का बयान कलम बंद करवाया था ।

# लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर राजकीय समारोह का आयोजन पटेल चौक, चितकोहरा पुल के निकट सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रतिमा प्रांगण में किया गया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्व. सरदार वल्लभ भाई पटेल की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पथ निर्माण सह नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन, उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय कुमार सिंह, विधायक श्याम रजक, विधायक अरुण मांझी, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव अरविंद कुमार सहित अन्य सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने स्व. सरदार वल्लभ भाई पटेल की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन, कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये और उनके व्यक्तित्व, कृतित्व तथा राष्ट्र निर्माण में उनके द्वारा दी गई त्याग, बलिदान को याद करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

# मुख्य सचिव के समक्ष बी.डी. कॉलेज के छात्रों का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण

## नरेंद्रपुर परिवर्तन शिविर में एनएसएस टीम की सशक्त सहभागिता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना के छात्रों ने सोमवार को बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के समक्ष अपने नवाचारपूर्ण कार्यों, सामाजिक पहलों और सामुदायिक गतिविधियों पर आधारित एक सशक्त प्रस्तुतीकरण दिया। इस अवसर पर छात्रों ने प्रशासनिक व्यवस्था, ग्रामीण विकास और युवा सहभागिता से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार साझा किए और संवाद किया। मुख्य सचिव ने छात्रों की विषयवस्तु की समझ, प्रस्तुति शैली और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। इसी क्रम में बी.डी. कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की टीम, जो सिवान जिले के नरेंद्रपुर में परिवर्तन संस्था द्वारा आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा शिविर में भाग ले रही है, ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया। शिविर के दौरान छात्रों ने नाटक, लोकगीत, स्वच्छता जागरूकता अभियान, महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक संवाद जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण समुदाय को जागरूक किया और सामाजिक संदेश को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कॉलेज की प्राचार्या रत्ना अमृत ने दोनों उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि छात्रों ने मुख्य सचिव के समक्ष प्रस्तुतीकरण हो या परिवर्तन शिविर में सहभागिता–हर मंच पर अपनी प्रतिभा, संवेदनशीलता और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है। उन्होंने इसे बी.डी. कॉलेज के लिए गर्व का क्षण बताया और छात्रों को समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निरंतर निभाते हुए सीखने की इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। परिवर्तन संस्था के प्रतिनिधियों ने भी राष्ट्रीय सेवा योजना टीम के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि छात्रों ने शिविर की मूल भावना को सार्थक रूप से आगे बढ़ाया है और ग्रामीण समुदाय के बीच सकारात्मक प्रभाव छोड़ा है।

# नितिन नवीन और संजय सरावगी को नई जिम्मेदारी मिलने पर वीरेन्द्र कुमार सिंह ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक ढांचे में हुए अहम बदलाव के तहत वरिष्ठ नेता नितिन नवीन को पार्टी का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा संजय सरावगी को बिहार प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर जनता दल यूनाइटेड के पूर्व सांसद और विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने दोनों नेताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। वीरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि नितिन नवीन को कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपा जाना उनके लंबे राजनीतिक अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और कार्यकर्ताओं से मजबूत जुड़ाव का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास जताया कि नितिन नवीन अपने नेतृत्व में पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूती प्रदान करेंगे तथा संगठन को नई दिशा और ऊर्जा देंगे। संजय सरावगी को बिहार प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर भी वीरेन्द्र कुमार सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि संजय सरावगी बिहार की राजनीति में एक अनुभवी और जमीनी नेता के रूप में पहचाने जाते हैं और उनके नेतृत्व में पार्टी का संगठनात्मक ढांचा और अधिक सुदृढ़ होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि संजय सरावगी प्रदेश में संगठन और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। वीरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में मजबूत राजनीतिक दल और सशक्त नेतृत्व देश और राज्य के विकास के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने दोनों नेताओं के सफल कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व से राजनीतिक कार्यकर्ताओं को नई प्रेरणा मिलेगी और जनसेवा के कार्यों को और गति प्राप्त होगी।

# पटना पुस्तक मेला में हार्टफुलनेस इंस्टिट्यूट द्वारा 'द हार्टफुलनेस वे 2' का विमोचन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित पटना पुस्तक मेला के दौरान हार्टफुलनेस इंस्टिट्यूट की ओर से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पुस्तक 'द हार्टफुलनेस वे 2' का सफलतापूर्वक विमोचन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पाठक, साधक और साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे। पुस्तक का संयुक्त रूप से विमोचन अनिल झा और अविनाश सिंह ने किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में अनिल झा ने कहा कि 'द हार्टफुलनेस वे 2' केवल एक आध्यात्मिक ग्रंथ नहीं है, बल्कि यह जीवन को सरलता, संतुलन और जागरूकता के साथ जीने की एक व्यावहारिक मार्गदर्शिका है। वहीं अविनाश सिंह ने पुस्तक को आत्मिक शांति, भावनात्मक परिष्कार और मानवीय मूल्यों के विकास के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम के दौरान हार्टफुलनेस इंस्टिट्यूट के प्रतिनिधियों ने जानकारी दी कि हार्टफुलनेस ध्यान पद्धति निःशुल्क उपलब्ध है और इसका उद्देश्य व्यक्ति को भीतर से शांत, संतुलित और करुणामय बनाना है। उन्होंने कहा कि आज की तनावपूर्ण और तीव्र जीवन-शैली में हृदय-केंद्रित ध्यान की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। कार्यक्रम का समापन शांति, आत्मचिंतन और हृदय से जुड़ाव के संदेश के साथ हुआ। इस अवसर पर मनीष गोयल, मुकेश जैन, आशीष शंकर, पवन भगत, नितिन, अमित आज़ाद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# एचडीएफसी बैंक ने साइबर फ्रॉड जागरूकता वर्कशॉप आयोजित की



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एचडीएफसी बैंक ने डिजिटल बैंकिंग जागरूकता अभियान के तहत पूरे भारत में साइबर फ्रॉड जागरूकता वर्कशॉप की एक श्रृंखला आयोजित की। बैंक ने अप्रैल 2025 से इस श्रृंखला के तहत 4000 से ज्यादा वर्कशॉप आयोजित की जिनमें 27000 से ज्यादा नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग तरीकों के बारे में जागरूक किया गया। इन वर्कशॉप का मकसद स्कूल और कॉलेज के छात्रों, वरिष्ठ नागरिकों, सेल्फ-हेल्प ग्रुप, ग्राहकों और कर्मचारियों को शिक्षित करना था। इन इंटरैक्टिव सेशन के जरिए, प्रतिभागियों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग तरीकों के बारे में जरूरी जानकारी मिली ताकि वे साइबर फ्रॉड का शिकार न हों।

# बागवानी बनेगी रोजगार, आत्मनिर्भरता और समृद्धि की नई धुरी : राम कृपाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसान-कल्याण एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकसित बिहार के दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य में कृषि को आय-आधारित, रोजगारोन्मुख एवं टिकाऊ स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में चतुर्थ कृषि रोड मैप के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा 'गांव की बागवानी, हमारे गौरव की कहानी' पहल को प्रभावी रूप से धरातल पर उतारा जा रहा है। कृषि मंत्री ने बताया कि उद्यानिक फसलों की संगठित एवं व्यवसायिक खेती को बढ़ावा देने तथा किसानों की आय में सतत वृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ''क्लस्टर में बागवानी की योजना'' का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत कुल 4 करोड़ 58 लाख 50 हजार रुपये की लागत से बागवानी को एक ग्रामीण उद्यम के रूप में विकसित किया जा रहा है जिससे रोजगार सृजन, आत्मनिर्भरता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए योजना का लक्ष्य 100 एकड़ निर्धारित किया गया है, ताकि गुणवत्ता और परिणामों पर विशेष फोकस किया जा सके। मंत्री कहा कि विभाग को यह सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है कि योजना का क्रियान्वयन गुणवत्ता-आधारित, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुख हो जिससे संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग हो सके और किसानों को दीर्घकालिक आर्थिक लाभ प्राप्त हो। उन्होंने यह भी कहा कि योजना के अंतर्गत केवल वही क्लस्टर भुगतान के लिए मान्य होंगे जिनका कुल रकबा 25 एकड़ या उससे अधिक होगा तथा जिनमें पौधों की न्यूनतम 75 प्रतिशत उत्तरजीविता सुनिश्चित होगी। इससे योजना में गुणवत्ता, टिकाऊपन और पारदर्शिता को मजबूती मिलेगी। मंत्री ने कहा कि ''क्लस्टर में बागवानी की योजना'' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कृषि-आधारित विकास मॉडल को जमीन पर उतारने का सशक्त माध्यम है। यह योजना ग्रामीण बिहार में रोजगार, समृद्धि और सम्मान का नया अध्याय लिखेगी तथा ''गांव की बागवानी, हमारे गौरव की कहानी'' को वास्तविक अर्थों में साकार करेगी।

# ओजेम्पिक दवा अब भारत में उपलब्ध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** वैश्विक स्वास्थ्य सेवा कंपनी नोवो नोर्डिस्क ने भारत में ओजेम्पिक (इंजेक्शन के रूप में दिया जाने वाला सेमाग्लूटाइड) लॉन्च करने की घोषणा की है। यह टाइप 2 डायबिटीज मेलिटस से पीड़ित वयस्कों के लिए है, जिनका डायबिटीज केवल आहार और व्यायाम से नियंत्रित नहीं हो पा रहा है। इसे सप्ताह में एक बार दिया जाता है। यह जीएलपी-1 आरए यानी ग्लूकागन-लाइक पेप्टाइड-1 रिसेप्टर एगोनिस्ट वर्ग की दवा है। इसे टाइप 2 डायबिटीज के प्रबंधन की मुख्य बुनियाद माने जाने वाले संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के साथ-साथ एक सहायक उपचार के तौर पर दिया जाता है। नोवो नोर्डिस्क इंडिया के प्रबंध निदेशक विक्रांत श्रोत्रिया ने कहा कि भारत में ओजेम्पिक लाना एक प्रमुख पड़ाव है। ओजेम्पिक के प्रति विश्व-स्तर पर विश्वास, प्रमाणित क्लिनिकल उत्कृष्टता और विश्व-स्तरीय गुणवत्ता के साथ-साथ एक मजबूत आपूर्ति श्रृंखला, ओजेम्पिक भारतीय डॉक्टरों के लिए एक प्रभावी उपचार विकल्प प्रदान करता है। हमारा लक्ष्य लोगों को एक असरदार और सरल थेरेपी प्रदान करना है जो बेहतर ग्लाइसेमिक नियंत्रण, वजन प्रबंधन और हृदय और किडनी की दीर्घकालिक सुरक्षा प्रदान करती है। इसे सुविधाजनक पेन डिवाइस के माध्यम से सप्ताह में एक बार दिया जाता है। इस दवा के उत्कृष्ट स्वास्थ्य परिणाम नोवो नोर्डिस्क की सालों से चली आ रही प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

# बेटियां तीन पीढ़ियों को कर सकती हैं संरक्षित : केपीएस केसरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गोरौल।** वर्तमान समय में बेटियां शिक्षा, खेल, उद्योग, समाजसेवा से लेकर अंतरिक्ष तक हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। बेटियों की भूमिका केवल परिवार तक सीमित नहीं है, बल्कि वे समाज और आने वाली पीढ़ियों को भी सशक्त बनाने का कार्य कर रही हैं। ये बातें बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (बीआइए) के पूर्व अध्यक्ष केपीएस केसरी ने कहीं। वह मां प्रेमा फाउंडेशन की ओर से गोरौल प्रखंड के पीरापुर मथुरा गांव में संचालित सीता नंदलाल ज्ञानशाला में बच्चों के बीच ठंड के कपड़ों के वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक शिक्षित और सशक्त बेटी न केवल अपने परिवार बल्कि तीन पीढ़ियों को संरक्षित और समृद्ध कर सकती है। कार्यक्रम में कोल इंडिया के सहयोग से संचालित इस ज्ञानशाला के बच्चों के बीच जरूरतमंदों को ठंड के कपड़े वितरित किए गए। इस सामाजिक कार्य में बीआइए के पूर्व अध्यक्ष केपीएस केसरी के साथ उद्यमी नवीन कुमार यादव एवं उद्योगपति रमेश गुप्ता ने भी सक्रिय सहयोग दिया। इस दौरान 60 छात्राओं में गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज से बेटियों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में संस्थापक एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रेमा कुमारी, फाउंडेशन की सीईओ ज्योति, शिक्षिका प्रियंका कुमारी, आरकेडी कालेज कंकड़बाग के सहायक प्राध्यापक डा. अविनाश रंजन, रितु कुमारी आदि भी थीं।

# बंगाली अखाड़ा, बारी पथ में आरोग्य वेलनेस सेन्टर का उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बंगाली अखाड़ा, बारी पथ में आरोग्य वेलनेस सेन्टर का भव्य उद्घाटन हुआ। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधन से पूजा अर्चना की गई। इसके बाद विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य, समाजसेवी एवं लंगरटोली स्थित दूबे क्लिनिक के निदेशक डॉ. सुनील कुमार दूबे ने फीता काटकर सेन्टर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डॉ. दूबे ने अपने संबोधन में कहा कि इस सेन्टर के निदेशक डॉ. साजन दूबे हैं जिन्होंने मुम्बई से एम.बी.बी.एस. की पढ़ाई की है। इसके अतिरिक्त उन्होंने सेक्सुअल मेडिसिन में सिंगापुर से फेलोशिप भी प्राप्त की है।

# रेलवे भर्ती बोर्ड मुजफ्फरपुर की परीक्षा में फर्जी परीक्षार्थी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** रेलवे भर्ती बोर्ड मुजफ्फरपुर के अधिकार क्षेत्र में रेलवे की लेवल-एक पदों की भर्ती के लिए सीईएन संख्या 08/2024 के तहत कंप्यूटर आधारित परीक्षा 27 नवंबर 2025 से देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। मुजफ्फरपुर शहर में यह परीक्षा तीन केंद्रों पर संचालित की जा रही है। परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने के लिए रेलवे अधिकारियों, रेलवे सुरक्षा बल तथा जिला प्रशासन की स्थानीय पुलिस को सभी परीक्षा केंद्रों पर तैनात किया गया है। इसी क्रम में 14 दिसंबर 2025 को दूसरी पाली में आईओएन डिजिटल जोन, आईडीजेड कांटी, मुजफ्फरपुर परीक्षा केंद्र पर एक फर्जी परीक्षार्थी को पकड़ा गया। परीक्षा देने आए उम्मीदवार राजा कुमार का आधार सत्यापन तो सही पाया गया, लेकिन बायोमेट्रिक पंजीकरण के दौरान आवेदन में लगी तस्वीर और लाइव तस्वीर के बीच फेस मिलान मात्र छह प्रतिशत पाया गया। इसके अलावा ई-कॉल लेटर पर किए गए हस्ताक्षर आवेदन पत्र के हस्ताक्षर से मेल नहीं खा रहे थे। यह जानकारी परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी के तकनीकी कर्मियों द्वारा रेलवे से तैनात केंद्र समन्वयक विश्वजीत, सहायक वाणिज्य प्रबंधक समस्तीपुर को दी गई। पूछताछ के दौरान परीक्षार्थी ने स्वीकार किया कि वह किसी अन्य उम्मीदवार की जगह परीक्षा देने आया था। उसने अपना वास्तविक नाम राजेश कुमार, पिता अविनाश राय, गांव एवं पोस्ट गनीपुर बेझा, थाना सकरा, जिला मुजफ्फरपुर बताया। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि राजा कुमार के बायोमेट्रिक डाटा में हेरफेर किया गया था, लेकिन इमेज मैचिंग प्रणाली की मजबूती और रेलवे अधिकारियों की सतर्कता के कारण फर्जीवाड़ा पकड़ में आ गया। आरोपी ने फोटो मिलान और बायोमेट्रिक डाटा बदलने की बात भी स्वीकार की।

# जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने ऑल-न्यू एमजी हेक्टर के लॉन्च की घोषणा की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने ऑल-न्यू एमजी हेक्टर के लॉन्च की घोषणा की। यह एसयूवी सेगमेंट में बोल्ड डिजाइन, बेजोड़ आराम, अग्रणी तकनीक और डायनामिक ड्राइविंग अनुभव के क्षेत्र में एक बड़ा कदम है। ऑल-न्यू हेक्टर में नया फ्रंट और रियर बंपर डिजाइन है। साथ ही बिल्कुल नया ग्रिल, नए अलॉय व्हील्स और दो नए रंग सेलेडॉन ब्लू और पर्ल व्हाइट शामिल हैं। इसके इंटीरियर्स में 5-सीटर वेरिएंट के लिए ड्यूल टोन आइस ग्रे थीम और 6 व 7-सीटर वेरिएंट्स के लिए ड्यूल टोन अर्बन टैन थीम दी गई है। यह केबिन को और अधिक प्रीमियम व आकर्षक बनाती है। ऑल-न्यू एमजी हेक्टर रेंज की शुरुआती कीमत 11.99 लाख रुपए (केवल सीमित इकाइयों के लिए) है। ऑल-न्यू एमजी हेक्टर में नया और हेक्स ग्रिल दिया गया है जो मजबूती और सटीकता का प्रतीक है। इसके साथ फ्रंट और रियर में नए औरा स्कल्प्ट बंपर्स हैं जो हर एंगल से एक मस्क्युलर और आत्मविश्वासी स्टांस देते हैं। औरा बोल्ट अलॉय व्हील्स को इस तरह डिजाइन किया गया है कि वे खड़े-खड़े भी ताकत और स्टाइल का एहसास कराएं।

# जैन धर्मावलंबियों ने मनाया भगवान चन्द्रप्रभु एवं पार्श्वनाथ का जन्म और तप कल्याणक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटना के मीठापुर, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर कदमकुआं, मुरादपुर दिगम्बर जैन चैतय्यालय, कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर, कालीबीबी कटरा एवं गुरारा जैन मंदिर सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान चन्द्रप्रभु और तेईसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का जन्म और तप कल्याणक दिवस पूरी भक्ति, श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया। इस पावन अवसर पर मंदिरों में सुबह से हीं श्रद्धालुगण इकट्ठे होने लगे। श्रद्धालुओं ने भगवान का अभिषेक किया फिर शांतिधारा की गई। फिर अर्घ्य चढ़ाने के बाद भगवान की आरती की गई। आरती के बाद उनका पूजन हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्ति, मंत्रोच्चार एवं आध्यात्मिक वातावरण से ओतप्रोत रहा। वक्ताओं ने भगवान चन्द्रप्रभु एवं भगवान पार्श्वनाथ के जीवन से प्रेरणा लेते हुए अहिंसा, सत्य, संयम और तप के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। मौके पर बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के मानद सचिव पराग जैन ने बताया कि पटना के जिरिया तमोलीन गली में स्थित 600 वर्ष पुराने दिगम्बर जैन मंदिर में भगवान चन्द्रप्रभु की मूल प्रतिमा स्तापित है। यहां भगवान का विशेष पूजन पाठ किया गया। मौके पर जैन संघ के मीडिया सचिव एम पी जैन ने बताया कि भगवान चंद्रप्रभु और पार्श्वनाथ दोनों का जन्म चंद्रपुरी में हुआ था और इसी दिन उन्होंने दीक्षा लेकर तपस्या शुरू की जिससे जैन समाज में यह महोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। मौके पर बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के मानद मंत्री पराग जैन ने कहा कि भगवान चंद्रप्रभु का जन्म चन्द्रपुरी, वाराणसी (वर्तमान उत्तर प्रदेश) में राजा महासेन और रानी लक्ष्मण देवी के यहां पौष कृष्ण एकादशी को हुआ था तथा इनका तप कल्याणक (दीक्षा) भी इसी तिथि को चंद्रपुर में हुआ था। तेईसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का जन्म वाराणसी (काशी नगर) में पौष कृष्ण एकादशी को हीं हुआ था।

# संजय सरावगी के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने से भाजपा को मिलेगी मजबूती : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता संजय सरावगी को प्रदेश अध्यक्ष का नया दायित्व मिलने पर कोटिशः बधाई व शुभकामनाएं दी है। श्री पाण्डेय ने कहा है कि श्री सरावगी दरभंगा विधानसभा सीट से लगातार 6 बार से विधायक हैं। साथ ही पूर्व में मंत्री भी रहे हैं। संजय सरावगी को प्रदेश की कमान मिलने से कार्यकर्ताओं के मनोबल को काफी बल मिला है। भाजपा जैसी पार्टी में ही यह सम्भव है कि किसी सामान्य नेता व कार्यकर्ता को भी बड़ी से बड़ी जिम्मेवारी पूरे भरोसे के साथ दी जाती है। श्री सरावगी भाजपा के पुराने और भरोसेमंद चेहरे हैं और कारोबारी वर्ग में गहरी पकड़ रखते हैं। मिथिलांचल की सियासत में उनका खासा प्रभाव माना जाता है।

# जनता दरबार में डीआईजी, एसपी ने सुनीं आम जनता की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** लोगों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य है। शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी डा. सत्यप्रकाश ने डिहरी नगर थाना में सोमवार देर शाम जिला पुलिस द्वारा आयोजित जनता दरबार में उक्त बातें कही। उन्होंने लोगों से मोबाइल का सकारात्मक उपयोग करने को कही। कहा आज हर व्यक्ति के पास मोबाइल और सोशल मीडिया है जिससे कोई भी सूचना बहुत तेजी से फैल सकती है। इसलिए सोशल मीडिया का नकारात्मक नहीं बल्कि सकारात्मक उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम की समस्या को लेकर प्रशासन, जनप्रतिनिधि और पुलिस मिलकर अध्ययन कर रहे हैं, ताकि जाम वाले स्थान चिन्हित कर समय विशेष पर वन-वे जैसी व्यवस्था लागू की जा सके। इस दिशा में काम शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर गलत के साथ-साथ अच्छी और प्रेरक बातें भी डाली जानी चाहिए। 'इंटरनेट फास्टिंग' जैसी सोच के माध्यम से संतुलित और जिम्मेदार उपयोग पर जोर दिया गया है। डी आईजी ने कहा कि स्कूलों, कॉलेजों, बच्चों और अभिभावकों तक नैतिक व सामाजिक जागरूकता पहुंचाने की आवश्यकता बताई गई है। ताकि समाज में सकारात्मक सोच, अनुशासन और जिम्मेदारी विकसित हो सके। जनता दरबार में दर्जनों की संख्या में फरियादी आए, जो अपनी-अपनी समस्या को रखा। लोगों ने बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए सड़कों व ग्रीन बेल्ट एनिकट को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की। एसपी रौशन कुमार के द्वारा सभी फरियादियों की बातों को सुना गया और उनकी समस्या का निवारण किया गया। कई ऐसी समस्या भी आए, जो न्यायालय में लंबित थे उन्हें न्यायालय में जाने को कहा गया। एसपी के कार्यक्रम को लेकर लोगों में लोग काफी उत्साहित दिखा। मौके पर एएसपी अतुलेश झा, थानाध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार, अंचल इंस्पेक्टर रवि कुमार, भाजपा नेता अजय कुमार सिंह, अरुण शर्मा, अख्तर अंसारी, वार्ड पार्षद आनंद चौधरी, कुंवर सिंह, संजय गुप्ता समेत भारी संख्या में आम जन मौजूद थे।

## डीएम ने दैनिक साक्षात्कार में सात आम नागरिकों से किया साक्षात्कार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह के द्वारा सोमवार को दैनिक साक्षात्कार के क्रम में कुल 7 आम नागरिकों से साक्षात्कार किया गया। उक्त साक्षात्कार के क्रम में आवेदक अशोक कुमार, कनीय अभियंता (लोक स्वा. प्रशाखा) चेनारी के द्वारा सेवानिवृत उपरांत सेवान्त लाभों पर विभाग द्वारा रोक लगाने के संबंध में आवेदन दिया गया जिसे अविलंब निष्पादन हेतु स्थापना उप समाहर्ता, सासाराम को अग्रसारित किया गया। आवेदक पंकज कुमार सिंह, विमलेश कुमार, धीरज कुमार यादव एवं अन्य के द्वारा बालू घाट संचालक द्वारा न्यायिक आदेश की अवहेलना एवं ग्रामीणों के रास्ते को बाधित करने हेतु आवेदन दिया गया जिसे निष्पादन हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, डिहरी एवं जिला खनन पदाधिकारी, रोहतास को अग्रसारित किया गया। इसी प्रकार आवेदक लोकेश रंजन, ग्राम-धारूपुर, बिक्रमगंज के द्वारा शस्त्र अनुज्ञप्ति से संबंधित समस्या के निराकरण हेतु आवेदन प्राप्त किया गया जिसे समाधान हेतु शस्त्र दंडाधिकारी, रोहतास को भेजा गया। इसी प्रकार शेष सभी आवेदन पत्रों को संबंधित कार्यालयों, संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र निष्पादन कराने हेतु निदेशित किया गया।

## रामगढ़ थाना परिसर में एसपी की अध्यक्षता में जनता दरबार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के रामगढ़ थाना परिसर में सोमवार को पुलिस अधीक्षक हरिमोहन शुक्ला की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसपी ने बताया कि यह जनता दरबार विशेष रूप से उन लोगों के लिए आयोजित किया गया है, जो किसी कारणवश भभुआ में आयोजित होने वाले जनता दरबार में उपस्थित नहीं हो पाते हैं। वरीय पदाधिकारियों के निर्देश के आलोक में थाना स्तर पर जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए यह पहल की गई है। एसपी हरिमोहन शुक्ला ने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य यह है कि आम लोगों की समस्याओं का समाधान उन्हीं के थाना परिसर में किया जाए, ताकि उन्हें अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े और समय पर न्याय मिल सके। जनता दरबार में सबसे अधिक मामले जमीन विवाद से संबंधित सामने आए जिनकी सुनवाई की गई। कार्यक्रम में अंचल के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे जिनके सहयोग से भूमि विवाद से जुड़े मामलों के समाधान की प्रक्रिया शुरू की गई। एसपी ने बताया कि कानून के दायरे में रहते हुए जितना संभव हो सके, उतनी समस्याओं का ऑन स्पॉट निष्पादन किया जा रहा है। उन्होंने आम जनता से अपील किया कि यदि किसी पदाधिकारी से संबंधित भी उनकी कोई समस्या हो, तो वे बिना डर के अपनी बात रखें। पुलिस प्रशासन हर नागरिक को निष्पक्ष और समयबद्ध न्याय दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## सोन नदी तट पर मंगल आरती व सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** सोन नदी तट स्थित एनीकट पर सोन नदी मंगल आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। दीपों की रोशनी, वैदिक मंत्रोच्चार और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से पूरा सोन तट भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो उठा। इस आयोजन की शुरुआत सामाजिक कार्यकर्ता पंकज कुमार गुप्ता की पहल पर हुई थी जो अब धीरे-धीरे एक व्यापक जनआंदोलन का रूप ले चुका है। पंकज कुमार गुप्ता ने बताया कि आरंभ में सीमित लोगों की भागीदारी थी, लेकिन सोशल मीडिया और समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी फैलने के बाद अब शहर के विभिन्न इलाकों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रत्येक रविवार सोन नदी आरती में शामिल हो रहे हैं। इससे न केवल धार्मिक आस्था मजबूत हुई है, बल्कि सामाजिक जुड़ाव और सांस्कृतिक चेतना भी बढ़ी है। आरती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि आरती से मन में भक्ति, श्रद्धा और आत्मिक शांति का संचार होता है। दीपों की लौ, मंत्रोच्चार और घंटियों की ध्वनि से सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है। सामूहिक आरती नदियों के प्रति सम्मान, स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देती है। कार्यक्रम में आचार्य पंडित चुनमुन मिश्रा एवं आचार्य सोनू कुमार मिश्रा द्वारा विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सोन नदी की मंगल आरती संपन्न कराई गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह, विधायक राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह, मुख्य पार्षद प्रत्याशी ज्योति कुमारी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। साथ ही सामाजिक कार्यकर्ताओं में प्रकाश गोस्वामी, सुनील कुशवाहा, विजय गुप्ता, राजन गुप्ता, अरविंद भारती, अमर सिंहा, रंजू सिंह, अमित गुप्ता, मुकेश चंदन गुप्ता, अमल चौधरी, अरुण गुप्ता, उमाशंकर पासवान, विजय पासवान, गोविंद गुप्ता, दीपू पासवान, अरुण पिंटू, डॉ. अर्चना गुप्ता, शकुंतला सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अदिति शर्मा, प्रियांशु कुमारी, करिश्मा शाह, पूजा यादव सहित अन्य कलाकारों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। सोन नदी आरती में लगातार बढ़ती जनभागीदारी यह दर्शाती है कि यह आयोजन अब केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता, सांस्कृतिक विरासत और पर्यावरण संरक्षण का सशक्त प्रतीक बन चुका है।

## मां तुतला भवानी का दर्शन करने पहुंचे डिहरी विधायक

### मां के दर्शन से जनसेवा मार्ग पर आगे बढ़ने की नई प्रेरणा मिली : सोनू सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के कैमूर पहाड़ी के गोद में स्थित मां तुतला भवानी धाम का रविवार को दर्शन व पूजा अर्चना करने डिहरी विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह के तुतला धाम परिसर में पहुंचते ही वहां के कमिटी के अध्यक्ष सहित कई लोगों ने उनका स्वागत किया। धाम परिसर में पहुंचते ही सबसे पहले विधायक सोनू सिंह ने मां तुतला भवानी के मंदिर में जाकर माथा टेका और पूजा अर्चना की। उन्होंने मां तुतला धाम परिसर की सुंदरता को देख बोला कि धाम की प्राकृतिक सुंदरता काफी मनमोहक है जो श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करता है। तुतला धाम कमिटी के अध्यक्ष गुरुचरण यादव ने मां तुतला भवानी का फोटोयुक्त मोमेंटो देकर विधायक सोनू सिंह को सम्मानित किया। पूजा अर्चना करने पहुंचे विधायक सोनू सिंह ने कहा कि मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ कि मैंने आस्था, शक्ति और विश्वास की प्रतीक मां तुतला भवानी के धाम में दर्शन एवं पूजन किया। उन्होंने कहा कि यह पवित्र स्थल हमारी सनातन संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और ऐतिहासिक विरासत का अनुपम प्रतीक है। यहां आकर मन को अद्भूत शांति, ऊर्जा और सकारात्मकता की अनुभूति होती है। मां की कृपा से जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने की नई प्रेरणा और संकल्प प्राप्त हुआ। मैंने मां से प्रार्थना की कि वे हमारे क्षेत्र की जनता को सदैव स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध रखे, युवाओं को सही दिशा दे, किसानों, श्रमिकों और माताओं-बहनों पर अपनी विशेष कृपा बनाये रखे। एक जनप्रतिनिधि के रूप में मेरा यह संकल्प और अधिक दृढ़ हुआ है कि मैं पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ जनता की सेवा करता रहूं और मां तुतला भवानी की कृपा से विकास, सुशासन और जनकल्याण के कार्यों को नई गति प्रदान करूं।

## देसी शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आरपीएफ डिहरी ऑन-सोन के सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार दास साथ सहायक उप निरीक्षक जे पी चतुर्वेदी, प्रधान आरक्षी आर सी यादव, प्रधान आरक्षी बी बी मिश्रा एवं आरक्षी सर्वोदय पासवान सभी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन-सोन में गश्त के दौरान प्लेटफार्म संख्या 5 पर खड़ी गाड़ी संख्या 53611 अप में लावारिस हालत में एक प्लास्टिक बोरा में कुछ वजनी सामान रखा हुआ दिखाई दिया जिसके पास जाकर उक्त बोरा को चेक करने पर 115 अदद छबीली मसालेदार देसी शराब, कुल 23 लीटर बरामद हुआ जिसका अनुमानित कीमत 5175/-रूपये है जिसे मौके की सभी आवश्यक कार्रवाई करते हुए लावारिस शराब को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई वास्ते राजकीय रेल थाना डिहरी ऑन सोन को सुपुर्द किया गया।

## पारा लीगल वालंटियर का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय परिसर में आज नारायण विधि संकाय एवं पैरवी के संयुक्त तत्वावधान में पारा लीगल वालंटियर के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विधि के विद्यार्थियों और समुदाय के लोगों को न्याय, किशोर न्याय एवं बाल संरक्षण से जुड़ी व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. कुमार आलोक प्रताप सिंह ने कहा कि यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है जहां विधि के छात्र और समुदाय के लोग एक-दूसरे के अनुभवों से सीख सकते हैं। ऐसे प्रशिक्षण न्याय तक आम लोगों की पहुंच को मजबूत करते हैं। नारायण विधि संकायाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार सरोज ने प्रतिभागियों को उत्साहित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान बालकों के संवैधानिक अधिकारों और बाल संरक्षण को विशेष प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में न्याय की स्थापना के लिए प्रशिक्षित पारा लीगल वालंटियर की भूमिका बेहद अहम है। पैरवी के प्रतिनिधि दीनबंधु वत्स ने बताया कि पिछले वर्ष भी इसी प्रकार का प्रशिक्षण आयोजित किया गया था और इस वर्ष इस टीम को दो और चरणों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। ताकि प्रतिभागियों की समझ और क्षमता को और सुदृढ़ किया जा सके। प्रशिक्षण में नारायण स्कूल ऑफ लॉ के विद्यार्थियों के साथ-साथ समुदाय के लोग भी शामिल हैं जिन्हें किशोर न्याय कानून और बाल संरक्षण प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण के लिए विख्यात बाल अधिकार कार्यकर्ता सुनील झा को रिसोर्स पर्सन के रूप में आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर मानवाधिकार कार्यकर्ता संतोष उपाध्याय की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता दिखाते हुए इसे समाज के लिए उपयोगी पहल बताया।

## आरएसके पब्लिक स्कूल बस्तीपुर में रामजग सिंह की 23वीं पुण्यतिथि पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** आरएसके पब्लिक स्कूल, बस्तीपुर में विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह के दादा जी स्वर्गीय रामजग सिंह की 23वीं पुण्यतिथि के अवसर पर भव्य शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दिल्ली से आए मुख्य अतिथि अमितेश्वर आनंद, आईआईटी दिल्ली से शिक्षित एवं एशियन एजुकेशनल डेवलपमेंट एंड रिसर्च फाउंडेशन के शिक्षा निदेशक द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि अमितेश्वर आनंद ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र निर्माण तभी संभव है जब युवा शक्ति को गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा से जोड़ा जाए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि शहरों के साथ-साथ गांवों में भी बच्चों को तकनीकी शिक्षा मिलनी चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि आरएसके पब्लिक स्कूल प्रबंधन को तकनीकी और रोजगारपरक शिक्षा के लिए जो भी सहयोग चाहिए, वह उपलब्ध कराया जाएगा। ताकि ग्रामीण छात्र-छात्राएं भी आधुनिक शिक्षा से जुड़ सकें। विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह ने अपने अभिभाषण में कहा कि अब आईआईटी और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बच्चों को कोटा या दिल्ली जाने की आवश्यकता नहीं होगी। आरएसके ट्यूटोरियल के माध्यम से विद्यालय परिसर में ही उच्च स्तरीय एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा बच्चों को बेहतर मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिक्षा, क्रीड़ा एवं अन्य विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को 1100 रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को 700 रुपये तथा अन्य उत्कृष्ट 300 मेधावी छात्र-छात्राओं को 500-500 रुपये के चेक, प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं द्वारा 'या कुन्देंदु तुषार हार धवला' सरस्वती वंदना से की गई जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इसके बाद लगभग 400 छात्र-छात्राओं ने शिक्षा जागृति, मनोरंजन एवं विभिन्न सामाजिक विषयों पर आधारित गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य राज नारायण सिंह, प्रेमलता शर्मा, उप-प्रधानाचार्य रवि शंकर श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। वहीं बादल गुरु और अमित गुरु ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूरे कार्यक्रम का वातावरण शिक्षा, संस्कार और सांस्कृतिक चेतना से ओत-प्रोत रहा जिसने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों को गहराई से प्रभावित किया।

## भिखारी ठाकुर की जयंती मनाने को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** डाक बंगला परिसर में स्वर्गीय भिखारी ठाकुर की जयंती की तैयारी को लेकर बैठक किया गया। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय भिखारी ठाकुर की जयंती 28 दिसंबर को धूमधाम से मनाई जाएगी। नेताओं ने कहा कि नाई समाज में जन्म लिए थे। उस समय समाज में दहेज प्रथा, बाल विवाह, छुआछूत का भेदभाव चरम सीमा पर था। उन्होंने अपने द्वारा रचित, गीत, संगीत कविता एवं नाटक के माध्यम से अनेकों सामाजिक कुरीतियों को खत्म कर नया समाज बनाने का संघर्ष किया तथा समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को मुख्य धारा में लाने का काम किया। भोजपुरी भाषा को नई ऊंचाइयां प्रदान करने वास्ते अमूल्य योगदान दिया जिससे उन्हें भोजपुरी का शेक्सपियर भी कहा जाता है। ऐसे महान व्यक्ति की जन्म जयंती में सभी समाज के प्रबुद्ध लोगों को भाग लेकर सफल बनाने का आह्वान किया गया। बैठक की अध्यक्षता नाई समाज के प्रखंड अध्यक्ष रमाशंकर शर्मा ने किया। बैठक में हरिद्वार शर्मा, अयोध्या शर्मा, डॉ जयराम शर्मा, डॉ श्याम राज ठाकुर, रामप्रवेश शर्मा, वकील शर्मा, कन्हैया शर्मा आदि लोग थे।

## जिलाधिकारी के निर्देश पर आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए टीम का गठन कर प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर टेक होम राशन और एचआरएस से राशन वितरण की स्थिति की जांच की जा रही है। साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों पर उपलब्ध सुविधाओं का भी जांच किया जा रहा है इनमें भवन, स्वच्छता, उपस्थिति, बैठने की व्यवस्था, पढ़ाई और खेलने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की गुणवत्ता की भी जांच की जा रही है। प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर आंगनबाड़ी का मूल्यांकन किया जायेगा।

## लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि मनाई गई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ (कैमूर)।** भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जदयू जिला भभुआ विधानसभा राज्य परिषद कार्यालय में राज्य परिषद सदस्य सुरेंद्र त्यागी की अध्यक्षता में पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में सबसे पहले सरदार पटेल के तैल चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर श्री त्यागी ने सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वल्लभभाई झावेरभाई पटेल जिन्हें आमतौर पर सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम से जाना जाता है, एक प्रमुख भारतीय स्वतंत्रता कार्यकर्ता और राजनेता थे। उन्होंने 1947 से 1950 तक भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के रूप में कार्य किया। सरदार पटेल अपने दृढ़ संकल्प और भारत की एकता के प्रति अटूट निष्ठा के लिए जाने जाते हैं। उनके प्रसिद्ध नारों में खेड़ा सत्याग्रह के दौरान किसानों के लिए दिया गया 'कर मत दो' और 'एकता ही हमारी ताकत है' शामिल हैं।


**पूर्व रेलवे**

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा, पिन-743145, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए आईआरईपीएस के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: **बोली संख्या: एमईडीएलपीकेपीए25-26, दिनांक 11.12.2025। कार्य का नाम:** 02 वर्षों की अवधि के लिए वर्कशॉप रेलवे हॉस्पिटल, कांचरापाड़ा की दैनन्दिन स्थानीय खरीद के तहत दवाइयों, सर्जिकल मदों और खपतयोग्य वस्तुओं की आपूर्ति के लिए दर ठेका। **प्रकाशन की तारीख:** 11.12.2025। **बयाना राशि:** ₹ 2,85,430। **ईपीबीजी:** पी.ओ. मूल्य का 5%। **निविदा का अनुमानित मूल्य:** ₹ 1,42,71,530.14। **खुलने की तारीख एवं समय:** 24.12.2025 को सुबह 11.00 बजे। **पूरा करने की अवधि:** 02 (दो) वर्ष। निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस साइट (भारतीय रेल ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) अर्थात आईआरईपीएस साइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगा तथा दरें आईआरईपीएस साइट अर्थात **https://www.ireps.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन कोट करनी होंगी तथा ऑनलाइन जमा करनी होंगी।

(MED-09/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**



**शपथ पत्र**

मैं राजेश कुमार सिंह, पिता-स्व. रामनरेश सिंह, ग्राम- देवकली, पो.- अरण्डा, थाना-दाउदनगर, जिला-औरंगाबाद (बिहार) सत्य एवं निष्ठा से निम्नलिखित बयान करता हूं कि मैं उक्त पते का स्थाई निवासी हूं।
मेरी पुत्री के आधार कार्ड एवं सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में नाम अक्षरा कुमारी अंकित है। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में नाम अक्सरा नाम भूलवश अंकित हो गया है। अक्षरा कुमारी एवं अक्सरा दोनों नाम मेरी पुत्री का है मेरी पुत्री दोनों नामों से जानी एवं पहचानी जाती है। मेरी पुत्री के अलावे मेरे गांव में अक्षरा कुमारी एवं अक्सरा नाम की कोई महिला नहीं है।
मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 5669 दिनांक 20.11.2025

**शपथकर्ता**
**राजेश कुमार सिंह**



**शपथ पत्र**

मैं राजेश कुमार सिंह पिता-स्व. रामनरेश सिंह ग्राम-देवकली, पो.- अरण्डा, थाना-दाउदनगर, जिला-औरंगाबाद (बिहार) सत्य एवं निष्ठा से निम्नलिखित बयान करता हूं कि मैं उक्त पत्ते का स्थाई निवासी हूं।
मेरे पुत्र के आधार कार्ड सं.- 8229 6395 4031 एवं सभी शैक्षणिक दस्तावेज में नाम प्रियांशु (PRIYANSHU) अंकित है।
मेरे पुत्र के सर्विग कागजत में नाम प्रियांशु (PRIYANSU) नाम भूलवश अंकित हो गया है।
(PRIYANSHU) एवं (PRIYANSU) दोनों नाम मेरे पुत्र का है मेरा पुत्र दोनों नामों से जाना एवं पहचाना जाता है।
मेरे पुत्र के अलावे मेरे गांव में (PRIYANSHU) एवं (PRIYANSU) नाम का दूसरा कोई व्यक्ति नहीं है।
मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 5670 दिनांक 20.11.2025

**शपथकर्ता**
**राजेश कुमार सिंह**



**कार्यालय, नगर पचांयत, छत्तरपुर (पलामू)।**
Add:- Behind Sub-Divisional Office, Chhattarpur, Palamu(JH)-822113]
[E-Mail: np.chhattarpur2018@gmail.com]

**VERY SHORT TENDER NOTICE NO.- NPC-19/2025-26**

नगर पंचायत, छतरपुर क्षेत्र अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अन्तर्गत साफ–सफाई कर्मियों को 03 दिवसीय प्रशिक्षण के तहत् प्रशिक्षण दिया जाना है। यह प्रशिक्षण Capacity Building Skill Development- Knowledge Management & Behaviour Changes के तहत् कराया जाना है। इच्छुक एजेंसी/सर्विस एजेंसी कार्यालय में दिनांक–22.12.2025 को समय– 1:00 बजे अपराह्न अपना कोटेशन जमा कर सकते है। प्राप्त कोटेशन को उसी दिन दिनांक–22.12.2025 को 02:30 बजे अपराह्न में कार्यालय के निविदा सिमिति के समक्ष खोला जायेगा। कोटेशन/दर पत्र देते समय निम्नांकित कागजात संलग्न करना अनिवार्य होगा। विवरण निम्न प्रकार है :–

| क्र0सं0 | विवरण | मात्रा | दर सभी कर सहित |
|---|---|---|---|
| 01 | स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत् साफ–सफाई व कचरा निस्तारण कर्मियों को 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्य। | प्रति व्यक्ति। | |

**नियम एवं शर्ते :–**
1. कोटेशनदाता को पेन कार्ड, जी0एस0टी0 प्रमाण–पत्र, अद्यतन आयकर रिर्टन एवं जी0एस0टी0 रिर्टन, कोटेशन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. प्रशिक्षण हेतु एजेंसी का पंजीकृत राज्य स्तर पर निकायों में अधिकतम अनुभव प्रमाणित के आधार पर चयन किया जायेगा।
3. काली सूचि/डिबार में डाले के गये संस्थान/प्रतिष्ठान के लिए आवेदन प्रतिबंधित रहेगा।
4. कोटेशनदाता द्वारा Trainer Fee, Tea, Water and Lunch for Trainees साफ– सफाई कीट, Jacket, Chiter, Gloves, Woolen Cap, Cap, Shoes & Etc. आदि सहित दर उद्त करना होगा। साथ ही साफ–सफाई कीट का विवरण एवं सेम्पल (उच्च गुणवता) प्रस्तुत करना होगा।
5. निविदा शूल्क 1000/– (एक हजार) रूपये मात्र की Nationalised Bank द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैकर्स चेक की राशि जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, छतरपुर (EXECUTIVE OFFICER, NAGAR PANCHAYAT, CHHATTARPUR) के पद नाम से छतरपुर में भुगतेय होगा जो वापस नहीं किया जायेगा।
6. प्रशिक्षण के दौरान अग्रिम राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा।
7. किसी भी समय निविदा को रद्द या संशोधन करने अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
8. सफाई कर्मियों/ लाभुकों की संख्या घट या बढ़ सकती है।
9. किसी भी प्रकार के वाद/विवाद को निपटारा स्थानीय न्यायालय में किया जायेगा।
10. निर्धारित तिथि एवं समय के उपरांत कोई भी कोटेशन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
11. कार्य आवंटन के उपरांत आदेश में दिए नियम एवं शर्ते का अक्षरसः अनुपालन करना होगा।

**कार्यपालक पदाधिकारी**
**नगर पंचायत, छतरपुर।**

PR.NO.368554 District(25-26):D

## एक नजर

### पुलिस कस्टडी से कैदी फरार, मचा हड़कंप

**नवादा।** नवादा में पुलिस अभिरक्षा के दौरान एक कैदी के फरार होने से हड़कंप मच गया। मामला सदर अस्पताल स्थित कैदी वार्ड का है, जहां इलाज के दौरान कैदी शौचालय की खिड़की से कूदकर फरार हो गया। फरार कैदी की पहचान नालंदा जिले के निवासी कृष्णा पासवान के पुत्र पहलाद कुमार सोनी के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि वह आर्म्स एक्ट सहित अन्य आपराधिक मामलों में मंडल कारा नवादा में बंद था और इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया था। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना प्रभारी अविनाश कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। फिलहाल पुलिस फरार कैदी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है, वहीं पुलिस अभिरक्षा में लापरवाही की भी जांच की जा रही है।

### मवेशी सहित लाखों की लकड़ियां जलकर राख

**नवादा।** जिले के हिसुआ हिसुआ स्थित डीह मुहल्ले के एक गौशाला में आग लगने से हाहाकार मच गया। आग लगने एक बछड़े की जलकर मौत हो गयी वहीं एक दुधारू गाय भी झुलसकर गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। घटना रविवार की देर रात की बतायी जा रही है। घटना का पता सोमवार को अहले सुबह गृहस्वामी को चला, जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग लगने की वजह का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन माना जा रहा है कि किसी ने जानबूझ कर आग लगाया होगा। पशुपालक नरेश मिस्त्री ने बताता कि गौशाला में गाय और बछड़ा के अलावे लगभग एक लाख की लकड़ियां दीवान पलंग बनाने के लिए लाकर रखा था। नरेश बढ़ई मिस्त्री का काम कर जीवन यापन करते थे। घर के बगल में उनका गौशाला था। मवेशी की मौत से पशुपालक परिवार दुखी है। प्रशासन और पशु चिकित्सा टीम मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया है। झुलसे मवेशियों का इलाज शुरू कर दिया गया है।

### मध्यान भोजन योजना के नए बीआरपी अवध किशोर प्रसाद का भव्य स्वागत

**नवादा।** प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय नवादा में आयोजित प्रधान शिक्षकों की बैठक में मध्यान्ह भोजन योजना प्रखंड नवादा के नए बीआरपी का भव्य स्वागत नवादा प्रखंड के प्रधान शिक्षकों के द्वारा किया गया। नए बीआरपी अवध किशोर प्रसाद को गुलदस्ता देकर प्रधान शिक्षक जतिन कुमार, आनंदी प्रसाद, प्रमोद कुमार, जितेंद्र कुमार आदि ने सम्मान किया। प्रधान शिक्षक जतिन कुमार ने बीआरपी अवध किशोर प्रसाद के नवादा में पुराने कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि पुनः पदस्थापन से नवादा बीआरसी में मध्यान भोजन योजना की स्थिति में गुणोत्तर सुधार होगा। बीआरपी अवध किशोर प्रसाद ने सभी प्रधान शिक्षकों और प्रधानाध्यापक को को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में नवादा प्रखंड के सभी प्रधान शिक्षक समेत प्रधानाध्यापक शामिल हुए।

### शिविर में 25 दिव्यांगों व्यक्ति की हुई जांच

**नरहट (नवादा)।** विश्व दिव्यांग दिवस पर 3 से 18 दिसंबर तक प्रत्येक प्रखण्ड में अलग अलग तिथि में दिव्यांग जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को नरहट प्रखण्ड सभा कक्ष में दिव्यांग जांच शिविर का आयोजन किया गया। डाटा ऑपरेटर नीतीश कुमार ने बताया कि इस शिविर में 25 आवेदन प्राप्त हुए जांच के बाद ऑनलाइन इंट्री किया गया। दिव्यांग जांच टीम में तीन सदस्यीय टीम शामिल थे। जांच टीम में शामिल भौतिक परीक्षण डॉ हर्षवर्धन कुमार ने बताया कि तीन सदस्यीय टीम द्वारा ऑडियोलॉजिस्ट परीक्षण, नेत्र परीक्षण शामिल थे। डॉ हर्षवर्धन ने बताया कि बुनियादी केंद्र हिसुआ में दिबयांग की जांच प्रत्येक दिन किया जाता है। बुनियादी केंद्र में दिव्यांग, वृद्धजन, विधवाओं की जांच निशुल्क किया जाता है। आँख जांच का निःशुल्क चश्मा दिया जाता है। वाक एंड श्रवण सम्बंधित समस्या की जांच, फिजियोथेरेपी की सेवा प्रति दिन उपलब्ध है। शिविर में जो दिव्यांगजन व्यक्ति नही आ सके हैं, वैसे व्यक्ति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहट में जांच के बाद बुनियादी केंद्र रेफर किया जाता है। उस दिव्यांग व्यक्ति की जांच कर रिपोर्ट बना कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जाता है। सीएससी से दिव्यांग प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है।

### कौआकोल : श्रीराम कथा का शुभारंभ

**कौआकोल।** प्रखण्ड के दुर्गामण्डप परिसर कौआकोल में सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा देश की पावन नगरी अयोध्याधाम से आई कथा वाचिका प्रेमा सखी की देखरेख में निकाली गई। जिसमें मुख्य यजमान की भूमिका जोगाचक गांव निवासी प्रहलाद साव एवं उनकी धर्मपत्नी सुनीता देवी निभा रहे हैं। कलश यात्रा में शामिल बजरंग दल के सक्रिय कार्यकर्ता मुकेश कुमार ने बताया कि श्रद्धा और आस्था से सराबोर भव्य कलश यात्रा कौआकोल दुर्गामण्डप से प्रारंभ होकर कौआकोल एवं जोगाचक बाजार होते हुए गायत्री ज्ञान मंदिर तक पहुंची,जहां महिलाओं ने विधि-विधान के साथ जल भरकर पुनः दुर्गामण्डप की ओर प्रस्थान किया। कथा वाचिका प्रेमा सखी ने धर्म,मर्यादा और आदर्श जीवन के मूल मन्त्रों पर विस्तृत प्रकाश डाला।

### सरदार पटेल की मनाए गई 75वीं पुण्यतिथि



**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा शहर के सरदार पटेल कॉलेज में सोमवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर 75वीं पुण्यतिथि मनाई गई। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर जवाहर प्रसाद ने कहा कि कार्यक्रम में वक्ताओं ने सरदार पटेल के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को याद किया। उन्होंने बताया कि आजादी के बाद पटेल ने 562 से अधिक रियासतों का भारत में विलय कर देश की एकता और अखंडता को मजबूत किया, जिसके लिए उन्हें 'लौह पुरुष' की उपाधि मिली। वक्ताओं ने सरदार पटेल को अनुशासन, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बताया। पुण्यतिथि के मौके पर उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम प्रोफेसर ज्वाला प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद सिंह,गीता कुमारी,डॉ दिव्या कुमारी सिन्हा, डॉ दिनेश कुमार, अरूण कुमार पटेल, अरविंद कुमार, रविंद्र प्रसाद सिंह, मंजू कुमारी, आशा कुमारी, राणा प्रताप,डॉ बृज किशोर प्रसाद, रंजीत प्रसाद, राहुल कुमार, प्रमोद कुमार, साकेत कुमार, सीमा कुमारी, नीधी कुमारी, पुष्पा कुमारी, षुष्पलता कुमारी, अर्चना कुमारी, दिपशिखा कुमारी इत्यादि शामिल थे।

### राजगीर महोत्सव 2025: सूफी सुरों से होगा आगाज, 19 दिसंबर को कैलाश खेर बांधेंगे समां

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** जिला प्रशासन की ओर से राजगीर महोत्सव 2025 की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ऐतिहासिक और आध्यात्मिक नगरी राजगीर में 19 से 21 दिसंबर तक आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय महोत्सव का भव्य शुभारंभ 19 दिसंबर को देश के सुप्रसिद्ध गायक कैलाश खेर और उनके लोकप्रिय बैंड 'कैलासा' की सूफी संगीत प्रस्तुति से होगा। जिला प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, इस वर्ष महोत्सव की शुरुआत रूहानी सूफी संगीत के साथ की जाएगी। उद्घाटन की संध्या पूरी तरह कैलाश खेर और उनके बैंड के नाम समर्पित रहेगी। कैलाश खेर के राजगीर आगमन की घोषणा के साथ ही नालंदा सहित पूरे बिहार के संगीत प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। सूफी संगीत के दीवानों को एक बार फिर यादगार शाम मिलने की उम्मीद है। राजगीर महोत्सव में कैलाश खेर की यह वापसी बेहद खास मानी जा रही है। वर्ष 2013 में भी उन्होंने राजगीर महोत्सव में प्रस्तुति दी थी। वह शाम आज भी महोत्सव के इतिहास के स्वर्णिम पलों में शामिल है। बौद्ध तीर्थस्थल और प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की धरती पर उनकी सूफी प्रस्तुति सांस्कृतिक एकता और आध्यात्मिकता का अनूठा संदेश देगी।

# जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में विभागों की समीक्षा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में आज डीआरडीए सभागार में जिला स्तरीय समन्वय/राजस्व एवं तकनीकी विभागों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी विभागों की पीपीटी के माध्यम से क्रमवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। राजस्व विभाग की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि सभी प्रखंडों में डिग्री महाविद्यालय की स्थापना हेतु ग्रामीण क्षेत्र में 05 एकड़ तथा शहरी क्षेत्र में 2.5 एकड़ भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। नरहट, रोह एवं सिरदला प्रखंड से भूमि उपलब्धता का प्रतिवेदन अब तक अप्राप्त रहने पर जिलाधिकारी ने शीघ्र भूमि चिन्हित कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। पर्यटकीय संरचनाओं के निर्माण एवं सुविधाओं के विकास हेतु गोविंदपुर अंचल से भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव एवं अभिलेख की मांग की गई थी, जो अब तक अप्राप्त है। जिला पदाधिकारी ने जल्द से जल्द प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

पंचायती राज विभाग की समीक्षा के दौरान जिला पंचायत राज पदाधिकारी द्वारा पंचायत सरकार भवनों में योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं की जानकारी दी गई। इसमें पंचायत सरकार भवन चंडीनामा एवं रेवरा जगदीशपुर (काशीचक), खड़सारी (कौआकोल), सम्हरीगढ़ एवं नजरडीह (रोह), बिजू विगहा (मेसकौर) तथा बजरा (हिसुआ) शामिल हैं। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अंचल अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया।

कृषि विभाग की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने एग्रीस्टैक योजना सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। ई-किसान भवन, कौआकोल, गोविंदपुर एवं नवादा के निर्माण कार्य अपूर्ण रहने तथा समायोजन हेतु राशि लंबित पाए जाने पर जिला अभियंता, जिला परिषद-सह-कार्यपालक अभियंता, डीआरडीए नवादा को समन्वय स्थापित कर शीघ्र अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत अब तक कुल 1,68,258 किसानों का निबंधन किया गया है, जिनमें से 52,929 किसानों का ई-केवाईसी पूर्ण हो चुका है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री किसान योजना अंतर्गत 7,032 किसानों का निबंधन किया गया है। जिले में अब तक कुल 10,715 फार्मर रजिस्ट्री तैयार की जा चुकी है तथा 62,010 किसानों का ई-केवाईसी संपन्न कराया गया है। आपदा प्रबंधन से संबंधित भुगतान के संबंध में सभी अंचल अधिकारियों को आपदा पीड़ित लाभुकों को समय पर राशि भुगतान करने एवं लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। दिव्यांगजन कोषांग की योजनाओं की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पंचायत सचिवों के माध्यम से अभियान चलाकर पात्र दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## एसपी ने लहेरी थाना में लगाया जनता दरबार

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग भी की जा रही है। इसी क्रम में पटना मुख्यालय के निर्देश पर अब सभी जिलों के थानास्तर पर पुलिस अधीक्षक भारत सोनी द्वारा सप्ताह में दो बार जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा। इस पहल की शुरुआत बिहार शरीफ सदर क्षेत्र के लहेरी थाना से की गई। सोमवार को लहेरी थाना परिसर में पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन हुआ। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने आम लोगों से सीधे संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फीडबैक लिया और उनकी समस्याएं सुनीं। पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने बताया कि आज से थानास्तर पर जनता दरबार की मुहिम की शुरुआत की गई है, जिसके माध्यम से आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। यदि किसी शिकायत का संबंध अन्य विभागों से होता है, तो संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों को बुलाकर उन समस्याओं का भी समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस लगातार जनता के बीच रहकर हर संभव सहयोग करती है और आम लोगों का सबसे अधिक जुड़ाव पुलिस से ही होता है।

## युवक की आहर में डूबने से मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले के गोविंदपुर थानाक्षेत्र के तेतरिया गांव में रविवार की सुबह एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। तेतरिया गांव के बड़का आहर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान तेतरिया गांव निवासी मनोज साव के लगभग 30 वर्षीय पुत्र विक्रम कुमार के रूप में की गई है। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मां-बाप और परिवार के अन्य सदस्य रोते-बिलखते रहे, जिससे मौके पर मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं।

बताया जाता है कि रविवार सुबह विक्रम कुमार शौच के लिए बड़का आहर की ओर गया था। इसी दौरान पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरा। आहर में अधिक पानी होने के कारण वह बाहर नहीं निकल सका और डूब गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए युवक को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद स्थानीय थाना और अंचलाधिकारी को घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही गोविंदपुर थानाध्यक्ष विजय कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, और स्थिति का जायजा लिया और शव का पंचनामा कर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही बनिया विगहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पंकज सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया और सरकार की ओर से मिलने वाले मुआवजे दिलाने एवं हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

## नीतिन नवीन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बांकीपुर (पटना) विधायक नीतिन नवीन के भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर नालंदा भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक जश्न मनाया। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर, मिठाइयाँ बांटकर और आतिशबाजी कर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि नीतिन नवीन का इस अहम पद पर चयन होना न केवल बिहार, बल्कि देशभर के भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए गर्व की बात है। पार्टी ने एक बार फिर यह संदेश दिया है कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है, जहां मेहनत और निष्ठा के बल पर कोई भी साधारण कार्यकर्ता राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकता है। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने नीतिन नवीन को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने बिहार को बड़ा सम्मान दिया है। नीतिन नवीन को पार्टी के सर्वोच्च पदों में से एक पर आसीन कर बिहार के कार्यकर्ताओं को गौरवान्वित किया गया है। यह निर्णय सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि भाजपा में समर्पण भाव से कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सदैव सम्मान और जिम्मेदारी मिलती है। इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष डॉ. अशुतोष कुमार, साबो देवी, तेजस्विता राधा, जिला महामंत्री शिवरतन प्रसाद, अविनाश प्रसाद सिंह, जिला मंत्री अमरेश कुमार, राजू माहुरी, जिला प्रवक्ता प्रवीला देवी, प्रणव कुमार सिन्हा, मंडल अध्यक्ष रजनीश कुमार, मुकेश कुमार, अभिनंदन पांडेय, आजाद कुमार, रौशन कुमार यादव, राजीव रंजन, ओम प्रकाश ब्रह्मचारी, आनंद कुमार, राजेश सिंह सिसोदिया, मनष्वी शर्मा, आलोक रंजन, ममता कुमारी, सोनी कुमारी, बबीता कुमारी, अखिलेश्वर प्रसाद, राहुल कुमार, स्वतंत्र कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।।




## उप विकास आयुक्त का विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के नेतृत्व में डीआरडीए सभागार, नवादा में उप विकास आयुक्त, प्रियंका रानी के लिए विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नव पदस्थापित उप विकास आयुक्त निलिमा साहु का स्वागत भी किया गया। जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी को पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रियंका रानी अपने कार्यों के प्रति सदैव प्रतिबद्ध, कर्मठ एवं समर्पित पदाधिकारी रहीं। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान सौंपे गए सभी दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं सरलता के साथ किया। उनकी कार्यशैली में अनुशासन, समयबद्धता एवं टीम भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती रही, जिससे जिले के विकास कार्यों को नई दिशा एवं गति प्राप्त हुई। उपस्थित पदाधिकारियों ने प्रियंका रानी के कार्यकाल के दौरान किए गए उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्यों, योजनाओं के प्रभावी अनुश्रवण, विकासात्मक गतिविधियों के सफल क्रियान्वयन एवं जनहित में लिए गए निर्णयों की सराहना की। सभी पदाधिकारियों ने कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में जिला नवादा में अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं को गति मिली तथा विभागीय समन्वय सुदृढ़ हुआ। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा भी अपने अनुभव साझा किए गए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य, सफल कार्यकाल एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई।

## बाघ दिखने के कारण ग्रामीणों में दहशत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा के जंगली इलाके में बाघ का आतंक देखने को मिल रहा है। बाघ जंगलों में चहलकदमी करते हुए पालतू जानवरों को अपना निशान बना रहा है। जिसे देख ग्रामीण में दहशत में हैं और घर से बाहर निकलें में डर रहे हैं। नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र अंतर्गत हरदिया पंचायत के जंगली इलाकों में बाघ की मौजूदगी से इलाके में दहशत का माहौल है। पिछले एक सप्ताह से नावाडीह और कोसदरियां गांव के आसपास बाघ की चहलकदमी देखी जा रही है, जिससे ग्रामीण भयभीत हैं। खेतों और जंगलों में काम करने वाले किसान ही नहीं, बल्कि आबादी क्षेत्र के लोग भी बाघ के बार-बार दिखाई देने से सहमे हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बाघ कई दिनों से गांव की सीमा के पास घूम रहा है और पशुओं को अपना शिकार बना रहा है। करीब पांच दिन पहले नावाडीह गांव निवासी परमेश्वर सिंह के पशुओं पर बाघ ने हमला किया था। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। बताया जा रहा है कि 14 दिसंबर, रविवार की सुबह नावाडीह–कोसदरियां के जंगल में बाघ गांव के काफी नजदीक दिखाई दिया। ग्रामीणों ने शोर मचाकर उसे जंगल की ओर खदेड़ दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि बीते पांच दिनों से बाघ गांव और खेतों के आसपास मंडरा रहा है और एक पालतू पशु को अपना निवाला भी बना चुका है। उनका कहना है कि वन विभाग क्षेत्र में गश्त का दावा तो कर रहा है, लेकिन बाघ को पकड़ने या सुरक्षित रूप से उसे जंगल में वापस भेजने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। बाघ की मौजूदगी से गांव में महिलाओं और बच्चों में डर बना हुआ है और लोग घरों से बाहर निकलने से कतरा रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और वन विभाग से तत्काल प्रभावी कार्रवाई की मांग की है, ताकि किसी बड़ी अनहोनी से बचा जा सके। इस संबंध में वन विभाग के रेंजर नारायण लाल सेवक ने बताया कि विभाग की टीम बाघ को ट्रैक करने की कोशिश कर रही है।

## हरा-भरा मेरा देश' विषय पर परिचर्चा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बढ़ता प्रदूषण अब मानव जीवन के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। दिल्ली सहित देश के कई शहरों में सांस लेना तक मुश्किल हो गया है। ऐसे में यदि वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित रखना है, तो हरियाली को बढ़ाना ही एकमात्र समाधान है। यह संदेश पर्यावरणविद् एवं कोसोफ ट्रस्ट के अध्यक्ष रामवचन प्रियदर्शी ने रविवार को शहर के रामचन्द्रपुर में आयोजित 'हरा-भरा मेरा देश' विषयक परिचर्चा के दौरान दिया। उन्होंने कहा कि बड़ौदा से शुरू हुआ 'एक पेड़ परिवार के नाम' अभियान आज एक जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। देश के विभिन्न राज्यों में जनसहयोग से अब तक करीब 70 एकड़ भूमि पर सवा लाख पौधे लगाए जा चुके हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि केवल पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि बच्चों की तरह उसकी देखभाल करना भी जरूरी है, तभी ऑक्सीजन का भंडार बढ़ेगा और पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। परिचर्चा में जिला मत्स्य पदाधिकारी शंभु प्रसाद ने व्यावहारिक सुझाव देते हुए कहा कि पौधों के बीच खाली स्थानों में सब्जियों की खेती कर लोग दोहरा लाभ उठा सकते हैं।

## बैठक में उठी पकरीबरावां को पूर्ण अनुमंडल बनाने की मांग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** प्रखंड मुख्यालय स्थित डाकबंगला परिसर में रविवार को क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों को लेकर एक महत्वपूर्ण सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता महेन्द्र प्रसाद शर्मा ने की। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, स्थानीय जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी एवं समाजसेवी हुए। सभी ने एक स्वर में पकरीबरावां के सर्वांगीण विकास को लेकर चर्चा की और क्षेत्र की समस्याओं को सामने रखा। बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि पकरीबरावां लंबे समय से विकास की मुख्यधारा से अपेक्षाकृत पीछे रहा है, जबकि यहां विकास की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। इसी क्रम में सर्वसम्मति से तीन प्रमुख प्रस्ताव पारित किए गए, जिन्हें सरकार तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। पहला प्रस्ताव नवादा से जमुई के लक्ष्मीपुर तक रेलवे लाइन बिछाने के कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराने से संबंधित था। कहा कि यह रेल परियोजना क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगी। रेलवे लाइन के निर्माण से न केवल लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी, बल्कि व्यापार, शिक्षा, रोजगार और औद्योगिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों और छात्रों को विशेष रूप से इसका लाभ मिलेगा। दूसरा अहम प्रस्ताव पकरीबरावां को पूर्ण अनुमंडल का दर्जा दिए जाने को लेकर पारित किया गया। लोगों ने कहा कि वर्तमान में आंशिक अनुमंडल होने के कारण आम जनता को छोटे-छोटे प्रशासनिक कार्यों के लिए भी नवादा या अन्य स्थानों पर जाना पड़ता है। इससे समय और धन की बर्बादी होती है। पूर्ण अनुमंडल का दर्जा मिलने से प्रशासनिक सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी, जिससे आम लोगों को राहत मिलेगी और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी। तीसरे प्रस्ताव के तहत आगामी चुनाव से पूर्व पकरीबरावां को नगर पंचायत घोषित किए जाने की मांग उठाई गई। कहा कि नगर पंचायत का दर्जा मिलने से शहरी सुविधाओं का विस्तार होगा। सड़कों, जलापूर्ति, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट और अन्य आधारभूत संरचनाओं का विकास तेजी से हो सकेगा, जिससे क्षेत्र का स्वरूप बदलेगा। बैठक में राजेन्द्र पासवान, विपीन कुमार, जितेन्द्र कुमार पप्पू, मुंद्रिका पासवान, प्रमोद यादव सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## दो शराब तस्करों को उत्पाद बलों ने किया गिरफ्तार

**रजौली (नवादा)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी से लगभग एक किलोमीटर पहले उत्पाद बलों ने दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया। साथ ही बाइक पर लदे 48 बोतल शराब और 24 केन बियर को भी बरामद किया गया है। शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार शराब तस्करों की पहचान चितरकोली गांव निवासी पोदिना तुरीया के पुत्र मुन्ना कुमार एवं बाबूलाल भुइयां के पुत्र पप्पू कुमार भुइयां के रूप में हुई है।

## अंडर-17 का फाइनल मैच: एसडीओ व एडीपीओ ने किया पुरस्कार वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सिरदला(नवादा)।** प्रखंड के लौंद उच्च विद्यालय के खेल मैदान में तीन माह से चल रही अंडर-17 टूनामेंट चल रही है। जिसमें कई राज्य समेत जिले के टीम ने इस टूर्नामेंट में भाग लिए हैं। रविवार को टूनामेंट के फाइन मैच गयाजी और दिल्ली कि टीम के बिच खेला गया। इस टूनामेंट के आयोजक सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि एफ टू डीसीए नवादा द्वारा रेड बॉल अंडर -17 टूनामेंट में विनर टीम के लिए ट्रॉफी के साथ 31000 हजार एवं रनर उप विजेता टीम के लिए 21000 व ट्रॉफी रखा गया है।फाइनल टुनामेंट में गयाजी टीम के कप्तान आयुष मदन कुमार टोस जीतकर पहले क्षेत्र रक्षक दिल्ली कि टीम को बल्लेबाजी का आमंत्रण किये। दिल्ली टीम के कप्तान दीपू कुमार कि टीम ने बल्लेबाजी करते 24 ओवर् में कुल 135 रन बनाकर औल आउट हो गया। वही गया जी टीम के कप्तान के नेतृत्व में बल्लेबाजी करते हुए सात पिकेट खोकर लक्ष्य को पुरा करते हुए तीन विकेट से मैच को अपने नाम कर लिया। इस दौरान विजेता टीम के कप्तान को एसडीपीओ गुलशन कुमार ने ट्रॉफी देकर एक्टिस हजार रुपया का चेक दिये। वहीं उपविजेता टीम दिल्ली के कप्तान को एसडीओ स्वतंत्र कुमार सुमन ने द्वतीय पुरस्कार ट्रॉफी के साथ एकिस हजार का चेक प्रदान किये। मैन ऑफ द मैच खिलाड़ी को थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, मेन ऑफ द वेस्ट खिलाड़ी को एसआई जीतेन्द्र मिश्रा, वेस्ट कॉलर को एस आई प्रियेश विद्यार्थी ने मेडल देकर पुरस्कृत किये हैं। मौके पर सभाष प्रसाद, टूनामेंट के आयोजक सुरेश प्रसाद, राजेश कुमार, सुनील कुमार, समेत दर्जनों दशक व खिलाड़ी उपस्थित रहे हैं।


**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**

**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**

(ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –08/औरंगाबाद/2025–26

Email Id-ee.aurangabad.bcd@gmail.com

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :– दिनांक 09.12.2025
3. परिमाण विपत्र बिक्री (डाउनलोड करने की ) तिथि एवं समय :– दिनांक 30.12.2025 से 28.01.2026 को अपराहन् 3:00 बजे तक।
4. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– केवल बेवसाइट **www.eproc2.bihar.gov.in** पर
5. निविदा प्राप्ति (अपलोड) करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 30.12.2025 से 28.01.2026 को अपराहन् 3:00 बजे तक।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय (तकनीकी बीड) :– दिनांक–29.01.2026 को 3:00 बजे अप0 तक (On Website www.eproc2.bihar.gov.in)
7. निविदा खोलने की तिथि एवं समय (वितीय बीड) :– तकनीकी बीड के उपरांत केवल Website www.eproc2.bihar.gov.in पर
8. प्री बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :– (i) दिनांक 23.12.2025 को अपराहन 3:00 बजे तक मुख्य अभियंता (द0) भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना के कार्यालय कक्ष। (ii) दिनांक–22.12.2025 को अपराहन 3:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया के कार्यालय कक्ष में।
9. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (i) कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद का कार्यालय। (ii) अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय।
10. निविदा वैधता की तिथि :– 120 दिन
11. कार्य विवरणी:–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | बीड प्रोसेसिंग चार्ज एवं सर्विस टैक्स (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | औरंगाबाद जिला मुख्यालय में 620 क्षमता का अटल कला भवन का निर्माण कार्य | 1973.26 | 2973500 | 10,000.00 | As per website | 12 माह |
| | **कुल** | 1973.26 | | | | |

विस्तृत जानकारी के लिए यह निविदा आमंत्रण सूचना वेबसाईट :– www.eproc2.bihar.gov.in/ state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है, अथवा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में कार्य दिवस की कार्य अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता,**
**भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**

**PR. No. 019515 (BCD) 2025-26**

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।**

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत मगध विश्वविद्यालय में 'सारथी' चयन हेतु साक्षात्कार




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रकोष्ठ एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में वर्ष 2026 के लिए 'सारथी' के चयन हेतु साक्षात्कार का आयोजन किया गया। यह चयन प्रक्रिया विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से संपन्न की जा रही है। साक्षात्कार का आयोजन मन्नूलाल केंद्रीय पुस्तकालय परिसर स्थित सेमिनार हॉल में किया गया। साक्षात्कार पैनल में सारथी समन्वयक एकता वर्मा के साथ सारथी मेंटर के रूप में वंदना कुमारी, कविता कुमारी, पूनम सिंह, दिव्या मिश्रा और शमशाद अंसारी शामिल रहे। इस चयन प्रक्रिया में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों-अंग्रेजी, शिक्षा, भूगोल, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, भौतिकी तथा श्रम एवं समाज कल्याण-के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया और राष्ट्रीय शिक्षा नीति से जुड़े विषयों पर अपनी समझ, नेतृत्व क्षमता तथा अकादमिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति समन्वयक प्रियंका सिंह की उपस्थिति रही। इसी अवसर पर पूर्व में चयनित राष्ट्रीय शिक्षा नीति सारथी आशीष शंकर एवं विवेक कुमार को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग सारथी निर्देशन के अंतर्गत प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए छात्र-छात्राओं में नेतृत्व क्षमता का विकास, मार्गदर्शन की भावना को सुदृढ़ करना और अकादमिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना रहा।

# विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने सरदार पटेल की पुण्यतिथि पर की श्रद्धांजलि अर्पित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** गया जी स्थित जिला अतिथि गृह में बिहार विधान सभा के अध्यक्ष प्रेम कुमार ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रेम कुमार ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी और देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की दूरदर्शी नेतृत्व और देश की एकता के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता ने आधुनिक भारत की नींव रखी। भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के रूप में उन्होंने वर्ष 1947 के बाद देश की 560 से अधिक रियासतों का एकीकरण कर भारत को एक सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने कहा कि अडिग, अटल और फौलादी इच्छाशक्ति के धनी सरदार पटेल को इसी कारण 'लौह पुरुष' की उपाधि मिली। उनके अतुलनीय योगदान को सम्मान देते हुए वर्ष 1991 में उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया गया। राष्ट्र निर्माण में उनका संघर्ष और योगदान आज भी देशवासियों को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में राजनंदन गांधी, संजय रविदास, बंटी वर्मा, टिंकू गोस्वामी, धीरू सिन्हा, नीलम देवी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कैनाल रोड में सिवरेज प्लांट लगाने को लेकर हटाया गया अतिक्रमण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** कैनाल रोड में पश्चिमी मुख्य नहर के किनारे सिवरेज प्लांट लगाने को सोमवार को अतिक्रमण अभियान चलाया गया। बुलडोजर कैनाल रोड के मुख्य नहर किनारे पहुंचा। सिवरेज प्लांट लगाने को ले दो दर्जन घरों पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई को ले भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। सीओ अविनाश कुमार के अनुसार नाले के पानी की सफाई कर नहर में डालने को नप को सिवरेज प्लांट लगाना है जिसके लिए नहर किनारे अतिक्रमण कर बनाये गए चालीस घरों के लोगों को भूमि खाली करने को अब तक तीन बार नोटिस किया गया था। लोगों ने खुद अतिक्रमण नहीं हटाया। जेसीबी लगा आज 15 डिसमिल भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। मौके पर बुड़को के जे ई मृत्युंजय कुमार, राजस्व अधिकारी तौकीर आलम व नगर थाना के पुलिस अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

# एमयू में हिन्दी, मगही और पत्रकारिता विभागों का संयुक्त स्वागत एवं विदाई समारोह




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय स्थित हिन्दी भवन के प्रेमचंद सभागार में सोमवार को हिन्दी, मगही और पत्रकारिता विभाग के तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा सत्र 2025-27 के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत तथा सत्र 2023ऽ25 के विद्यार्थियों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व अभिषेक, सोनाली, दीपक, विजेता और चंदन ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष ब्रजेश कुमार राय, वरिष्ठ आचार्य सुनील कुमार और आनंद कुमार सिंह, सहायक आचार्य राकेश कुमार रंजन, परम प्रकाश राय, अनुज कुमार तरुण तथा मगही शिक्षिका किरण कुमारी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें परिश्रम, अनुशासन और सही मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि हिन्दी भवन में आज एक आधुनिक, सकारात्मक और स्वस्थ परम्परा की शुरुआत हुई है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, संगीत, भाषण और काव्य प्रस्तुतियां दी गईं जिन्हें दर्शकों ने सराहा। विभिन्न प्रस्तुतियों के बाद माही सेन और उज्ज्वल कुमार को मिस एवं मिस्टर फेयरवेल घोषित किया गया जबकि ऋतु और गोपेश कुमार को मिस एवं मिस्टर फ्रेशर का खिताब प्रदान किया गया। विभागाध्यक्ष ब्रजेश कुमार राय द्वारा विजेताओं को डायरी, पेन और पौधा देकर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रत्येक विद्यार्थी को पांच सौ रुपये की नगद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता के माध्यम से स्वागत और विदाई बैच के दो अन्य विद्यार्थियों को भी पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम का संचालन मनीषा कुमारी ने किया। समारोह में माला, सृष्टि, महिमा, मृणालिनी, सुरभि, प्रियंवदा, रोशन, बंटी, विकी, प्रियाश्री, सायबा जहां, शरका तलत, सोनाली सहित सैकड़ों विद्यार्थियों की सक्रिय उपस्थिति रही जिससे कार्यक्रम उत्साहपूर्ण और स्मरणीय बन गया।

# महाबोधि मंदिर में विश्व शांति के निमित कांगू मोनलाम चेनमो पूजा का भव्य आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोधगया।** भगवान बुद्ध की ज्ञान स्थली बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर में विश्व शांति के निमित कांगू मोनलाम चेनमो पूजा का भव्य आयोजन सोमवार से किया गया। 10 दिनों तक चलने वाले इस पूजा व प्रार्थना का नेतृत्व बौद्ध धर्म गुरु 17वें कर्मापा त्रिनले दोरजे कर रहे हैं। विश्व शांति के लिए आयोजित इस विशेष पूजा और प्रार्थना में विश्व के एक दर्जन से अधिक बौद्ध देशों के बौद्ध भिक्षु और बौद्ध श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। महाबोधि मंदिर परिसर में कांगू मोनलाम चेनमो पूजा के आयोजन से पूरा परिसर शांति और करुणा के मंत्र की गूंज से गुंजायमान है।

# अवैध खनन एवं परिवहन में कोयला लदे छह ट्रक जब्त, चार गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** अवैध परिवहन के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कोयला लदे छह ट्रकों को जब्त किया। कार्रवाई की जानकारी सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में शेरघाटी एसडीपीओ शैलेंद्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आमस थाना क्षेत्र से होकर अवैध रूप से कोयले का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद एक विशेष टीम का गठन कर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान अवैध परिवहन से संबंधित कोयला लदे कुल छह ट्रकों को जब्त किया गया। वहीं मौके से चार ट्रक चालकों को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार चालकों से पूछताछ के बाद उनके खिलाफ आमस थाना कांड संख्या 348/25 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) एवं 317(2) बीएमएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान संजीव यादव, निवासी तेंदुआरा (बिहार), भोला यादव, निवासी बहलोलपुर (उत्तर प्रदेश), रमेश यादव, निवासी दुल्हापुर गाजीपुर (उत्तर प्रदेश) तथा निर्भय यादव, निवासी झारखंड के रूप में की गई है। सभी अभियुक्तों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। एसडीपीओ शैलेंद्र सिंह ने बताया कि अवैध खनन और अवैध परिवहन पर सख्त नजर रखी जा रही है। ऐसे मामलों में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि यदि कहीं अवैध खनन या अवैध परिवहन की सूचना मिले तो पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# दो पक्षों के बीच मारपीट में तीन घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** अलीपुर थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव के धीरा बिगहा में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना घटित हुई। घटना में फायरिंग भी की गई है। मारपीट में दोनों पक्षों की ओर से तीन लोग घायल हैं जिन्हें पुलिस अभिरक्षा में मगध मेडिकल अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। घटना का कारण पुराना विवाद बताया जा रहा है। दोनों पक्ष की ओर से अलीपुर थाना में शिकायत की गई है। एक पक्ष की ओर से की गई शिकायत में कहा गया है कि रविवार की रात्रि हथियार से लैस होकर कई लोगों ने घर पर धावा बोल दिया जिसमें दौलतपुर टोला धीरा बिगहा निवासी नीरज कुमार घायल हो गये। नीरज की पत्नी शरीफा देवी ने आरोपियों पर फायरिंग करने का आरोप लगाया। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से भी नीरज सहित अन्य पर मारपीट का आरोप लगाया गया है। मारपीट में चंदन कुमार व राम प्यारे यादव घायल हो गये। अलीपुर प्रभारी एसएचओ राम सुभग्र सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची व घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं घटनास्थल से एक खोखा भी बरामद किया गया है। दोनों पक्ष के लिखित शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। घायल आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में इलाज कराया जा रहा है।

# उत्तर कोयल नहर परियोजना का एसडीओ ने किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को टिकारी के एसडीओ प्रवीण कुंदन ने उत्तर कोयल नहर परियोजना से जुड़ी भूमि अधिग्रहण और मुआवजा वितरण की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि कई किसानों के बैंक खातों में मुआवजे की राशि भेजी जा चुकी है जबकि शेष किसानों को भी शीघ्र भुगतान किया जाएगा। इस मौके पर अंचलाधिकारी मुकेश कुमार ने किसानों से अपील की कि वे समय पर अपने भूमि संबंधी सभी आवश्यक दस्तावेज जमा करें, ताकि मुआवजा प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने चेतावनी दी कि कागजात उपलब्ध नहीं कराने पर किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। एसडीओ ने बताया कि मुख्य नहर का रेनोवेशन तथा कच्ची नहरों के पक्कीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। परियोजना के पूर्ण होने से किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा जिससे कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।

# दो बाइकों की टक्कर में तीन घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र के चिचौरा मोड़ के समीप गोह-गया मुख्य मार्ग पर सोमवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिसकी पहचान चंदन कुमार ग्राम-गरजू बिगहा, थाना-कोंच, सहेंद्र मांझी और ब्रिज मांझी दोनों के ग्राम कुडमा थाना-गोह, जिला-औरंगाबाद के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही कोंच थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर यशवंत कुमार की देखरेख में घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। घायलों की स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए तीनों को गया मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि फिलहाल किसी भी घायल द्वारा थाने में लिखित आवेदन नहीं दिया गया है।

# प्रतियोगिता में सफलता पाने के लिए मेहनत और लगन की आवश्यकता : डा. शैलेंद्र कुमार ओझा




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** अंतर महाविद्यालय एथलीट प्रतियोगिता आयोजक महाराजा कॉलेज आरा प्रतिभागियों को हिस्सा लेने के लिए जवाहरलाल नेहरू कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर शैलेंद्र कुमार ओझा एथलीट टीम के खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। खिलाड़ियों को जीत की अग्रिम बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि खेल को खेल भावना से खेला जाए तथा किसी भी प्रतियोगिता में सफल होने के लिए मेहनत और लगन की अति आवश्यकता होती है। साथ ही साथ टीम प्रबंधक डॉ अभिषेक कुमार एवं खेल प्रभारी डॉ कन्हैया कुमार सिंह को निर्देश दिए कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करें एवं हमेशा उनके रुचि अनुकूल खेल का अभ्यास करवाया जाए जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके इसके लिए मैं और मेरा महाविद्यालय परिवार सदैव हर संभव सहयोग करेगा। उक्त अवसर पर एथलीट खिलाड़ी अमर कुमार, विशाल कुमार, निरंजन कुमार, विक्की कुमार सिंह, बलराम शाह आदि खिलाड़ियों एवं टीम मैनेजर डॉक्टर अभिषेक कुमार सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी विभाग को महाविद्यालय के बड़सर फरीद आलम, मनोविज्ञान विभाग अध्यक्ष डॉ कमलनयन सिंह खेल प्रभारी प्रोफेसर कन्हैया सिंह, राजेंद्र प्रसाद, एसएन सिंह, आफताब आलम, राधा रमन सिंह, जितेंद्र सिंह आदि ने शुभकामना देते हुए जीत की अग्रिम बधाई दी।

# मांगों को लेकर राजद का भभुआ में धरना

## चक्रवाती तूफान से फसल नुकसान, धान खरीद शुरू न होने पर किसानों का आक्रोश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** जिला मुख्यालय भभुआ में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय जनता दल द्वारा धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना को संबोधित करते हुए राजद नेता अजीत सिंह ने कहा कि चक्रवर्ती तूफान के बाद किसानों को बहुआयामी नुकसान हुआ है। धान की कटाई की लागत काफी बढ़ गई है, लेकिन अब तक किसानों को एक प्रतिशत भी राहत नहीं मिली। सरकारी स्तर पर धान की खरीद शुरू नहीं होने से किसान बेहद परेशान हैं, इसी को लेकर आज धरना दिया जा रहा है। किसान नेता पशुपति सिंह ने कहा कि कैमूर की जनता ने एनडीए को प्रचंड बहुमत दिया, लेकिन जीते हुए जनप्रतिनिधि किसानों की पीड़ा पर मौन हैं। तूफान के कारण उपज कम हुई और अब किसान औने-पौने दाम पर धान बेचने को मजबूर हैं। इसी फसल से बच्चों की पढ़ाई, शादी-विवाह और इलाज जैसे खर्च पूरे होते हैं।

वीरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि हथिया नक्षत्र में अत्यधिक बारिश से किसान पहले ही टूट चुके हैं। बचे हुए धान की भी खरीद नहीं हो रही है। पूर्व मंत्री बृजकिशोर बिंद ने कहा कि यदि सरकार ने मांगें नहीं मानीं तो सड़क से सदन तक चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

# मऊ में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** प्रखंड अंतर्गत मऊ स्थित स्वामी विवेकानंद मिशन स्कूल परिसर में जय शंकर क्लिनिक, गया जी सहित अन्य संस्थाओं के सहयोग से मां निर्दोष सेवा केंद्र एवं बीपीएन ग्लोबल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन चिकित्सकों एवं आयोजकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर आयोजक हिमांशु शेखर ने अतिथियों का स्वागत मां तारा देवी के तैलीय चित्र भेंट कर किया। शिविर में दमा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, इसीजी सहित विभिन्न रोगों की निःशुल्क जांच की गई। शिविर में डॉ. संजीव कुमार, डॉ. मृदुल दीपांशु, डॉ. विनीत आनंद, डॉ. अनुराग कुमार, डॉ. अपराजिता, डॉ. पल्लव चौबे तथा डॉ. अमित नारायण रघु ने सैकड़ों मरीजों की जांच कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। जांच के उपरांत मरीजों को आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। इसके साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मऊ की ओर से भी मरीजों को दवाएं उपलब्ध कराई गईं। आयोजक बी पी एन ग्लोबल पब्लिक स्कूल के निदेशक नामित राजा एवं स्वामी विवेकानंद मिशन स्कूल के निदेशक मुकेश कुमार ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। वहीं मऊ पंचायत के पूर्व मुखिया सुधीर नारायण, पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, प्रो. विनोद सिंह, रामाधार सिंह, राधाकांत सिंह, पंचायत समिति सदस्य कविंद्र सिंह आदि ने ऐसे कार्यक्रमों की जरूरत बताई और आयोजकों को धन्यवाद कहा।


## कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।
Email Id – npsbnagar@gmail.com

### आम–सूचना

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 74 (AMD), राँची, दिनांक 07.02.2023 के आलोक में गढ़वा जिले के नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर शहरी क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Health and wellness Centre के संचालन हेतु चिकित्सक का सेवा प्राप्त किया जाना है। नगर पंचायत अंतर्गत चिकित्सक के चयन हेतु दिनांक 22.12.2025 को नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर कार्यालय के सभागार में पूर्वाह्ण 11:30 बजे Walk in interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :–

| क्र०सं० | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 01. | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02. | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्तकिसी भी संस्थान सेM.B.B.S. की डिग्री |
| 03. | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04. | मानदेय | रू० 63000/– (तिरसठ हजार रूपए मात्र) |
| 05. | कुल रिक्तियां | 01 (एक पद) |
| 06. | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 08 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09 | कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 08 घण्टा) | |

दिनांक 22.12.2025 को पूर्वाह्ण 11:30 बजे Walk in interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

PR 368562 (Urban Development) 25-26 (D)

प्रशासक,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।



## पूर्व रेलवे

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या: 161-165-एमएलडीटी-25-26, तारीख: 09.12.2025।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पोस्ट ऑफिस-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम संख्या:** 1। **निविदा संख्या: 161-एमएलडीटी-25-26। कार्य का नाम:** महाराजपुर-बिक्रमशिला के कार्य हेतु खुली ई-निविदा- वरिष्ठ मंडल अभियंता/II/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/साहिबगंज के अधीन वरिष्ठ सेक्शन अभियंता/पी.वे/साहिबगंज के लिए किमी. (किमी. 218-220.5 डाउन, 220.9-223 डाउन, 224-230.7 डाउन, 231.9-232.3 डाउन, 234.9-236.4 डाउन, 237.6-238.1 डाउन, 238.4-238.7 डाउन, 240.9-241.3 डाउन, 241.5-245.7 डाउन, 248.4-248.7 डाउन, 248.8-248.85 डाउन, 249-249.05 डाउन, 249.2-249.9 डाउन, 250-250.8 डाउन, 251.5-251.8 डाउन, 252-254.3 डाउन, 255.5-257.2 डाउन, 258.85-260.4 डाउन, 261.4-261.5 डाउन, 262.6-263.2 डाउन, 264.4-266 डाउन, 266.3-270 डाउन, 215.2-217 अप, 218-220 अप, 220.8-221.5 अप, 221.9-223 अप, 224-224.9 अप, 226.1-230.8 अप, 231.9-232.2 अप, 234.4-234.7 अप, 235.7-236.4 अप, 247-247.3 अप, 237-238.9 अप, 241-244 अप, 245.1-246 अप, 247.7-248.8 अप, 249.6-251 अप, 251.6-254.5 अप, 255.5-259 अप, 259.2-262.2 अप, 262.9-263.25 अप, 264.45-266.6 अप, 267.8-270.2 अप) पर सेस की मरम्मत द्वारा किनारों/उप किनारों की पुनर्बहाली। **निविदा मूल्य:** ₹ 30,03,11,012.23। **क्रम संख्या**-2। **निविदा संख्या: 162-एमएलडीटी-25-26। कार्य का नाम:** बिक्रमशिला-भागलपुर के कार्य हेतु खुली ई-निविदा- वरिष्ठ मंडल अभियंता/II/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/भागलपुर के अधीन वरिष्ठ सेक्शन अभियंता/पी.वे/भागलपुर-1 के लिए किमी. (272.2-273 डाउन, 274.4-274.6 डाउन, 275.8-280.4 डाउन, 280.7-284.6 डाउन, 285.8-290.7 डाउन, 290.7-291.9 डाउन) पर सेस की मरम्मत द्वारा किनारों/उप-किनारों की पुनर्बहाली। **निविदा मूल्य:** ₹ 6,59,26,985.80। **क्रम संख्या**-3। **निविदा संख्या: 163-एमएलडीटी-25-26। कार्य का नाम:** बड़हरवा-महाराजपुर के कार्य के लिए खुली ई-निविदा- मंडल अभियंता-I/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/न्यू फरक्का के अधीन वरिष्ठ सेक्शन अभियंता/पी.वे/बड़हरवा के लिए किमी. (195.9-196.03 डाउन, 197.02-197.7 डाउन, 199-200.03 डाउन, 201.04-202.7 डाउन, 203.95-206.2 डाउन, 207.3-209.3 डाउन, 210.6-212.7 डाउन, 213-213.2 डाउन, 213.6-213.8 डाउन, 214.5-215 डाउन, 194.1-197.7 अप, 199-202.7 अप, 203.8-206.2 अप, 206.6-207.8 अप) पर सेस की मरम्मत द्वारा किनारों/उप-किनारों की पुनर्बहाली। **निविदा मूल्य:** ₹ 10,06,40,299.97। **क्रम संख्या**-4। **निविदा संख्या: 164-एमएलडीटी-25-26। कार्य का नाम:** बाराहाट-दुमका (छोड़कर) एवं बाराहाट (छोड़कर)-बांका के कार्य के लिए खुली ई-निविदा- वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/भागलपुर के अधीन वरिष्ठ सेक्शन अभियंता/पी.वे/भागलपुर-II के लिए किमी. (किमी. 39.1-39.3 एसएल, 39.9-40.6 एसएल, 41.2-42.5 एसएल, 42.9-43.1 एसएल, 44-44.9 एसएल, 45.8-46.5 एसएल, 47.6-49.1 एसएल, 51.6-66 एसएल, 66.3-66.5 एसएल, 66.9-70.8 एसएल, 71.7-72.7 एसएल, 73.9-80.9 एसएल, 81.5-83.5-83.8 एसएल, 84.2-87.4 एसएल, 87.7-88.2एसएल, 88.6-90एसएल, 91-96.6एसएल, 97.7-101.5एसएल, 102.5-105.7 एसएल, 106.9-109.6 एसएल, 110.3-111.2 एसएल, 111.2-114.01 एसएल, 38.1-46एसएल, 46.8-47.7एसएल, 51.52.0एसएल) पर सेस की मरम्मत द्वारा किनारों/उप-किनारों की पुनर्बहाली। **निविदा मूल्य**: ₹ 31,06,44,947.22। **क्रम संख्या**-5। **निविदा संख्या: 165-एमएलडीटी-25-26। कार्य का नाम:** भागलपुर-बाराहाट (छोड़कर) के कार्य के लिए खुली ई-निविदा- वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/भागलपुर के अधीन वरिष्ठ सेक्शन अभियंता/पी.वे/भागलपुर-I के लिए किमी. (1.8-5.1एसएल, 6.4-7.0एसएल, 8.4-10.4 एसएल, 10.9-13.8 एसएल, 14.3-15.5 एसएल, 16.5-16.8 एसएल, 17.4-21.5 एसएल, 22-25.3एसएल, 28.5-29.5एसएल, 30.6-37एसएल) पर सेस की मरम्मत द्वारा किनारों/उप-किनारों की पुनर्बहाली। **निविदा मूल्य:** ₹ 11,02,77,585.50। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 02.01.2026 को अपराह्न 3.30 बजे (क्रम संख्या 1 से 5 प्रत्येक के लिए)। **वेबसाइट और सूचना पट्ट का स्थान: www.ireps.gov.in** और मंडल रेल प्रबंधक/मालदा का कार्यालय।

(MLD-263/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter**

संपादकीय

## किल्लत से बचने के लिए जरूरी है ऊर्जा संरक्षण

ऊर्जा के बिना जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती. सामान्यत: अदृश्य सी रहने वाली ऊर्जा हमारे दृश्य जगत को रचते हुए हर जगह हावी है. ऊर्जा के नए-नए स्रोत खोजे जाते रहे हैं जो आणविक ऊर्जा तक पहुंचे हैं. दरअसल आधुनिक जीवनशैली, पारिस्थितिकी, प्रदूषण और ऊर्जा के उपयोग के प्रश्न आपस में बुरी तरह गुंथे हुए हैं. विकास के साथ प्रतिव्यक्ति ऊर्जा की मांग बढ़ रही है. समृद्ध देशों में जीवन स्तर को उन्नत रखने के लिए अधिकाधिक ऊर्जा चाहिए, उभरते देशों में कृषि अर्थव्यवस्था से औद्योगिक व्यवस्था की तरफ आगे बढ़ने में भी ऊर्जा चाहिए.

भारत की विशाल जनसंख्या और आर्थिक गतिविधि में तेजी के कारण यहां ऊर्जा की मांग निरंतर बढ़ रही है. आज भारत विश्व में ऊर्जा की खपत की दृष्टि से तीसरे स्थान पर है. परंतु हमारा बुनियादी ढांचा कमजोर पड़ रहा है जिसके चलते बिजली की आपूर्ति में बड़ी बाधा पहुंचती है. यह भी गौरतलब है कि जीवाश्म ऊर्जा (फॉसिल फ्यूल) के अत्यधिक उपयोग से कार्बन उत्सर्जन की मात्रा भी तेजी से बढ़ रही है. इसका पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है. भारत की ऊर्जा मुख्यतया जीवाश्म ईंधन यानी कोयला, तेल तथा गैस से उपलब्ध होती है. आज देश में बिजली उत्पादन का 70 प्रतिशत कोयले पर टिका है.

आयात और घरेलू आपूर्ति में कमी के चलते यह अब महंगा पड़ रहा है. इस पर निर्भरता, ऊर्जा की बढ़ती मांग, अन्य देशों पर निर्भरता, पुराने किस्म का ढांचा और नवीकरण की संभावना वाले ऊर्जा स्रोतों को अपनाने में धीमी गति ने देश के सामने मुश्किलें खड़ी कर दी हैं. इनसे ऊर्जा-सुरक्षा, विकास के टिकाऊपन और पर्यावरण प्रदूषण से जुड़ी समस्याएं जन्म ले रही हैं. सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा में निवेश तो बढ़ा है, फिर भी कच्चे तेल और कोयले के आयात के कारण आर्थिक दबाव बहुत ज्यादा बना हुआ है. आज आवश्यकता है कि नवीकरणीय ऊर्जा का विस्तार हो और ऊर्जा का कुशल उपयोग किया जाए.

विशेषज्ञों के अनुसार वैश्विक स्तर पर ऊर्जा समस्या अगले सौ वर्षों में मानवता की शीर्ष दस समस्याओं में से एक गंभीर समस्या बनेगी. नवीकरणीय ऊर्जा समस्या से निपटने की एक अच्छी युक्ति है. सौर ऊर्जा मानव जाति की सभी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त भी है. इस विशाल ऊर्जा स्रोत का दोहन एक समाधान है. कम खर्चीले और प्रदूषणमुक्त ऊर्जा स्रोतों की खोज जारी है. हाइड्रोजन आधारित ऊर्जा के उपयोग की दिशा में प्रगति हुई है.

ऊर्जा संकट का एक व्यावहारिक पक्ष भी है. इस संकट का समाधान ऊर्जा-संरक्षण के लिए जरूरी अभ्यास की अपेक्षा करता है. आदतों में बदलाव द्वारा ऊर्जा के उपभोग में कमी लाकर ऊर्जा के दुरुपयोग को नियंत्रित और कम किया जा सकता है. इस दृष्टि से विभिन्न कार्यों के लिए कम ऊर्जा की खपत वाली ऊर्जा-सक्षम तकनीकों का अवलंबन भी कारगर साबित होगा

# पूरी दुनिया में महकती है भारत के चावल की खुशबू

**भारतीय चावल सिर्फ अनाज नहीं, संस्कृति का राजदूत है। प्राचीन खेतों से निकली खुशबू 172 देशों में महक रही है- अमेरिका के फ्यूजन व्यंजनों से लेकर अफ्रीका की थालियों तक। हरित क्रांति ने आधार दिया, तकनीक भविष्य संवार रही है। सुबह का सूरज जब पंजाब के हरे-भरे खेतों पर चमकता है, तो हवा में एक अनोखी खुशबू फैल जाती है। ये खुशबू है बासमती चावल की- लंबे दाने, बारीक सुगंध और स्वाद का वो राज जो सदियों से भारत की मिट्टी से निकलकर दुनिया के हर कोने तक पहुंच रहा है। आज, जब आप अमेरिका के किसी रेस्तरां में बिरयानी का मजा लेते हैं या सऊदी अरब के किसी घर में चावल की थाली सजती है, तो उसके पीछे भारत का स्वाद जुड़ा होता है। 'इंडियन राइस एक्सपोर्ट्स फेडरेशन' के आंकड़ों के अनुसार, भारत दुनिया का सबसे बड़ा चावल उत्पादक देश है और वैश्विक बाजार में 28 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है। वह शीर्ष निर्यातक भी है, जिसकी 2024-25 में वैश्विक निर्यात में 30.3 प्रतिशत की हिस्सेदारी है।**

**अमित कुमार**

भारत चावल की जो किस्में वैश्विक स्तर पर निर्यात करता है, उनमें 'सोना मसूरी' अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया जैसे बाजारों में पसंद की जाती है। लेकिन भारत का ये दबदबा रातोंरात नहीं बना। ये एक लंबी ऐतिहासिक यात्रा की कहानी है जो सिंधु घाटी से शुरू होकर आज के जीन-एडिटेड बीजों तक का सफर तय कर चुकी है। आइए, इस खुशबू की कहानी को विस्तार से समझते हैं।



भारतीय चावल की चर्चा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया दावे से शुरू हुई है। ट्रंप ने कहा है कि भारत को अमेरिकी बाजार में चावल डंप करना (सस्ते दामों पर बेचना) नहीं चाहिए और वह इस मामले से निपट लेंगे। ट्रंप ने चेतावनी दी कि टैरिफ लगाकर इस समस्या का आसानी से हल निकल जाएगा। ट्रंप ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'वाइट हाउस' में खेती और कृषि क्षेत्र के प्रतिनिधियों तथा अपने कैबिनेट के प्रमुख सदस्यों खासकर वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट और कृषि मंत्री ब्रूक रोलिन्स के साथ एक गोलमेज बैठक की। लुइसियाना में अपने परिवार के कृषि कारोबार 'केनेडी राइस मिल' का संचालन करने वाली मेरिल केनेडी ने ट्रंप से कहा कि देश के दक्षिणी हिस्से में चावल उत्पादक वास्तव में संघर्ष कर रहे हैं और अन्य देश अमेरिकी बाजार में चावल डंप कर रहे हैं यानी कि बेहद सस्ते दामों पर चावल बेच रहे हैं। जब ट्रंप ने पूछा कि कौन से देश अमेरिका में चावल सस्ते दामों पर बेच रहे हैं तो राष्ट्रपति के बगल में बैठीं केनेडी ने जवाब दिया- भारत और थाइलैंड; यहां तक कि चीन भी प्यूर्टो रिको में चावल सस्ते दामों पर बेच रहा है। प्यूर्टो रिको कभी अमेरिकी चावल का सबसे बड़ा बाजार हुआ करता था। हमने कई वर्षों से प्यूर्टो रिको में चावल नहीं भेजे हैं। ट्रंप ने फिर बेसेंट की ओर देखते हुए कहा- भारत, मुझे भारत के बारे में बताइए। भारत को ऐसा करने की अनुमति क्यों है? उन्हें टैरिफ देना होगा। क्या उन्हें चावल पर छूट मिली हुई है? इस पर बेसेंट ने कहा- नहीं सर, हम अभी उनके साथ व्यापार सौदे पर बातचीत कर रहे हैं। केनेडी ने ट्रंप को यह भी बताया कि भारत के खिलाफ विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में एक मामला चल रहा है। ट्रंप ने कहा कि इसे बहुत आसानी से निपटाया जा सकता है। उन्होंने कहा- यह उन देशों पर टैरिफ लगाकर बहुत जल्दी हल हो जाएगा, जो अवैध रूप से सामान भेज रहे हैं। अब आते हैं असली कहानी पर- भारत और चावल का इतिहास। चावल की कहानी भारत की सभ्यता से जुड़ी है। पुरातत्वविदों के अनुसार, 5000 साल से ज्यादा पुरानी सिंधु घाटी सभ्यता (लगभग 2500 ईसा पूर्व) में चावल की खेती के प्रमाण मिलते हैं। लोथल और राखीगढ़ी जैसे स्थलों पर मिले अवशेष बताते हैं कि हमारे पूर्वज नदियों के किनारे इस अनाज को उगा रहे थे। वेदों में भी 'अन्न' के रूप में चावल का जिक्र है, जो न सिर्फ भोजन था बल्कि पूजा-अर्चना का हिस्सा भी। संस्कृत में इसे 'अक्षत' कहा जाता है, जो अमरता का प्रतीक है। प्राचीन काल में चावल व्यापार का माध्यम बना। रोमन साम्राज्य से लेकर अरब व्यापारियों तक, भारतीय चावल मसालों के साथ जहाजों पर लादा जाता। लेकिन असली मोड़ आया मुगल काल में। कहा जाता है कि जहांगीर के समय (17वीं शताब्दी) बासमती चावल को 'बासमती' नाम मिला, जिसका मतलब है 'महकदार' या 'सुगंधित'। हालांकि इतिहास में इसको लेकर अलग-अलग दावे हैं। खैर, ये चावल हिमालय की तलहटी में उगता था- पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के मैदानों में। मुगलों ने इसे राजसी भोजनों का हिस्सा बनाया और जल्द ही ये यूरोप पहुंच गया। ब्रिटिश राज में चावल निर्यात औपचारिक रूप ले चुका था। 19वीं शताब्दी के अंत तक, भारत ब्रिटेन को चावल सप्लाई कर रहा था, जो औद्योगिक क्रांति के दौरान मजदूरों का मुख्य भोजन था।

स्वतंत्रता के बाद, 1950-60 के दशक में हरित क्रांति ने चावल उत्पादन को आसमान पर पहुंचा दिया। भारत रत्न एम.एस. स्वामीनाथन जैसे वैज्ञानिकों ने हाइब्रिड बीज, उर्वरकों और सिंचाई (जैसे पंजाब में नहरें) से उत्पादन को दोगुना कर दिया। 1960 में जहां भारत 50 मिलियन टन चावल पैदा करता था, वहीं आज ये 150 मिलियन टन को पार कर चुका है। इस क्रांति ने न केवल भुखमरी को रोका, बल्कि यह निर्यात का आधार बनी। 1970-80 के दशक में भारत ने अफ्रीका और मध्य पूर्व को सस्ता चावल भेजना शुरू किया, जो आज भी उसके प्रमुख बाजार हैं।

1990 के दशक में भारत ने चावल निर्यात में थाइलैंड और वियतनाम को पछाड़ना शुरू किया। वजह? विविधता- बासमती की प्रीमियम खुशबू और नॉन-बासमती का सस्तापन। 2000 तक भारत वैश्विक निर्यात का 20% हिस्सा ले चुका था। लेकिन चुनौतियां भी आईं। 2007-11 और 2023 में एल नीनो जैसी सूखे की वजह से भारत ने निर्यात प्रतिबंध लगाए, जिससे वैश्विक कीमतें 15 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। ये कदम घरेलू खाद्य सुरक्षा के लिए थे, लेकिन दुनिया को याद दिला दिया कि भारत के बिना चावल बाजार अधूरा है।

फिर भी, भारत ने दबदबा बनाए रखा। 2011 से भारत दुनिया का सबसे बड़ा चावल निर्यातक है। 2023 में आईईसी के आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने 11 बिलियन डॉलर का चावल निर्यात किया, जिसमें सऊदी अरब, ईरान और इराक प्रमुख खरीदार थे। बेनिन जैसे अफ्रीकी देशों ने नॉन-बासमती चावल के लिए 55.7 करोड़ डॉलर खर्च किए। ये आंकड़े बताते हैं कि भारत का चावल न सिर्फ अमीरों की मेज पर, बल्कि गरीबों की थाली में भी है।

2025 में भारत का चावल बाजार चरम पर है। खरीफ सीजन 2025-26 के पहले अनुमान के अनुसार, चावल उत्पादन रिकॉर्ड 124.50 मिलियन टन पहुंचेगा- पिछले साल से 1.73 मिलियन टन ज्यादा। कुल खाद्यान्न उत्पादन 173.33 मिलियन टन अनुमानित है। ये बढ़ोतरी मॉनसून की अच्छी बरसात और बेहतर सिंचाई से आई। आईआरआरआई और आईसीएआर ने 31 नई चावल किस्में लॉन्च कीं, जो जलवायु प्रतिरोधी हैं- जैसे डीआरआर धान 75, जो बासमती 5204 का बेहतर वर्जन है। मई 2025 में भारत ने दुनिया की पहली जीन-एडिटेड चावल किस्में- डीआरआर धान 100 (कमला) और पुसा छ्स्ज्ञ-1 जारी कीं। ये 19% ज्यादा पैदावार देती हैं, सूखा-सहनशील हैं और 20% ग्रीनहाउस गैस कम करती हैं।

ये देश खरीदते हैं भारत से सबसे ज्यादा चावल- सऊदी अरब, इराक, बेनिन, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका, बांग्लादेश, यमन, मलेशिया, सिंगापुर, अफगानिस्तान, नाइजीरिया, ब्रुनेई, कुवैत, जॉर्डन, नीदरलैंड्स, सेनेगल, उत्तरी मैसेडोनिया, कोटे डी'इवोरी एवं सूडानशामिल है। भारत ने 1 अप्रैल, 2024 से 25 मार्च, 2025 के बीच 198.65 लाख टन चावल एक्सपोर्ट किया। भारतीय चावल निर्यातक फेडरेशन 26 नए बाजारों - जैसे इराक, इंडोनेशिया, जापान, मैक्सिको पर नजर रखे हुए है। लेकिन चुनौतियां भी हैं। दिसंबर 2025 में डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ संकेतों से बासमती शेयरों में 10% गिरावट आई, लेकिन अमेरिका कुल निर्यात का सिर्फ 5% है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के डेटा के अनुसार, भारत ने 2023-24 में अमेरिका को 391.74 मिलियन डॉलर मूल्य का चावल एक्सपोर्ट किया, जो भारत के कुल चावल शिपमेंट का लगभग 3.1% है। भारत 179 अन्य देशों को भी चावल एक्सपोर्ट करता है। दूसरी ओर, वर्ल्ड इंटीग्रेटेड ट्रेड सॉल्यूशंस वेबसाइट के डेटा के अनुसार, 2024 में अमेरिका ने 1.6 बिलियन डॉलर मूल्य का जो चावल इम्पोर्ट किया, उसमें भारत का हिस्सा लगभग 26% था। सीधे शब्दों में कहें तो अमेरिका के लिए भारतीय चावल एक जरूरत हैं। ट्रंप का टैरिफ भारत को नुकसान नहीं पहुंचा पाएगा।

अध्यात्म

## मन अशांत हो तो प्रश्न बढ़ जाते हैं

अशांत मन हमेशा प्रश्नों से भरा होता है। जब मन में लगातार हलचल चलती रहती है, तब सही निर्णय लेना मुश्किल हो जाता है। ऐसा ही एक प्रेरक प्रसंग गौतम बुद्ध और एक अशांत व्यक्ति से जुड़ा है। ये प्रसंग हमें बताता है कि कभी-कभी मौन रहना ही मन को शांति देने का सबसे बड़ा तरीका बन जाता है। चर्चित प्रसंग के मुताबिक, गौतम बुद्ध प्रतिदिन अपने शिष्यों को उपदेश दिया करते थे। शिष्यों के अलावा उनके उपदेश सुनने के लिए दूर-दूर से लोग आते थे। एक दिन जब बुद्ध अपने शिष्यों को जीवन की गहराइयां समझा रहे थे, तभी एक व्यक्ति वहां पहुंचा। उसके चेहरे पर उलझन और बेचैनी दिखाई दे रही थी। उसने हाथ जोड़कर कहा कि तथागत, मेरा मन बहुत अशांत है। मेरे भीतर सैकड़ों प्रश्न उठते रहते हैं। कृपया मेरे सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए, ताकि मैं मन की शांति पा सकूं। बुद्ध बोले कि मैं तुम्हारे सभी प्रश्नों का उत्तर दूंगा, लेकिन पहले तुम्हें एक साल का मौन धारण करना होगा। एक साल बाद तुम जो चाहो पूछ लेना, मैं एक भी प्रश्न अनुत्तरित नहीं छोड़ूंगा। व्यक्ति हैरान था, लेकिन उसे बुद्ध पर विश्वास था। उसने पूछा कि क्या आप सच में एक साल बाद मेरे सभी प्रश्नों के उत्तर दे देंगे? बुद्ध ने दृढ़ स्वर में कहा कि मैं अपनी बात पर अटल हूं। बुद्ध की बात मानकर व्यक्ति ने मौन व्रत धारण कर लिया। शुरुआत में मौन कठिन था, लेकिन धीरे-धीरे उसका मन शांत होने लगा। बोलने की इच्छा घटने लगी और विचार स्वाभाविक रूप से स्थिर होने लगे। मौन ने उसके भीतर गहराई से झांकने की क्षमता विकसित कर दी। वह ध्यान में उतरने लगा और बाहरी दुनिया की हलचल से दूर अपने मन की परतों को समझने लगा।

एक साल बीत गया। बुद्ध ने उसे बुलाकर कहा कि अब तुम अपने प्रश्न पूछ सकते हो।

व्यक्ति मुस्कुरा उठा और बोला कि तथागत, अब मेरे मन में न कोई प्रश्न है, न कोई भ्रम। मौन ने ही मेरे मन को उत्तर दे दिया।

बुद्ध ने कहा कि जब मन अशांत होता है, तब प्रश्न बढ़ जाते हैं, लेकिन जब मन शांत हो जाता है, प्रश्न स्वयं ही समाप्त हो जाते हैं। मौन हमें भीतर ले जाता है, जहां सारे उत्तर पहले से मौजूद हैं।

ये प्रसंग हमें सीख देता है कि जीवन की कई उलझनों का समाधान बाहर नहीं, हमारे भीतर छिपा है। वहां पहुंचने का सरल मार्ग मौन है।

# दबाव के दायरे में पिसता बचपन...

**देश भर में बच्चों से लेकर युवाओं तक के जीवन पर पढ़ाई का दबाव और अन्य तरह के अवसाद भारी पड़ रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में विद्यार्थियों की आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं ने यह सोचने के लिए मजबूर कर दिया है कि आखिर हमारे शिक्षण संस्थानों में कैसा माहौल है और वहां किस तरह की शिक्षा दी जा रही है। इस समस्या के समाधान के लिए अभिभावकों, समाज और सरकार की ओर से सामूहिक रूप से व्यापक स्तर पर प्रयास क्यों नहीं किए जा रहे हैं?हम ऐसा सुनते और पढ़ते आए हैं कि शिक्षा मनुष्य को शोषण, दमन, हिंसा और असमानता से लड़ना सिखाती है, उन्हें अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाती है। स्कूल बच्चों को समाज का सभ्य नागरिक बनना सिखाते हैं, उन्हें जीवन के संघर्षों और चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते हैं। ऐसे में सवाल है कि आज बच्चों को किस तरह से शिक्षित किया जा रहा है कि उनके भीतर जीवन शुरू होने से पहले ही उसे समाप्त करने की प्रवृत्ति पैदा हो रही है!**

**ज्योति सिडाना**

कुछ समय पहले दो बड़ी घटनाएं हुई, जिन्होंने पूरे समाज को झकझोर दिया। राजस्थान में जयपुर के एक स्कूल की चौथी कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा ने इमारत से कूद कर आत्महत्या कर ली। इस घटना में पीड़ित छात्रा को सहपाठियों द्वारा तंग करने और शिक्षकों की ओर से उसकी शिकायतों को अनदेखा करने के आरोप लगे। दूसरी घटना में दिल्ली के एक स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र ने मेट्रो ट्रेन के आगे कूद कर खुदकुशी कर ली। इस मामले में शिक्षकों पर संबंधित छात्र को उपेक्षित-प्रताड़ित करने के आरोप लगे। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि कभी शिक्षा के मंदिर कहलाने वाले विद्यालय अब शिक्षा के बाजार बन गए हैं, जहां शिक्षा को ऐसे बेचा जाता है कि उससे अधिक से अधिक लाभ कमाया जा सके। आज के दौर में शिक्षा के व्यापार को सबसे अधिक फायदे वाला कारोबार माना जाता है। इस कारण अब हरेक नागरिक की शिक्षा तक समान पहुंच मुमकिन नहीं रह गई है।

देखा जाए तो बाजार ने शिक्षा का अर्थ और उद्देश्य, दोनों बदल डाले हैं। पहले विद्यार्थी तय करता था कि उसे किस तरह के विषय पढ़ने चाहिए, उसकी रुचि किसमें है। मगर अब बाजार तय करता है कि उसे कौन-सा विषय पढ़ना चाहिए। विद्यार्थियों की रुचि, योग्यता और कुशलता का निर्धारण भी बाजार ही करता है। यहां तक कि विद्यार्थी अपनी जिंदगी या करिअर में सफल है या असफल, यह भी बाजार ही तय करता है। इन घटनाओं ने यह सिद्ध कर दिया है कि मनुष्य अब संवेदनहीन, भावहीन और गैर-तार्किक मशीन में तब्दील हो चुका है, जिसका 'रिमोट' कुछ ताकतवर लोगों के हाथों में है। ऐसे में कई बार लोगों के मन में यह विचार भी आ सकता है कि इससे तो पहले का समाज ही अच्छा था, जहां लोग निरक्षर या कम पढ़े-लिखे थे, लेकिन स्वार्थ, लालच, धोखा, अविश्वास जैसे शब्दों से परिचित ही नहीं थे या उनसे दूर थे!

इतनी कम उम्र के बच्चे, जिन्हें सही से जीवन का अर्थ भी नहीं पता, संघर्षों और चुनौतियों ने जिन्हें अभी छुआ भी नहीं है, वे अचानक से जीवन को समाप्त करने जैसे निर्णय तक पहुंच रहे हैं तो आखिर इसकी क्या वजह है? समस्या कहां हैं- परिवार में, शिक्षण संस्थानों में, नीति निर्माताओं में, प्रशासनिक व्यवस्था में, पाठ्यक्रमों में या फिर पूरा समाज ही अव्यवस्थित हो गया है। शिक्षा का उद्देश्य तो बच्चों में सही-गलत एवं नैतिक-अनैतिक के बीच निर्णय लेना सिखाना है, कल्याणकारी समाज की नींव को मजबूत करने की भावना पैदा करना है, आलोचनात्मक चेतना विकसित करना है, मगर धरातल पर ऐसा हो नहीं रहा है। रही सही कसर तकनीक के विकास ने पूरी कर दी है।

इंटरनेट की दुनिया में सोशल मीडिया ने सूचना के प्रयास को भले ही आसान कर दिया है, लेकिन इससे बच्चों की कल्पनाशक्ति, सृजनात्मकता और कुछ अलग सोचने की क्षमता हाशिये पर आ गई है। समय और उम्र से पहले ही बच्चे वह सब



देखने और जानने लगे हैं, जिसकी जानकारी होना उनके लिए अभी जरूरी नहीं है। साथ ही इस भौतिकतावादी समाज में अभिभावक भी अपने बच्चों को 'स्मार्ट' बनाने की जल्दी में जिंदगी की संवेदना और अपने दायित्व को भूलते जा रहे हैं।

अब परिवारों में बच्चों की संख्या भले ही एक या दो ही रहने लगी है, लेकिन अभिभावकों के पास बच्चों के साथ बिताने के लिए समय ही नहीं है। इस कारण धीरे-धीरे बच्चे भी परिवार के स्थान पर स्मार्टफोन या सोशल मीडिया के साथ ज्यादा समय बिताने लगे हैं। ऐसे में बच्चों से यह अपेक्षा करना कि वे संस्कृति और समाज के साथ समायोजन करेंगे, संघर्षों और चुनौतियों का सामना करना सीखेंगे, बहुत दूर की कौड़ी है। बच्चों को एक उम्र तक डिजिटल दुनिया से दूर रखने के लिए कई देशों ने कोशिशें शुरू कर दी हैं, ताकि तकनीक के दुष्प्रभावों से भावी पीढ़ी को बचाया जा सके। दक्षिण कोरिया, फिनलैंड, फ्रांस, आस्ट्रेलिया, नीदरलैंड, चीन, इटली और हंगरी जैसे देशों में छात्रों का ध्यान पढ़ाई पर केंद्रित करने और डिजिटल दुनिया की लत को समाप्त करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

प्राथमिक समाजीकरण जो पहले परिवार का दायित्व था, वह अब डिजिटल मीडिया करने लगा है। इसलिए अब इनके द्वारा उत्पन्न विचारों और सूचनाओं को हम बिना संदेह के विश्वसनीय और प्रामाणिक मानने लगे हैं। नतीजतन, बच्चे 'बंधक मस्तिष्क' और 'सीमित व्यक्तित्व' वाले बनते जा रहे हैं। मशहूर शिक्षाविद नील पोस्टमैन का कहना है कि आज की पीढ़ी निरर्थक विचारों से भरी और नकलची है, उसके पास जुमले हैं, मगर विचारधारात्मक चिंतन नहीं है। यह अलगाव का चरम स्तर है और ऐसे में समाज के विकास की दिशा क्या होगी, यह कहना मुश्किल है। आज की पीढ़ी के बच्चों ने अपने बचपन को जिया ही नहीं, उनकी मासूमियत जल्दी परिपक्वता में बदल रही है, तकनीक एवं डिजिटल मीडिया ने उम्र एवं समय से पहले ही इनका बचपन छीन लिया है।

राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, देश में विद्यार्थी आत्महत्या की दर प्रतिदिन करीब 38 है, जो पिछले बारह वर्षों में लगभग पैंसठ फीसद बढ़ी है। वर्ष 2023 में मृतक विद्यार्थियों-परीक्षार्थियों की संख्या 13,892 बताई गई है। ये तथ्य बहुत चौंकाने वाले हैं।

यह समस्या किसी एक की नहीं है, बल्कि परिवार, समाज, शिक्षण संस्थान और सरकार सभी को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। केवल नीतियां बनाने से अगर काम चल सकता, तो विद्यार्थियों की आत्महत्या की घटनाओं को कब का रोक लिया गया जाता। विचारणीय विषय यह है कि छोटी-सी उम्र में बच्चे अगर आत्महत्या जैसा कदम उठा रहे हैं, तो सोचिए कि उस समय उनकी मानसिक हालत कैसी रही होगी और वे किस दर्द से गुजर रहे होंगे। कहा जाता है कि शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है, जिससे दुनिया को बदला जा सकता है, मगर दुनिया इस तरह बदलेगी, संभवतः ऐसी कल्पना किसी ने कभी भी नहीं की होगी। यह सच है कि जब तक कोई पीड़ा असहनीय नहीं होती, तब तक इंसान हिम्मत नहीं हारता और अगर हमारे बच्चे हिम्मत हारने लगे हैं, तो हम सबको मिलकर इसके कारण और समाधान तलाशने होंगे।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपकी व्यवहार कुशलता की लोग प्रशंसा करेंगे। उधार के लेन-देन में आपको लाभ मिलेगा। घर में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा।

**वृषभ**
आज आपको त्वरित निर्णय नहीं लेने चाहिये। कुछ लोग आपका अपमान कर सकते हैं। जोखिम भरे निवेश करने से पहले पूरी जानकारी ले लें।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन हो सकते हैं। अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। लोगों के बीच आपके किसी अच्छे काम की चर्चा होगी।

**कर्क**
घर के किसी सदस्य के व्यवहार को लेकर थोड़े खिन्न हो सकते हैं। आज घर में टेलीविजन और फोन पर व्यस्त रहेंगे। दूसरों की सहायता करने से सुकून मिलेगा।

**सिंह**
आपकी वाणी में सौम्यता आपको परिवार में विशेष सम्मान का हकदार बनायेगी। ससुराल पक्ष में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है।

**कन्या**
व्यापार में नुकसान की आशंका से परेशान रहेंगे। छात्र कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। नाक, कान और गला सम्बन्धी समस्या हो सकती है।

**तुला**
विद्यार्थी अपनी रणनीति में कुछ प्रयोग कर सकते हैं। स्वजनों का भरपूर प्रेम और सम्मान प्राप्त होगा। पुराने मित्र से आपको सहायता मिलेगी।

**वृश्चिक**
सम्पत्ति के विक्रय की योजना बनायेंगे। प्रेम विवाह को लेकर सहमति बन सकती है। आपके द्वारा कही गयी कोई बात सत्य सिद्ध होगी।

**धनु**
रियल एस्टेट से जुड़े मामलों में सावधानी रखें। गुप्त शत्रु आपके खिलाफ भावनायें भड़का सकते हैं। मस्तिष्क में नयी योजनाओं का प्रवाह बढ़ता जायेगा। विरोधियों के बीच आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

**मकर**
कार्यक्षेत्र में कोई बड़ा परिवर्तन करना पड़ सकता है। बच्चों के व्यवहार में नियन्त्रण रखें। किसी धार्मिक संस्था में सम्मिलित हो सकते हैं। आज गृहकार्यों में अत्यधिक व्यस्त रहने वाले हैं।

**कुंभ**
मनोरञ्जन के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। पति-पत्नी आपसी प्रेम और भाईचारा बनाकर रखें। खानपान में आप परिवर्तन कर सकते हैं।

**मीन**
आज आप अत्यन्त प्रसन्न रहने वाले हैं। नये सम्पर्कों से लाभ मिलेगा। कोई मूल्यवान वस्तु आपको प्राप्त हो सकती है। दिल की बजाय दिमाग से काम करें।

## संक्षिप्त समाचार

### विशेष अभियान में दो गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है ।प्रभारी थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि डकैती के अभियुक्त सन्नी को चोंदी से पकड़ा गया है। वहीं दूसरी तरफ मिल्कीपर बुढ़नीचक गांव से सुरेश चौधरी को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस को उनकी तलाश थी।

### कोचिंग संचालक पर जानलेवा हमला

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोसाई मठ मोहल्ले में कोचिंग संचालक अभिषेक कुमार पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला किया और परिसर में घुसकर तोड़फोड़ की। इस संबंध में कोचिंग संचालक के पिता वीरेंद्र सिंह ने थाने में केस दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### दूध के डब्बे में मिली देसी शराब, आरोपी गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के भुनेश्वरी चौक के पास वाहन जांच के दौरान पुलिस ने दूध के गैलन में 20 लीटर देसी शराब बरामद किया। मौके पर आरोपी मलाही गांव निवासी सौरभ कुमार को गिरफ्तार किया गया ।छापेमारी मद्ध निषेध निरीक्षक राजेंद्र कुमार के नेतृत्व में की गई।

### बहादुर मंजिल मदरसा में कौमी एकता कार्यक्रम

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ सदर बाजार स्थित बहादुर मंजिल के मदरसा नुरुल इस्लाम में कौमी एकजुटता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कई लोग शामिल हुए।

### समस्तीपुर की किशोरी बाढ़ से बरामद

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के आश्रय स्थल में रह रही किशोरी को छानबीन के बाद समस्तीपुर निवासी रेलकर्मी पिता को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार किशोरी भटकते हुए बाढ़ पहुंच गई थी जिसे नगर परिषद के आश्रय स्थल में नागरिकों ने पहुंचाया। पिता को देखकर पुत्री भावुक को गई।

### दो मोटरसाइकिलों के बीच भिड़ंत दो लोग जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार की संध्या मध्य विद्यालय जमुनी चक चौक के पास दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें दोनों मोटरसाइकिल सवार बीच रोड पर गिर गया। गिरने से दोनों मोटरसाइकिल पर बैठे हुए दो युवक को गंभीर चोटें लगी है। हालांकि दो लोग को हल्की छोटे लगी है। टक्कर होने के बाद कुछ देर के लिए विवाद करने लगे लेकिन स्थानीय लोगों के पहुंचने के बाद दोनों मोटरसाइकिल से बाले अपने वाहन को उठाकर फिर अपने-अपने घर की ओर चल दिए। सामने से आ रही ट्रक ने हादसा को दूर से देख लिया नहीं तो कोई अनहोनी घटना घट सकती थी।

### डीटीओ ने कई वाहनों की चेकिंग कर जुर्माना किया

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। सोमवार की संध्या बाजार समिति रोड इलाके में सिकंदरपुर पुल के पास पटना डीटीओ की गाड़ी और पुलिस बल के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें यात्री बस विशेष कर जांच किए गए जिसमें स्कूल से बच्चे को छोड़कर लौट रहे स्कूल बस और शमशान घाट जा आ रहे बस को निशाना बनाया गया और करीब एक दर्जन बस के चालान काटे गए। पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि विभागीय आदेश के अनुसार यह टीम जांच अभियान चलाती है।

### एसपी पटना ग्रामीण अपराजित लोहान पहुंचे बाढ़

**सुनी लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश**



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार को लगभग 3 बजे पटना ग्रामीण एसपी अपराजित लोहान बाढ़ पहुंचे, जहां उन्होंने बाढ़ थाना में जनता दरबार आयोजित किया। बाढ़ थाना में आयोजित जनता दरबार में उन्होंने जनता से जुड़ी कई अपराधिक एवं जमीनी विवाद की समस्याओं को सुना तथा उसके निष्पादन हेतु पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सप्ताह दो थानों में जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य पुलिस और आमजन के बीच दूरी को कम करना है, तथा जनता की समस्याओं से अवगत होकर थाना के स्तर से या फिर डीएसपी या एसडीओ के स्तर से उसका निष्पादन किया जा सके। वहीं भगवतीपुर कर्मौर में हुई एक नाबालिग की हत्या के मामले पर उन्होंने कहा कि सभी बिंदुओं पर उसकी जांच की जा रही है, जैसे ही इस सम्बन्ध में कोई बात निकलकर सामने आएगी, तो जानकारी दी जाएगी। मौके पर एएसपी बाढ़ आनंद कुमार, बाढ़ थानाध्यक्ष ब्रजकिशोर सिंह एवं अंचलाधिकारी सहित विभिन्न अनुसंधानकर्ता एवं अधिकारी मौजूद रहे।

### सीपीडीओ ने किया आंगनबाडी केंद्रों का निरीक्षण

**बच्चों कम पाये जाने पर सेविका व सहायिका कडी फटकार**



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार को सीडीपीओ सबीना अहमद ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के एक दर्जन आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान इन केंद्रों की व्यवस्था देख सीडीपीओ काफी नाराज हुई. सीडीपीओ ने बताया निरीक्षण के दौरान कई केंद्रों पर बच्चों की उपस्थित कम पाये जाने पर सेविका-सहायिका को कडी फटकार लगाया और सख्त निर्देश दिया कि केंद्र पर बच्चों की उपस्थित पूरा होना चाहिए. सीडीपीओ ने बताया कि सभी केंद्रों पर टीएचआर का वितरण किया गया है. सीडीपीओ ने बताया कि केंद्र की सेविका-सहायिका को इस बाबत कड़ी चेतावनी दी गयी है कि समय पर केंद्र खोले और समय से पहले छुट्टी न दें.

### प्रेम प्रसंग में फरार नाबालिग प्रेमी जोड़ी बरामद

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एक सप्ताह पूर्व मनेर के एक गांव से प्रेम प्रसंग मामले में फरार हुए नाबालिग प्रेमी प्रेमिका को पुलिस पटना से बरामद कर लिया है। दोनों को बरामद कर पुलिस अपने साथ थाने ले आई है और मामले में उचित कार्रवाई के लिए जुटी हुई है। मनेर थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि प्रेम प्रसंग मामले में फरार नाबालिग प्रेमी और प्रेमिका को काफी मशक्कत के बाद पटना से बरामद किया गया है। उक्त मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### आधा दर्जन शराब की भट्ठियों को पुलिस ने किया ध्वस्त

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के सुअरमरवा-चौरासी दियारा पर पुलिस ने टीम तैयार कर शराब के खिलाफ विशेष रूप से कार्रवाई करते हुए छापेमारी अभियान चलाया। मनेर थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार के नेतृत्व में किए गए यह छापेमारी अभियान के दौरान पुलिस ने आधा दर्जन चल रहे दियारा पर शराब की भट्ठियों को ध्वस्त करते हुए अर्ध निर्मित 10,000 लीटर देसी शराब को नष्ट कर दिया। पुलिसिया कार्रवाई के दौरान शराब माफिया और शराब कारोबारी मौके से फरार हो गए। छापेमारी टीम में एएसआई अभय कुमार, विजय शंकर, चौकीदार महावीर पासवान, अविनाश कुमार सहित कई पुलिस कर्मी थे।

### आपसी विवाद को लेकर गोलीबारी

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के सोमवार को देर शाम छोटी मछुआ टोली में दो गुटों में आपसी विवाद को लेकर 2 व 3 राउंड गोलीबारी किया गया है. जिससे अफरा तफरी मच गई.गोलीबारी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. बताया जाता है कि रविवार को भी दोनों के बीच मारपीट हुई थी और सोमवार को देर शाम छोटी मछुआ टोली निवासी जॉनी कुमार के साथ मारपीट करते हुए बदमाशों ने गोलीबारी किया गया था. सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच कर मामले की छानबीन शुरू कर दिया गया है. प्रभारी थानाध्यक्ष सिंटू कुमार झा ने बताया कि दो गुटों में आपसी विवाद को लेकर गोलीबारी हुई है और लिखित आवेदन पर मामला की छानबीन किया जा रहा है.

### विधायी संस्था के सभापति बनाये जाने पर बधाई



**बिहटा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिक्रम विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक सिद्धार्थ सौरभ को विधायी संस्था के सभापति बनाये जाने पर विधानसभा क्षेत्र सहित उनके पैतृक गांव अमहरा में खुशी का माहौल कायम हो गया।ग्रामीणों ने इस खुशी की मौके पर मिठाई बाँट कर अपनी खुशी साझा करते हुए कहा कि सिद्धार्थ जी के नेतृत्व में दबे-कुचलो की आवाज को प्राथमिकता मिलेगी।लोगो ने कहा कि यह नियुक्ति न केवल हमारे विधायक की वरिष्ठता और नेतृत्व क्षमता का प्रतीक है, बल्कि पार्टी व जनता के प्रति उनकी सेवा की पहचान भी है।

# दानापुर में अतिक्रमण पर लगातार चल रहा प्रशासन का बुलडोजर



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर में 13वें दिन सोमवार को जिला प्रशासन के निर्देश पर रूपसपुर नहर किनारे बसे अतिक्रमणकारियों पर बुलडोजर चलाया गया. दर्जनों झोपडियों को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया है. अतिक्रमण हटाने के दौरान अतिक्रमणकारियों का विरोध का प्रशासन को करना पडा. रूपसपुर नहर किनारे पाया संख्या 193 से 198 तक टाउन क्लिन ऑपरेशन चलाया दंडाधिकारी सह सीओ चंदन कुमार के नेतृत्व में रूपसपुर नहर पाया संख्या 193 से 198 तक अभियान चलाया गया है. परिषद ईओ पंकज कुमार व ईओ (व्यवस्था ) रवि कुमार ने बताया कि नप व नगर निगम के संयुक्त अभियान चलाया गया है. उन्होंने बताया कि पूरे नगर को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जायेगा और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाया जायेगा. यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोबारा अतिक्रमण करने वालों से जुमार्ना वसूला जायेगा. साथ ही कानूनी कारवाई की जायेगी.

**दानापुर छावनी प्रशासन का चला बुलडोजर**

आठवें दिन सोमवार को अनुमंडल व छावनी परिषद प्रशासन ने झुनझुन रोड मोड से इमलीतल मोड तक सडक के दोनों किनारे अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया. बुलडोजर से नाला पर स्थायी ओटा व अस्थायी अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया है और सडक किनारे झोडियों व गुमटी को भी ध्वस्त किया गया है. कागाजी मोहल्ला मोड के पास ओटा तोडने को लेकर अतिक्रमणकारियों व पुलिस के साथ नोंक-झोंक हुई है. बाद में मामलों को शांत कराया दिया गया. अतिक्रमणकारियों का आरोप है कि स्थायी रूप से पक्का अतिक्रमण करने वालों को नोटिस देकर छोड दिया जाता है और गरीब व लाचार लोगों के ओटा पर बुलडोजर चलाया जाता है और जुर्माना वसूला जाने का आरोप लगाया है. दंडाधिकारी सह नप के नगर प्रबंधक अमरेंद्र कुमार ने बताया कि जिला व अनुमंडल प्रशसन के निर्देश पर छावनी परिषद क्षेत्र में अभियान चलाकर नाला पर किये गये अतिक्रमण को हटाया जा रहा है. उन्होंने बताया कि सडक किनारे स्थायी व अस्थायी रूप से किये गये 6 अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिया गया है और नही हटाते है तो बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया जायेगा. उन्होंने बताया कि अभियान में किसी तरह का भेदभाव नही किया जा रह है. छावनी परिषद प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों से 5 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया है.

## जेसीबी ने बाइक सवार दंपत्ति को कुचला, पत्नी की मौके पर हुई मौत



**बिहटा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार को बिहटा थानाक्षेत्र के राघोपुर तीन मोहानी के पास एक तेज रफ्तार जेसीबी केरान ने बाइक सवार दंपत्ति सह पति-पत्नी को कुचल डाला। घटना में पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई ।जबकि पति बाल बाल बच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस की टीम और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे के भाग रहे जेसीबी को पकड़ के पुलिस के हवाले किया। हालांकि मौके से चालक फरार हो गया। मृतक महिला की पहचान नौबतपुर थानाक्षेत्र निवासी रामप्रवेश साव की 65 वर्षीय पत्नी श्याम सुंदरी देवी के रूप में हुई है। मौत की सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। घटना को लेकर मृतक महिला के पति रामप्रवेश साव ने बताया कि मैं और पत्नी दोनों एक ही बाइक से डॉक्टर से दिखाने के लिए बिहटा के अस्पताल जा रहा था ।तभी राघोपुर के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार जेसीबी केरान ने पहले बाइक में टक्कर मारी और मेरी पत्नी रोड पर गिर गई और उसे कुचल दिया।जिसके बाद हम लोगों ने इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले गए। लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्ट के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई।

## सीडीपीओ के साथ सुपरवाइजर ने की हाथापाई, प्राथमिकी दर्ज

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के बाल विकास परियोजना कार्यालय में सीडीपीओ रीता कुमारी के साथ कार्यशैली के विवाद को लेकर महिला सुपरवाइजर रेखा शर्मा ने हाथापाई की। बीच बचाव करने के लिए आए अन्य कर्मियों को भी कथित तौर पर रेखा शर्मा ने गाली गलौज किया। सीडीपीओ के बयान पर बाढ़ थाने में सुपरवाइजर रेखा शर्मा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वही इस घटना के बाद कार्यालय में व्याप्त अराजकता की पोल खुल गई है। जानकारी के अनुसार 11 दिसंबर को महिला सुपरवाइजर रेखा शर्मा के द्वारा मनमर्जी से कार्य करने को लेकर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रीता कुमारी ने पूछताछ की। इसके बाद रेखा शर्मा आपे से बाहर हो गई और सीडीपीओ एवं अन्य कर्मियों के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।इस संबंध में सीडीपीओ के द्वारा सुपरवाइजर रेखा शर्मा को कई बार दायित्व पूरा नहीं करने को लेकर शॉकॉज किया गया था। इसी को लेकर विवाद चल रहा था। शोकॉज करने के विवाद में आकर रेखा शर्मा ने सीडीपीओ पर हमला कर दिया। बीच बचाव के दौरान दूसरे कर्मियों को भी भलाबुरा कहा। पुलिस को दिए गए बयान में अधिकारी ने अपने साथ हुई मारपीट करने की बात कही है। मामले को लेकर सीडीपीओ रीता ने बताया कि यह उनका अपना निजी ऑफिशियल मामला है ।घटना को लेकर वह कोई भी प्रति उत्तर नहीं देंगी। बहरहाल विवादों से घिरे बाल विकास परियोजना कार्यालय की कार्यशैली इस मारपीट की घटना के बाद उजागर हो गई है। पूर्व में भी कई बार प्रखंड प्रमुख द्वारा बाल विकास परियोजना कार्यालय में व्याप्त गड़बड़ी को लेकर उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की थी। मगर नतीजा कुछ नहीं निकला।

## कृषि अनुसंधान परिसर में पांच दिवसीय 'बदलते जलवायु परिदृश्य में मोटे अनाज की खेती' प्रशिक्षण का शुभारंभ



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में दिनांक 15 दिसंबर 2025 को पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 'बदलते जलवायु परिदृश्य में मोटे अनाज की खेती' का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), किशनगंज द्वारा प्रायोजित है, जिसमें किशनगंज जिले के विभिन्न प्रखंडों से 15 किसान भाग ले रहे हैं। उद्घाटन सत्र में किसानों को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने कहा कि मोटे अनाज (कदन्न) कम पानी और सीमित संसाधनों में उगाई जाने वाली फसलें हैं, जो प्रति बूंद अधिक उत्पादन के सिद्धांत को साकार करती हैं। उन्होंने बताया कि कदन्न फसलों को अपनाने से फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलता है, उत्पादन लागत घटती है तथा किसानों की आय में वृद्धि होती है। इस अवसर पर डॉ. संजीव कुमार, प्रभागाध्यक्ष, फसल अनुसंधान सह पाठ्यक्रम निदेशक ने कहा कि कदन्न आज के समय की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। जलवायु परिवर्तन तथा पोषण सुरक्षा की बढ़ती चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए किसानों को इसके उत्पादन की दिशा में आगे आना चाहिए। डॉ. राकेश कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक सह पाठ्यक्रम निदेशक ने प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को कदन्न की उपयुक्त किस्मों, मानक कृषि प्रबंधन पद्धतियों, रोग एवं कीट प्रबंधन, मूल्य संवर्धन तकनीकों तथा उच्च आय और पोषण सुरक्षा से संबंधित उन्नत तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। डॉ. आशुतोष उपाध्याय, प्रभागाध्यक्ष, भूमि एवं जल प्रबंधन प्रभाग एवम डॉ. कमल शर्मा, प्रभागाध्यक्ष, पशुधन एवं मत्स्य प्रबंधन प्रभाग ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखे. कार्यक्रम को सफल बनाने में पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. शिवानी, डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. रचना दूबे, डॉ. अभिषेक कुमार दूबे, डॉ. कुमारी शुभा, डॉ. कीर्ति सौरभ एवं डॉ. गौस अली का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. अभिषेक कुमार जबकि धन्यवाद ज्ञापन पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. राकेश कुमार द्वारा किया गया।

# श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग का विशेष व्याख्यान आयोजित

**तनावपूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक दौर में मन का संतुलन बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती :मंत्री संजय सिंह**





**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना के सभागार में मन प्रबंधन एवं जीवन कौशल विषय पर एक विशेष प्रेरणादायी व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग-सह-युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री संजय सिंह (टाइगर) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री संजय सिंह (टाइगर) ने कहा कि आज के तनावपूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक दौर में मन का संतुलन बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती है. ऐसे व्याख्यान युवाओं और कर्मचारियों को मानसिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ सकारात्मक सोच विकसित करने में अहम भूमिका निभाते हैं. उन्होंने कहा कि जीवन कौशल का विकास केवल रोजगार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के संपूर्ण व्यक्तित्व को निखारता है. मंत्री ने संस्थान द्वारा इस तरह के सार्थक और प्रेरक कार्यक्रम आयोजित करने की सराहना की. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रख्यात प्रेरक संत एवं विचारक स्वामी मुकुंदानंद ने आधुनिक जीवनशैली में बढ़ते तनाव, असंतुलन और मानसिक दबाव पर विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि मन का सही प्रबंधन ही सफल, शांत और उद्देश्यपूर्ण जीवन की कुंजी है. स्वामी मुकुंदानंद ने भगवद गीता के सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए बताया कि कर्मयोग, अनुशासन और आत्मबोध केवल आध्यात्मिक विचार नहीं, बल्कि दैनिक जीवन में अपनाने योग्य व्यावहारिक सूत्र हैं. उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि यदि वे गीता के संदेशों को अपने आचरण में उतारें, तो वे न केवल तनाव से मुक्त रह सकते हैं, बल्कि बेहतर निर्णय क्षमता, आत्मविश्वास और आंतरिक शांति भी प्राप्त कर सकते हैं. व्याख्यान के दौरान श्रोताओं ने गहन रुचि के साथ विचारों को सुना और कार्यक्रम को अत्यंत प्रेरणादायी बताया.

### एसडीओ ने किया अनुमंडल अस्पताल का औचक निरीक्षण आधा दर्जन डॉक्टर गायब

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल पदाधिकारी आशीष रंजन ने सोमवार की संध्या 4:30 बजे के आसपास अनुमंडल अस्पताल बाढ़ का औचक निरीक्षण करने पहुंच गए इस दौरान अस्पताल के करीब आधा दर्जन चिकित्सा बिना आवेदन के ही अस्पताल से गायब दिखे साथ ही अस्पताल प्रबंधन के द्वारा उनके अटेंडेंस भी नहीं काटे गए थे जिसको लेकर एसडीओ भड़क गए इस दौरान उन्होंने करीब 45 मिनट तक अनुमंडल अस्पताल के हर एक वार्ड स्टोर रूम और दवा वितरण केंद्र का भी निरीक्षण किया साथ ही कई आवश्यक दस्तावेज की जांच पड़ताल का काम अभी भी चल रहा है। अनुमंडल अस्पताल के नए भवन करोड़ की लागत से बनकर तैयार है और उसमें ओपीडी भी चल रहा है लेकिन चिकित्सक और कई कर्मी के गायब रहने के चलते मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जांच के बाद जब एसडीओ बताया कि कई चिकित्सक गायब मिले हैं जिनका वेतन काटा जा रहा है।

## प्रखंड प्रमुख के तानाशाही रवैये से कुरथौल पंचायत का विकास बाधित

**पंचायत अध्यक्ष विक्की उर्फ रंजीत ब्रेन हेमरेज के शिकार**



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कुरथौल पंचायत में बीते करीब पांच वर्षों से अपेक्षित विकास कार्य नहीं हो पाने का आरोप लगाते हुए पंचायत प्रतिनिधियों ने फुलवारी शरीफ प्रखंड प्रमुख ज्योति देवी पर गंभीर आरोप लगाए हैं. पंचायत अध्यक्ष विक्की कुमार उर्फ रंजीत और पंचायत समिति सदस्य बेबी देवी ने कहा कि प्रखंड स्तर पर भेदभावपूर्ण रवैये के कारण कुरथौल पंचायत को विकास योजनाओं से वंचित रखा गया है. पंचायत समिति सदस्य बेबी देवी ने बताया कि वह पूर्व में उप-प्रमुख पद के चुनाव में प्रत्याशी थीं. आरोप है कि इसके बाद प्रखंड प्रमुख ज्योति देवी और उनके सहयोगी जनप्रतिनिधियों ने दुर्भावनापूर्ण तरीके से कुरथौल पंचायत में विकास योजनाओं को धरातल पर उतरने नहीं दिया. लगातार उपेक्षा और दबाव के कारण पंचायत अध्यक्ष विक्की कुमार उर्फ रंजीत मानसिक तनाव में आ गए. बेबी देवी ने कहा कि प्रखंड प्रमुख के तानाशाही रवैये और पंचायत के विकास को रोकने की साजिश का असर उनके पति के स्वास्थ्य पर पड़ा. अत्यधिक तनाव के कारण विक्की कुमार उर्फ रंजीत को अचानक ब्रेन हेमरेज हो गया. कई दिनों तक अस्पताल में इलाज के बाद उनकी जान बच पाई. उन्होंने आरोप लगाया कि कुरथौल पंचायत का विकास नहीं होने के लिए पूरी तरह फुलवारी शरीफ प्रखंड प्रमुख जिम्मेदार हैं, जो नहीं चाहतीं कि पंचायत आगे बढ़े. पंचायत प्रतिनिधियों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच हो और कुरथौल पंचायत में विकास कार्यों को अविलंब शुरू कराया जाए.

# टेंडर हार्ट्स स्कूल में वार्षिक समारोह आयोजित

**'नॉस्टैल्जिया - ए वॉक बैंक इन टाइम'**



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टेंडर हार्ट्स स्कूल ने 'नॉस्टैल्जिया ए वॉक बैक इन टाइम' की दिल को छू लेने वाली थीम के साथ अपना वार्षिक समारोह 2025 सफलतापूर्वक मनाया, जिसमें दर्शकों को बचपन की यादों, भावनाओं और कालातीत कहानियों के माध्यम से एक भावपूर्ण यात्रा पर ले जाया गया। कार्यक्रम का शुभ शुभारंभ अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार, निदेशक संगीता भार्गवा, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अपर्णा जमुआर और प्रधानाध्यापिका (सीनियर विंग) अनुमिता वर्मा द्वारा औपचारिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का आरंभ एक मनमोहक स्वागत नृत्य से हुआ, जिसने शाम के लिए एक खुशनुमा माहौल तैयार किया। प्रत्येक प्रस्तुति ने अतीत के सार को खूबसूरती से प्रस्तुत किया, जिसमें छात्रों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। मां के प्यार पर एक भावपूर्ण प्रस्तुति ने मां और बच्चे के बीच साझा किए जाने वाले भावनात्मक बंधन और स्नेह को दशार्या। इसके बाद एक ऊजार्वान और रंगीन अरबी नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों को मध्य पूर्वी लय की जीवंत दुनिया में पहुंचा दिया। छात्रों ने जंगल बुक के एक जीवंत प्रदर्शन के माध्यम से बचपन की क्लासिक कहानियों के जादू को जीवंत कर दिया, जिसके बाद एक आकर्षक सिंड्रेला स्किट प्रस्तुत की गई, जिसमें टीम वर्क, अभिव्यक्ति और नाटकीय कौशल को उजागर किया गया। चार्ली चैपलिन पर आधारित एक विशेष कार्यक्रम में महान हास्य कलाकार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिसमें छात्रों ने उनके चिरपरिचित हास्य और मनमोहक व्यक्तित्व को जीवंत कर दिया। इसके बाद मंच पर नन्हे सुपरहीरो के प्रवेश से उत्साह का माहौल छा गया, जिन्होंने बहादुरी, दयालुता और कल्पनाशीलता का जश्न मनाया। पिता के प्यार पर एक भावपूर्ण प्रस्तुति ने पिता की मौन शक्ति और समर्थन को उजागर किया, जिसने सभी उपस्थित लोगों के दिलों को छू लिया। इसके बाद, '80 के दशक का एक रविवार' नामक प्रस्तुति ने दर्शकों को एक अलग युग में पहुँचा दिया, जिसमें सरल खुशियों और पुराने माहौल का भावुक चित्रण किया गया था। समारोह का समापन एक शानदार और ऊजार्वान डिस्को डांस के साथ हुआ, जिसने दर्शकों को तालियाँ बजाने और जयकारे लगाने पर मजबूर कर दिया। अपने संबोधन में, प्रधानाचार्या अपर्णा जमुआर ने विद्यालय में अपनाई जाने वाली बाल-केंद्रित शिक्षण पद्धतियों, कठोर प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से शिक्षकों के सशक्तिकरण और विद्यालय के सहायक शिक्षण वातावरण पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार और निदेशक संगीता भार्गवा ने छात्रों के व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण में पूर्व-विद्यालय शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इन विविध और आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से, टेंडर हार्ट्स स्कूल पुराने और नए को एक साथ लाने में सफल रहा सभी को बचपन के जादू, परिवार की गर्मजोशी और हमेशा के लिए रहने वाली यादों की सुंदरता की याद दिलाते हुए। यह कार्यक्रम संस्कृति, रचनात्मकता और पुरानी यादों का एक मनमोहक मिश्रण था, जिसने इसे छात्रों, अभिभावकों और मेहमानों के लिए एक यादगार शाम बना दिया।

# नितिन नवीन को भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर बधाई

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बने बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन के बनने पर भाजपा कार्यालय गांधी कॉम्प्लेक्स में सोमवार को जिलाध्यक्ष पवन राज के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा बधाई देते हुए खुशी मनाया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने आपस में अबीर-गुलाल लगाते, पटाखे छोड़ते, एक दूसरे को मिठाई खिला कर और नारा लगा कर हर्ष व्यक्त किया। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री राज ने कहा कि यह हम सबके लिए हर्ष का विषय है कि संसदीय बोर्ड ने एक युवा और ऊर्जावान व्यक्ति पर विश्वास जताते हुए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है। उन्होंने कहा कि श्री नवीन ने छत्तीसगढ़ के चुनाव प्रभारी के रूप में



अपनी सफलता का ध्वज लहराते हुए अपनी दूरदृष्टि और नेतृत्व क्षमता से केंद्रीय नेतृत्व को साक्षात्कार करवाया। उनका यह सम्मान हम सबके और बिहारवासियों के लिए गौरव और गर्व का क्षण है। मौके पर उप मेयर डॉ॰ लालबाबू प्रसाद, शिक्षा प्रकोष्ठ प्रो अरुण मिश्रा, उपाध्यक्ष सुधांशु रंजन, मीना मिश्रा, विनोद कुमार, जिला प्रवक्ता साजिद राजा संजीव सिंह, जिला सह मीडिया प्रभारी सुधीर गुप्ता, आशीष कुमार, आईटी जिला संयोजक ऋषभ झा, सोशल मीडिया जिला संयोजक पंकज सिन्हा, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष बबलू पासवान, उत्तरी मंडल उपाध्यक्ष धीरज जायसवाल, डॉ उमेश चंद्र, विधानसभा संयोजक ओमप्रकाश सिंह, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ मोर्चा संजय ठाकुर, कला संस्कृति जिला प्रकोष्ठ संयोजक सुदीप कुमार,उषा गुप्ता, नीता सिन्हा, पूजा सिन्हा, पूजा सिंह ,उषा गुप्ता,शोभा गुप्ता, पुतुलप्रिया, सविता वर्मा,आशा चंद्रा, प्रदेश लघु उद्योग सह संयोजक दीपक सर्राफ, रंजना श्रीवास्तव, कमल क्लब जिला संयोजक सन्नी सिंह, जिलामंत्री हिमांशु सिंह, जिला मंत्री युवा मोर्चा विशाल सिंह,एवं सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बांकीपुर के विधायक नितिन नवीन को भाजपा का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर बनकटवा प्रखंड के भाजपा कार्यकताओं में काफी हर्ष व्याप्त है। इस मनो नयन के लिए कार्यकर्ताओं ने संसदीय बोर्ड का आभार व्यक्त किया और खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस मनोनयन से बिहार एवं बिहार वासियों का मान सम्मान तथा गौरव बढ़ा है। प्रसन्नता जाहिर करने वालों में पूर्व जिला प्रभारी वरुण सिंह, पूर्व प्रमुख गणेश यादव, किसान मोर्चा अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, श्याम सुंदर श्रीवास्तव, प्रमोद कुशवाहा, सुबोध यादव, अवधेश सिंह, छोटेलाल यादव, सुभाष साह, गगन देव पंडित, रमेश शाह, धर्मेंद्र सिंह, अखिलेश मिश्रा, गजेंद्र राम, बलिराम तिवारी, शिवचंद्र पासवान, मुन्ना साह, धर्मेंद्र यादव, रामशब्द कुशवाहा, नागा साह, पवन चौधरी, ललन चौधरी, बबलू श्रीवास्तव, शिवचंद्र शर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।



## संक्षिप्त समाचार

### शादी की नीयत से किशोरी का अपहरण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय किशोरी का अपहरण कर लिया गया। 10 दिसंबर को किशोरी स्कूल गई थी, लेकिन शाम तक वापस नहीं आई। परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो पता चला कि आकाश कुमार नामक युवक ने उसे शादी की नीयत से बहला-फुसलाकर अपहरण किया। किशोरी के पिता ने इस मामले में जगदीशपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जमीन की बाउंड्री तोड़कर सामान चुराया

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के नया बाजार वार्ड 15 निवासी अरविंद कुमार ने मनुआपुल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमें धोबी टोला वार्ड पांच के निवासी शंकर पासवान, बसंत पासवान, हेमंत पासवान, प्रभु पासवान, अर्जुन पासवान, भारत पासवान, भुवाली पासवान, बादल पासवान, लालबाबू पासवान, राजा पासवान, गोलू पासवान, रुना देवी और रिंकी देवी को आरोपित किया है। अरविंद कुमार का आरोप है कि आरोपितों ने उसकी जमीन का बाउंड्री तोड़कर 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी और विरोध करने पर उसे धमकाया। आरोपितों ने उसकी संपत्ति से सामान चुराया, जिसमें चौकी, गैस सिलेंडर, चूल्हा आदि शामिल थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### छापेमारी में 20 लीटर चुलाई शराब बरामद

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारपुर पुलिस ने भसुरारी गांव में शराब की बिक्री व कारोबार की सूचना पर छापेमारी की है। इस कारवाई में पुलिस ने 20 लीटर चुलाई शराब बरामद किया है। हालांकि कारोबारी पकड़ में नहीं आ सका है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि सूचना के आलोक में छापेमारी की गई है। हालांकि कारोबारी फरार हो गया है। बरामद शराब को जब्त करते हुए कारोबारी की पहचान की जा रही है। मामले में अग्रेत्तर करवाई की जा रही है।

### दो बाइकों की टक्कर में जख्मी

**साठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेतिया नरकटियागंज मुख्य मार्ग में साठी मुशहरवा के पास सोमवार की सुबह दो बाइक के आमने-सामने की टक्कर में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायल व्यक्ति की पहचान थाना क्षेत्र के शेख टोला कटहरी निवासी खुर्शीद आलम उर्फ शेख मुना और दूसरे की पहचान गौनाहा थाना के अमोलवा पकड़ी निवासी राजेश कुमार महतो के रूप में हुई है। दोनों घायलों का इलाज स्थानीय निजी क्लीनिक डॉक्टर वसीउल्लाह के यहां कराया गया। जहां स्थिति की गंभीरता को देखते हुए खुर्शीद आलम उर्फ शेख मुना को बेतिया रेफर कर दिया गया।

### चोरी की स्कॉर्पियो को पुलिस ने पकड़ा, चालक गिरफ्तार

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हरैया पुलिस ने रात्रि गश्ती के दौरान आईसीपी रोड पर नेपाल की ओर जा रही एक स्कॉर्पियो को संदेह के आधार पर रोककर जांच की, जिसमें वाहन चोरी का बड़ा खुलासा हुआ। पुलिस द्वारा वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर को ल्ल्ऊमशीन से जांचने पर ह्ननो फाउंडढ दिखाया गया। इसके बाद चेसिस नंबर जांच में घिसा हुआ पाया गया, जबकि दूसरी ओर अलग से चेसिस नंबर पंच किया गया था। इंजन नंबर भी पंचिंग किया हुआ मिला। ल्ल्ऊमशीन एवं ऋळड कार्यालय में की गई जांच में वाहन से संबंधित कोई विवरण नहीं मिला, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि स्कॉर्पियो चोरी की है और फर्जी रजिस्ट्रेशन व कूटरचित चेसिस नंबर के सहारे चलाई जा रही थी। मामले में स्कॉर्पियो चालक अब्दुल अंसारी (40), पिता—अमजद आलम, निवासी—नरकटियागंज थाना शिकारपुर तथा वाहन मालिक मनोज आलम (47), पिता—सैफ आलम, निवासी—नरकटियागंज, जिला पश्चिम चंपारण के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेज दिया है।

### चार अभियुक्तों के घर इश्तेहार चिपकाया

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पुलिस अधीक्षक के आदेश पर आदापुर थाना क्षेत्र के कयी जगहों पर कुर्की अभियान के साथ ही साथ इशतेहार चिपकाया गया,इस महा कुर्की अभियान में स्थानीय थाना प्रभारी पप्पु पासवान ने अपने दल-बल के साथ ठकुराई टोला मूर्तियां गांव निवासी स्वगीर्य सुखदेव राम के पुत्र धुमन राम जिनपर छौडादोनो थाना काण्ड संख्या 49/2015,टी आर नम्बर 236/25 के अभियुक्त है जिनका कुर्की की गई, वहीं दुसरी ओर मूर्तियां गांव निवासी र छेया भगत के पुत्र योगेन्द्र राम माननीय न्यायालय के ट्रायल नंबर 239/2023,के अभियुक्त के यहां कुर्की की गई जबकि परिजनो के द्वारा मृत्यु होने की जानकारी देते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र पेश किया गया, धबधबवा गांव निवासी मनेचर मांझी के पुत्र कमलदेव मांझी श्यामपुर पासी टोला निवासी शम्भू चौधरी के पुत्र के मृत्यु होने के दरमियान परिजनो ने मृत्यु प्रमाण पत्र देने की बात बताई।

### सीमा क्षेत्र में अफीम और चरस बरामद

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीमा क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से एस एस बी के जवानों ने चरस और अफीम बरामद किए हैं, आपको बता दूं कि बीओपी मूर्तियां डी कम्पनी कोरैया 71बटालियन मोतिहारी की सीमा चौकी पार्टी ने नियमित ड्यूटी के दौरान 6 किलो ग्राम चरस,हशीश, जैसा पदार्थ जप्त किया, मूर्तियां टोला के पास आई एन बी बीपी नम्बर 381/26 के पास से पकड़ी गई , तस्कर नेपाल में भाग निकला,यह खेप नेपाल से भारत में तस्करी के उद्देश्य से लाया जा रहा था, जब्त किए गए पदार्थ को आदापुर थाना में जांच के लिए पुलिस को सौंप दी गई, वहीं दुसरी ओर इंटेलिजेंस सेट अप 71 बटालियन एस एस बी मोतिहारी से प्राप्त जानकारी के आधार पर सी कम्पनी बीओपी घोड़ासहन 71बटालियन मोतिहारी और हरपुर पुलिस के सहयोग से आईएनबी पीलर संख्या 385/04 से दो सौ पचास मीटर की दूरी पर एक भारतीय तस्कर पकड़ा गया,जिनके पास से 1.035 किलो ग्राम अफीम काले पौलोथीन में पाये गये,और 520 ग्राम चरस भूरे रंग के पौलोथीन में जप्त की गई, पकड़े गए आरोपी उत्तर प्रदेश के बलिया थाना रसरा परधानपुर निवासी रामनाथ चौधरी के पुत्र वीर अभिमन्यु चौधरी के रूप में पहचान कर हरपुर थाना प्रभारी को आवश्यक सामग्री सहित सूपूद कर दी गई।

### महापौर ने किया वृद्धजन आश्रय का निरिक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोतिहारी नगर निगम क्षेत्र में संचालित वृद्धजन आश्रय स्थल का आज महापौर श्रीमती प्रीति कुमारी द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने आश्रय स्थल में रह रहे सभी वृद्धजनों से मिलकर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा उन्हें हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वृद्धजनों की सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कमी न रहे और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। साथ ही, बढ़ती ठंड को ध्यान में रखते हुए आश्रय स्थल में गर्म वस्त्र, कंबल, पर्याप्त हीटिंग व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। महापौर ने कहा कि वृद्धजनों की देखभाल नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है और उनके सम्मानजनक एवं सुरक्षित जीवन के लिए नगर निगम हर संभव प्रयास करता रहेगा।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ढाका- मोतिहारी मुख्य मार्ग के सेनुवरिया मोड़ के समीप रविवार की देर शाम एक अज्ञात वाहन ने बाईक सवार को ठोकर मार दिया। जिससे बाईक सवार बुरी तरह घायल हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से उसे मोतिहारी के निजी अस्पताल ले जाने के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के कोलासी गांव निवासी चितरंजन कुमार यादव के पुत्र कवि रंजन(22) के रूप में हुई है। जो मोतिहारी जा रहा था कि सेनुवरिया मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने उसे ठोकर मारकर जख्मी कर दिया और भागने में सफल रहा है। थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पदाधिकारी को घटनास्थल पर भेजा गया है। जब तक ग्रामीणों के सहयोग से घायल को ईलाज हेतु मोतिहारी भेज दिया गया है। इधर अज्ञात वाहन की खोज की जा रहा थी। शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया गया है। परिजन के तरफ से अभी प्राथमिकी हेतु कोई आवेदन पत्र थाना में प्राप्त नहीं है। आवेदन पत्र आते ही कारवाई की जायेगी।

### रेलवे बूम को किया क्षतिग्रस्त, हुआ गिरफ्तार

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल-सीतामढ़ी रेलखंड के रेलवे बूम को क्षतिग्रस्त करने के मामले में रेल पुलिस ने एक बाइक सवार युवक को गिरफ्तार किया है.घोड़ासहन आरपीएफ पोस्ट प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि छौड़ादानो आदापुर के बीच रेलवे गेट संख्या 20 बी पर एक बाइक सवार युवक ने ढाला बंद रहने के क्रम में रेलवे बूम में ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया.घटना की सूचना मिलते ही उक्त युवक को पुलिस ने पकड़कर उसके बाइक को जब्त कर लिया.

## भाजपा ने आत्मनिर्भर संकल्प अभियान का किया शुभारंभ



**चकिया (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नव बिहार टाइम्स संवाददाता । पिपरा विधानसभा के चकिया शहर के गांधी मैदान के मुख्य द्वार के सामने भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का आरंभ किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के नेता अखिलेश सिंह ने कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर सैकड़ो की तादाद में आम जनता ने स्वदेशी संकल्प पत्र को भरकर स्टॉल पर जमा किया। प्रदेश नेता अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि अपने दैनिक जीवन में अधिकतम भारतीय उत्पादों का उपयोग करना है। घर ,काम और समाज में भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देना है। युवा और बच्चों को स्वदेशी द्वारा आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करना है। पारिवारिक और सामाजिक जीवन में भारतीय भाषाओं का उपयोग करने पर बल देना है। साथ ही साथ पर्यावरण के प्रति सजग रहकर स्वदेशी और प्रकृति अनुकूल उत्पादों का दैनिक जीवन में उपयोग करने का संकल्प लेना है।

## स्काउट के प्रथम व द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** जिला शिक्षा पदाधिकारी, सारण के पत्र के आलोक में यादव क्षत्रिय उच्च विद्यालय, खोदाईबाग में प्रथम एवं द्वितीय सोपान स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में यादव क्षत्रिय उच्च विद्यालय खोदाईबाग के साथ इस्लामिया उच्च विद्यालय, ओल्हनपुर तथा मध्य विद्यालय, खोदाईबाग के स्काउट एवं गाइड भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में जिला आयुक्त (स्काउट) अरूण परासर एवं जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अमन राज की गरिमामयी उपस्थिति रही। शिविर का संचालन विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मंतव्य राज पाण्डेय के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

## शेखौना बिनटोली में चला प्रशासन का बुलडोजर, 60 घरों को तोड़ने में लगा प्रशासन

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाई कोर्ट के आदेश के बाद प्रखण्ड के शेखौना बिन टोली में प्रशासन का बुलडोजर चला। यह करवाई निमोईया मौजे के नदी किनारे बसे बस्ती पर चला। जिसमें झोपडी के साथ साथ तीन मंजिले मकान भी उसके आगोश में था। ग्रामीणों के विरोध को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा बड़ी तैयारी की गयी थी। दण्डाधिकारी के साथ साथ 250 पुरुष बल तथा 200 महिला आरक्षी मौजूद थे यह करवाई गांव के मुन्ना मुस्ताक के कोर्ट में मुकदमा के कारण होना बताया



गया है। प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की करवाई को भारी भीड़ देखती रही। कई गरीब अगले दिन से सर्द भरी रात में खुले आकाश के नीचे सोने को विवश होंगे। इस करवाई में घोड़ासहन सीओ आनन्द कुमार, बनकटवा सीओ अतुल कुमार, बनकटवा राजस्व अधिकारी सम्राट कुमार, घोड़ासहन थानाध्यक्ष संजीव कुमार, जितना थानाध्यक्ष सुधीर कुमार तथा झरोखर थानाध्यक्ष असलम अंसारी सहित सैकड़ों पुलिस बल मौजूद थे।

## डीएम ने की विकास योजनाओं की समीक्षा दिए सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का



क्रियान्वयन तेज गति से निर्धारित समय सीमा में किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने गुणवत्ता और पारदर्शिता पर जोर दिया और अनियमितता या गड़बड़ी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। डीएम ने आईसीडीएस की डीपीओ को आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित संचालन और शौचालय, पेयजल, विद्युत कनेक्शन की व्यवस्था का निर्देश देते हुए अवैध खनन पर रोक, छापेमारी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को समय पर किस्तों का भुगतान, आवास सहायकों की निगरानी करने के साथ हीं पंचायतो में आरटीपीएस काउंटरों का प्रचार-प्रसार तथा राजस्व विभाग को जमाबंदी और ई-मापी के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। इसके साथ हीं डीएम श्री सिंह ने उर्वरक की कालाबाजारी पर एफआईआर दर्ज करने, पैक्स गोदामों का भौतिक सत्यापन, और स्टॉर्म ड्रेनेज सिस्टम के निर्माण में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर समाहर्ता, नगर आयुक्त, और सभी जिलास्तरीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

## प्रखंड परिसर में भटकने वाले बिचौलियों पर सख्ती

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड प्रशासन अब बिचौलियों को लेकर सख्त हो गया है। सोमवार को ग्रामीण क्षेत्र से पहुचे आवेदकों को बहलाकर ठगी करने के आरोप में एक युवक को पकड़ा गया। हालांकि उसे कड़ी चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। इस संदर्भ में प्रधान लिपिक सह प्रखंड नाजिर प्रदीप पासवान ने बताया कि आवेदकों के बहलाने और रुपये एठने के आरोप में एक युवक को गार्ड द्वारा पकड़ा गया था। हालांकि उसके पास से कोई कागजात बरामद नही हुआ है। पूछताछ में उसने बताया है कि वह आवेदकों को बहलाकर उससे रुपये की ठगी कर रहा था। हालांकि उसके पास से कोई कागजात नही मिलने की वजह से उसे कड़ी चेतावनी के बाद छोड़ दिया गया है।

## मोतिहारी चैम्बर ऑफ कॉमर्स का पारिवारिक वनभोज संपन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोतिहारी चैम्बर ऑफ कॉमर्स का भव्य परिवारिक वनभोज कार्यक्रम सुदूर गांव सिसवा पूर्वी पंचायत, पर अध्यक्ष अंगद सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में चैम्बर के 30 परिवारों के कुल 94 सदस्यों ने भाग लिया। परिवारों के आपसी मेल-मिलाप और मनोरंजन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियों और खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें शामिल थे। राउंड राउंड फेरा, हाऊजी विथ सॉन्ग, बैलून बैलेंस गेम बच्चों के लिए, पैदल बोटिंग। कार्यक्रम का सफल संचालन पुर्व अध्यक्ष डॉ विवेक गौरव और पूर्व महासचिव रवि केजरीवाल ने किया। उपस्थित सभी सदस्यों ने लजीज भोजन का भरपूर आनंद लिया। इस वनभोज कार्यक्रम के संयोजक अध्यक्ष अंगद सिंह थे, जिनका सहयोग महासचिव आलोक कुमार, कोषाध्यक्ष अभिषेक लोहिया, अरविंद श्रॉफ और चंदू मिश्रा ने किया। इस विशेष आयोजन में पूर्व अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, संजय जायसवाल, रवि कृष्ण लोहिया , जितेंद्र ज्वेलर्स, राजीव विजडम, प्रशांत जायसवाल, सुरेश चंद्र उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, विनय देवकुलियार राजीव जायसवाल,डॉ कमलेश कुमार सहित सैकड़ों व्यवसायी सदस्य और उनके परिवार शामिल हुए। चैम्बर के इस आयोजन ने परिवारों को एक साथ लाने और आपसी संबंधों को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई।

## पल्स पोलियो अभियान को लेकर मांझी में चलाया गया जागरूकता अभियान

**मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी प्रखंड में 16 दिसंबर से प्रारंभ होने वाले पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। संपर्क अभियान के तहत गोबरही स्थित शिव शक्ति धाम परिसर में पहुंचकर डॉ. रोहित कुमार ने उपस्थित लोगों को प्लस पोलियो अभियान की महत्ता की जानकारी दी और बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाने की अपील की। जागरूकता कार्यक्रम के उपरांत डॉ. रोहित कुमार ने शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद मंदिर परिसर स्थित लघु वाटिका में राजद नेता सुधांशु रंजन, जदयू जिला सचिव सुनील कुमार सिंह तथा शिव शक्ति धाम परिषद के अध्यक्ष विजय सिंह ने



संयुक्त रूप से हर्बल तुलसी का पौधारोपण किया। इस अवसर पर लोगों से 16 दिसंबर से प्लस पोलियो अभियान में सक्रिय भागीदारी करने तथा मंदिर परिसर में लगाए गए पौधों के संरक्षण की भी अपील की गई। मौके पर शिव शक्ति धाम परिषद के अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा कि मंदिर परिसर में तुलसी का पौधा लगाना अत्यंत शुभ माना जाता है। यह देवी लक्ष्मी का स्वरूप एवं भगवान विष्णु को प्रिय है, जिससे सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, दरिद्रता दूर होती है तथा सुख-समृद्धि और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होते हैं।

## झांसा देकर महिला के गले से डेढ़ लाख की चेन लेकर युवक हुआ फरार

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र के आमडाढ़ी गांव निवासी स्व. हनीफ अंसारी की पत्नी खुशबू नेशा एकमा बाजार से अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान एक युवक ने उन्हें पांच लाख रुपये मिलने का झांसा देकर ठगी की वारदात को अंजाम दे दिया। बताया जाता है कि युवक ने काली पॉलीथीन में पांच रुपये का साबुन रखकर उसे पांच लाख रुपए बताकर महिला को थमा दिया। इसी बहाने उसने खुशबू नेशा के गले से करीब डेढ़ लाख रुपये मूल्य की सोने की सिकड़ी उतार ली और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़िता ने शोर मचाया, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुका था। सूचना मिलने पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## ट्रेक्टर पर पुआल में छिपाकर लाई गई विदेशी शराब जब्त

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मद्य निषेध विभाग की टीम ने सोमवार की सुबह नौतन के शिवराजपुर नहर के समीप छापेमारी कर 129.6 लीटर विदेशी शराब व एक ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया है। टीम ने शराब तस्कर पूर्वी चंपारण के पहाड़पुर थाना के सटहा निवासी संजय यादव को गिरफ्तार कर लिया है। अधीक्षक मद्य निषेध सीमा चौरसिया ने बताया कि सोमवार की सुबह एसआई प्रिंस कुमार ने शिवराजपुर नहर के समीप छापेमारी किया। जहां से ट्रैक्टर ट्राली पर लोड शराब को



पकड़ा गया। बताया जाता है कि तस्कर पुआल में छुपा कर शराब की खेप दियारा इलाके से ला रहा था। इसे मडुवाहा ले जाने की साजिश थी। इसी बीच उत्पाद विभाग की टीम को इसकी भनक लग गई। टीम छापेमारी कर शराब जब्त कर तस्कर को गिरफ्तार कर ली। इधर शनिवार को उत्पाद विभाग की टीम ने बैरिया के मच्छर गावा नहर चौक पर छापेमारी कर 105 पीस टेट्रा पैक शराब व एक बाइक जब्त की है। इस दौरान धंधेबाज पूर्वी चंपारण के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के कनछेदवा वार्ड पांच निवासी इरशाद अंसारी को गिरफ्तार किया गया। जबकि हरसिद्धि थाना क्षेत्र के यादवपुर वार्ड चार निवासी संदीप कुमार को शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उसके पास से टीम 86 पीस टेट्रा पैक शराब व एक बाइक बरामद की। पूछताछ के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# सारण्य महोत्सव के तत्वावधान में विभिन्न प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण्य महोत्सव के तहत आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के शुभारंभ के लिए सारण्य महोत्सव अंतरराष्ट्रीय कार्यालय में उद्घाटन सत्र का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र की शुरूआत सारण्य महोत्सव के संरक्षक रामदयाल शर्मा, अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश राज, महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, सुरेश प्रसाद सिंह, सुभाष ओझा, डॉ सम्पूणार्नंद सिंह, जितेन्द्र सिंह व अमित कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। मौके पर अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश राज एवं महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष सारण्य महोत्सव के अंतर्गत प्रमंडल, जिला एवं प्रखंड स्तर पर विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।




आउटडोर गेम्स में वॉलीबॉल प्रतियोगिता, महिला कबड्डी एवं एथलेटिक्स, जबकि इंडोर गेम्स में चेस, बैडमिंटन एवं बॉक्स क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही शैक्षणिक प्रतियोगिताओं के अंतर्गत टैलेंट सर्च प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता, साहित्यिक प्रतियोगिता में राष्ट्रीय भाव पर आधारित कविता लेखन, तथा सांस्कृतिक प्रतियोगिता सह प्रदर्शन में गायन, वादन एवं नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रस्तावित है। संरक्षक रामदयाल शर्मा ने बताया कि सारण्य महोत्सव का मुख्य आयोजन 16 जनवरी 2026 को राजेन्द्र स्टेडियम, छपरा परिसर में किया जाएगा, जहां सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं का पुरस्कार वितरण सह सम्मान समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता चन्द्र प्रकाश राज ने की, जबकि संचालन महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल ने किया। आगत अतिथियों का स्वागत सुभाष ओझा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन जितेन्द्र सिंह ने किया। इस अवसर पर सारण्य महोत्सव के संरक्षक रामदयाल शर्मा, अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश राज, महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, सुरेश प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ सम्पूणार्नंद सिंह, सुभाष ओझा, अमित कुमार सिंह, डॉ शशि भूषण शाही, पत्रकार के. के. सिंह सेंगर, धर्मेंद्र रस्तोगी, जितेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## अमवा माझार पंचायत में बीडीओ का औचक निरीक्षण

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन कुमार ने अमवा माझार पंचायत का औचक भ्रमण कर पंचायत स्तर पर संचालित सरकारी योजनाओं और संस्थानों की गहन जांच की। निरीक्षण के दौरान सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच की गई, जहां साफ-सफाई, पोषाहार वितरण, उपस्थिति पंजी संधारण और बच्चों की नियमित उपस्थिति में कई कमियां पाई गईं। बीडीओ ने संबंधित सेविकाओं को एक सप्ताह के भीतर सभी खामियों को दूर करने का सख्त निर्देश दिया।इसके बाद पंचायत अंतर्गत संचालित जन वितरण प्रणाली की दुकानों की भी जांच की गई। जांच के दौरान खाद्यान्न वितरण को लेकर लाभुकों से कई शिकायतें मिलीं। कुछ दुकानों पर अनियमितता पाए जाने पर दुकानदारों को चेतावनी देते हुए समयबद्ध सुधार का निर्देश दिया गया।

CMYK

## एक नजर

### जदयू के पोगर पंचायत अध्यक्ष बने मनोज सिंह

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखण्ड के पोगर पंचायत के कार्यकारी अध्यक्ष सनथुआ गांव के मनोज कुमार सिंह को मनोनीत किया गया। जदयू विधायक प्रमोद कुमार सिंह, कार्यकारी प्रखण्ड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा एवं संतोष सिंह ने मनोज सिंह को मनोनयन पत्र दिया। मनोनित पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि जिस आशा एवं उम्मीद केसाथ पंचायत अध्यक्ष बनाया गया है खरा उतरने का प्रयास करूंगा। पार्टी को और मजबूती प्रदान करने सहित साथियों को साथ लेकर चलूंगा। जो भी पार्टी का निर्देश मिलेगा उसका पालन करना मेरा दायित्व है।

### ई-रिक्शा और बाइक की टक्कर में दो घायल

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** थाना क्षेत्र के एनएच - 19 पर ई-रिक्शा और बाइक की टक्कर में बाइक चालक समेत दो लोग घायल हो गए। घायलों का ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज किया गया। घायलों की पहचान बाइक चालक सुनील कुमार और ई-रिक्शा चालक रंजय कुमार के रूप में की गई है। घायल सुनील कुमार रिसियप थाना क्षेत्र के दुधैयला गांव निवासी सोहन चौधरी के बेटा हैं जबकि रंजय कुमार मदनपुर थाना क्षेत्र के घोरहत निवासी शिवनारायण सिंह का बेटा हैं। सुनील कुमार ने बताया कि वह गया जिले के चंडीस्थान स्थित अपनी बहन के घर से वापस अपने गांव लौट रहा था। इस दौरान बनिया मोड़ पास दुर्घटना का शिकार हो गया। वहीं, ई-रिक्शा चालक रंजय कुमार के अनुसार, वह बोरा लेकर मदनपुर बाजार से बनिया गांव जा रहा था। बनिया गांव में डाइवर्जन पार करते समय बाइक से टक्कर हो गए, जिससे यह दुर्घटना हुई। चिकित्सकों के अनुसार सुनील के सिर में गंभीर चोट आई है, जिस पर तीन टांके लगाए गए हैं। रंजय कुमार के सिर में भी चोट लगी है उन्हें दो टांके दिए गए हैं। दोनों घायलों का इलाज मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।

### महराजगंज पैक्स का चुनाव आज

**अंबा (औरंगाबाद)।** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज यानी 16 दिसंबर को प्रखंड क्षेत्र के महाराजगंज पैक्स का चुनाव होगा। बीडीओ सह प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी प्रियांशु बसु ने बताया कि पूर्वाह्न साढ़े सात बजे से अपराह्न साढ़े चार बजे तक मतदान और संध्या में वोटो की गिनती कराई जाएगी। शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों एवं पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। चुनाव में कुल 3235 वोटर अध्यक्ष पद के लिए तीन और कोटिवार सदस्य पद के लिए 15 अभ्यर्थियों के भाग्य का फैसला करेंगे। विदित हो कि अध्यक्ष पद से योगेन्द्र प्रसाद सिंह, निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष विनिता देवी और पूर्व मुखिया नीलम देवी तथा सदस्य पद के लिए सामान्य वर्ग से सुमन देवी, अजय कुमार सिंह, शकुंतला देवी, मनोज यादव, अरुंजय कुमार, रवि कुमार मेहता, पार्वती देवी, रानी कुमारी, पिछड़ा वर्ग से भीम मेहता, सरिता कुमारी, अति पिछड़ा वर्ग से प्रहलाद ठाकुर, मुकेश कुमार ठाकुर, मीरा देवी तथा अनुसूचित जाति से दिलीप राम, जितेंद्र पासवान पैक्स के चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

### छात्रों को स्वदेशी अपनाने की शपथः आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत संकल्प पत्र भरवाए गए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज में 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' के तहत 'हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी संकल्प यात्रा' का आयोजन किया गया। इस दौरान एक निजी कोचिंग संस्थान में युवा छात्र-छात्राओं को स्वदेशी उत्पादों के उपयोग की शपथ दिलाई गई और संकल्प पत्र भरवाए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा रफीगंज नगर मंडल भाजयुमो अध्यक्ष और नगर संयोजक आलोक चौरसिया ने की। छात्र-छात्राओं ने जीवन में स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने का संकल्प लिया। भाजपा के जिला मंत्री और स्वदेशी संकल्प यात्रा के जिला संयोजक सुबोध कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कोचिंग संस्थान के निदेशक रणजीत कुमार भी मौजूद रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को स्वदेशी अपनाने, पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय भाषाओं, स्थानीय कारीगरों और किसानों का सम्मान करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर भाजयुमो जिला प्रवक्ता राहुल कुमार और संजीत अंबेडकर ने भी कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया।

### का. रामस्वरूप सिंह के निधन पर विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने परिजनों को दी सांत्वना

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के लोदीपुर गांव में शनिवार को कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य कामरेड रामस्वरूप सिंह का निधन उनके पैतृक गांव में हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलते ही विधायक प्रमोद कुमार सिंह रविवार की देर रात उनके आवास पर पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। विधायक ने परिजनों को ढाढ़स बंधाते हुए कहा कि कामरेड रामस्वरूप सिंह का सामाजिक और राजनीतिक जीवन जनसेवा को समर्पित रहा, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर विधायक ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और कहा कि इस दुख की घड़ी में वे परिवार के साथ खड़े हैं। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता सह कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, प्रो संतोष सिंह, ललन सिंह, मिथलेश सिंह के साथ अन्य ग्रामीण जनता मौजूद रहे।


### धरना की वर्षगांठ मनाने के लिए किसान मजदूर मोर्चा की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड परिसर स्थित डॉ भीम राव अंबेडकर प्रतिमा के पास किसान मजदूर मोर्चा का 335 वें दिन से उत्तर कोयल नहर को चालू करने के लिए धरना प्रदर्शन जारी है। इस बैठक की अध्यक्षता मुखिया लक्ष्मण यादव, संचालन चंदेश्वर प्रसाद यादव ने की। उन्होंने कहा कि उत्तर कोयल नहर का सभी शाखाओं आगरा, कोटवारा, चेई नवादा एवं कुटकुट डैम का सर्वेक्षण कार्य मोर्चा के शीर्ष मंडल के द्वारा 15 जनवरी 2025 से धरना प्रदर्शन जारी है। उन्होंने कहा कि जब तक पानी नहीं आएगा, किसानों का धरना प्रदर्शन जारी रहेगा 335वां दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई सुधि लेने के लिए नहीं आया है, 15 जनवरी 2026 को वर्षगांठ मनाने के लिए किसान मजदूर मोर्चा किस एकत्रित हुए हैं, बड़े पैमाने पर वर्षगांठ मनाने का तैयारी की जारी है। इस अवसर पर लड्डू खान, डॉ तुलसी यादव, सिद्धि यादव, सत्येंद्र यादव, डॉ शिवनन्दन यादव,संतोष गिरी, विष्णु देव यादव, जयप्रकाश प्रजापति, बृजेश यादव, रणधीर सिंह, रामप्रवेश यादव, राजकुमार शर्मा, कमलेश कुमार नीरज, अजय यादव, उपेंद्र प्रसाद, युगल किशोर सिंह, रामखेलावन सिंह, भोला प्रसाद वर्मा, नीतीश मिश्रा, महेश यादव, बालकुमार सिंह, अवधेश यादव, रामविलास मांझी, नागदेव यादव, बिगन यादव, विनोद यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दाउदनगर अनुमंडल में पोस्टमार्टम गृह की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** दाउदनगर अनुमंडल मुख्यालय में अब तक पोस्टमार्टम गृह की व्यवस्था नहीं होने के कारण आम लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। किसी भी अप्राकृतिक मृत्यु या दुर्घटना की स्थिति में शव को पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद जिला मुख्यालय ले जाना पड़ता है, जो दाउदनगर से लगभग गोह विधान सभा क्षेत्र के कई गांव से 60 किलोमीटर दूर है। इस लंबी दूरी के कारण परिजनों को न सिर्फ आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है, बल्कि मानसिक और शारीरिक पीड़ा भी झेलनी पड़ती है।

इसी गंभीर समस्या को लेकर गोह विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमरेन्द्र कुशवाहा ने दाउदनगर अनुमंडल मुख्यालय में पोस्टमार्टम गृह की स्थापना की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि दाउदनगर अनुमंडल के गोह, हसपुरा, दाउदनगर जहां की आबादी लाखों में है। इसके बावजूद पोस्टमार्टम जैसी बुनियादी स्वास्थ्य और न्यायिक सुविधा का अभाव दुर्भाग्यपूर्ण है। विधायक अमरेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं, आपराधिक घटनाओं या संदिग्ध मौत के मामलों में शव को औरंगाबाद ले जाने में कई-कई घंटे लग जाते हैं। इस दौरान परिजन गहरे सदमे और तनाव में रहते हैं। कई बार एम्बुलेंस या अन्य वाहनों की व्यवस्था करने में भी परेशानी होती है, जिससे पूरी प्रक्रिया और अधिक पीड़ादायक बन जाती है। उन्होंने राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि दाउदनगर अनुमंडल मुख्यालय में अविलंब पोस्टमार्टम गृह की स्वीकृति दी जाए और इसके लिए आवश्यक चिकित्सक, तकनीकी स्टाफ व संसाधनों की भी व्यवस्था की जाए। विधायक ने कहा कि पोस्टमार्टम गृह बनने से न केवल स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि प्रशासनिक और कानूनी प्रक्रिया भी सुचारु रूप से पूरी हो सकेगी। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने भी विधायक की इस मांग का समर्थन किया है। लोगों का कहना है कि पोस्टमार्टम गृह अनुमण्डल में नहीं रहने से कई बार शव को देर तक रखा जाता है, जिससे स्थिति और भी संवेदनशील हो जाती है। दाउदनगर में यह सुविधा उपलब्ध होने से समय, धन और मानवीय पीड़ा तीनों की बचत होगी। अब देखना यह है कि सरकार इस जनहित से जुड़ी महत्वपूर्ण मांग पर कब तक सकारात्मक कदम उठाती है। यदि दाउदनगर अनुमंडल मुख्यालय में पोस्टमार्टम गृह की स्थापना होती है, तो यह पूरे क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि और राहत का विषय होगा।

# बनिया पासवान टोला में नल-जल योजना पांच माह से बंद रहने पर डीएम को ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड के बनिया पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि संजीव कुमार सिंह ने डीएम एवं कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग औरंगाबाद को आवेदन पत्र ईमेल कर मदनपुर प्रखंड अंतर्गत बनिया पंचायत के वार्ड नं-14 बनिया पासवान टोला के लोगों को नल-जल योजना से पानी लगभग पांच माह से बंद रहने के कारण लोगों को पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। बनिया वार्ड नं-14 पासवान टोला के लिए विभाग से नया नल जल योजना लगाने का टेंडर हुआ है। इस कार्य को कराने के लिए मेसर्स आर्यन कंस्ट्रक्शन कंपनी को यह महादलित टोला में नया नल-जल योजना लगाने के लिए विभाग से स्वीकृति मिली है। संवेदक द्वारा सड़क के किनारे गड्ढा खोद कर पाइप बिछा कर छोड़ दिया गया है। गड्ढा भी नहीं भरा गया है जिसके कारण प्रतिदिन लोग गड्ढे में गिरकर घायल हो गए हैं। संवेदक के द्वारा कभी तक पेयजल आपूर्ति करवाने हेतु बोरिंग नहीं करवाई गई है और काम बंद कर दिया गया है। बनिया पासवान टोला के लोगो को गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न हो गई है। लोगों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। पूर्व में मैं इस संबंध में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग औरंगाबाद के पदाधिकारियों को अवगत करवा चूका हूं। फिर भी संवेदक द्वारा कार्य नहीं कराया जा रहा है। मैं डीएम एवं कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग औरंगाबाद से मांग करता हूं कि अविलंब मदनपुर प्रखंड अंतर्गत बनिया पंचायत के बनिया पासवान टोला में नए तरीके से नल जल जीवन लगवाकर शुद्ध पेयजल आपूर्ति करवाने का कष्ट करेंगे।

# लौहपुरुष की दूरदृष्टि से ही संभव हो पाया अखंड भारत का निर्माण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 75 वीं पुण्यतिथि हसपुरा बाजार के सरदार पटेल पुस्तकालय में समारोह का आयोजन कर मनाया गया। पुण्यतिथि समारोह में बड़ी संख्या में गण्यमान लोगों की भागीदारी रही। अध्यक्षता पुस्तकालय के अध्यक्ष विजय सिंह ने की।जबकि संचालन चन्द्रेश पटेल व डा फैज अहमद ने, किया। मौके पर बतौर अतिथि गोह विधायक अमरेन्द्र कुमार, वीरचक्र से सम्मानित सीताराम सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। सबसे पहले पटेल चौक स्थित लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के आदमकद प्रतिमा पर मालार्पण विधायक अमरेन्द्र कुमार, सीताराम सिंह सहित दर्जनों गण्यमान्य लोगों ने किया। पुस्तकालय परिसर में लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए विधायक अमरेन्द्र कुमार ने कहा भारत रत्न सरदार पटेल की दूरदृष्टी से ही अखंड भारत का निर्माण हुआ था। भारत की आजादी के बाद जब अंग्रेजों ने देश को 562 रियासतों में विभाजित करने की योजना बनाई थी, तब सरदार पटेल ने अपने साहस , कुटनीति और दृढ इच्छा शक्ति से असंभव को संभव कर दिखाया। देश के रियासतों को एक सूत्र में विलय में सरदार पटेल की भूमिका ऐतिहासिक रही थी। उन्होंने देश को एकता का सूत्र दिया वह आज भी भारतीय गण्यराज्य की नींव है। विधायक ने पुस्तकालय व ग्रामीणों की स्थानीय समस्याओं को हल करने का हर संभव प्रयास होगा। जिसमें अतिक्रमण से जुझ रहे लोगों

# अधिग्रहीत भूमि मुआवजा के लिए दूसरे दिन भी धरना जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय के दर्जी बिगहा के समीप एनएच-19 के चौड़ीकरण व बाइपास रोड निर्माण में अधिग्रहीत भूमि का मुआवजा नहीं मिलने से किसान अनिश्चितकालीन धरना पर है। सोमवार को दूसरे दिन किसानों ने आरोप लगाते हुए कहा कि मुआवजे राशि नहीं मिलने से निराश एक किसान का अचानक हृदय गति रुक जाने से मौत हो गई है जिसका जिम्मेदार एनएचआई प्राधिकरण के अधिकारी है। किसान शेखर सिंह ने बताया कि नगमतिया निवासी भूस्वामी अनिल तिवारी का खाता नंबर 192 खेसरा 22 और रकबा 45 डिसमील भूमि अधिग्रहण कर लिया गया है। लेकिन मुआवजा नहीं मिला है। किसान संघर्ष मोर्चा के नेता सुशील कुमार सिंह व राकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि



मुआवजे की मांग को लेकर सरकारी दफ्तरों का चक्कर काटते थक हारकर नगमतिया निवासी अनील तिवारी का हर्ट अटैक से मौत हो गई है। वहीं दशवतखाप निवासी किसान तिलक यादव आफिस का चक्कर लगाते लगाते गंभीर रुप से हर्ट रोग से पीड़ित हो गए हैं जो इलाजरत है। जब तक किसानों की मांगें पूरी नहीं होती है तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान नेता चंद्रशेखर सिंह व सरपंच सुशील कुमार सिंह ने किया। सरकारी मुलाजिमों का दरवाजा खटखटाया पर कोई सुनवाई नहीं हो सका। जमीन आवासीय है लेकिन एनएचआई के अधिकारियों द्वारा कृषि भूमि का मुआवजा राशि दे रहा है जिससे किसान खफा हैं। रोड निर्माण में लगे कंपनी बिना मुआवजा दिलाए जबरन रोड निर्माण कार्य जारी कर दिया है। सरकार 8-9 वर्षों से मुआवजा देने का आश्वासन दे रहे हैं लेकिन भुगतान नहीं करते हैं। जब तक अधिग्रहित भूमि का मुआवजा राशि भुगतान नहीं हो जाता है तब तक धरना जारी रहेगा। किसान कंचन वर्णवाल, सुधीर कुमार सिन्हा, सुभाष रंजन कुमार सिन्हा, संदीप कुमार शर्मा, सरिता देवी, रितेश कुमार, मो. फैयाज, मो. एकबाल, अवधेश यादव, पंकज कुमार सिन्हा सहित अन्य लोगों का कहना है कि सरकार रोड निर्माण करें पर भूमि स्वामियों का उचित मुआवजा तो दे दे। सरकारी मुलाजिमों के उपेक्षात्मक रवैए से किसान निराश हो गए हैं। कुछ ऐसे भी किसान हैं जिनका अधिक जमीन अधिग्रहण किया गया है जबकि मुआवजा उसके अनुसार नहीं दिया जा रहा है। अधिग्रहित भूमि में कुछ लोगों का आवास बना हुआ था जिसे तोड़ दिया गया है। शेष भूमि के आसपास सरकारी कार्यालयों के भवन निर्मित है फिर भी भूमि कृषि घोषित कर कृषि का मुआवजा दिया गया है। जबकि आवासीय भूमि का उचित मुआवजा मिलना चाहिए।

# चोरों ने नकदी के साथ तीन लाख के सामान उड़ाए

## चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत राजा बाजार स्थित पटेल नगर में चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने खिड़की तोड़कर एक बंद घर में प्रवेश किया और करीब तीन लाख रुपये मूल्य के सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस जांच में जुट गई है। चोरी की इस घटना के संबंध में मकान मालिक धनंजय मिश्रा ने बताया कि वे किसी काम से बाहर गए हुए थे। देर रात जब वे घर लौटे तो देखा कि खिड़की टूटी हुई है और घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा है। चोरों ने गोदरेज अलमारी तोड़कर लगभग 50 हजार रुपये नकद, कपड़े और अन्य कीमती सामान चोरी कर ले भागे। हालाकि चोरी की पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

चोरी की घटना से पीड़ित गृह स्वामी धनंजय मिश्रा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में दो चोर, घर के भीतर घुसते और चोरी की घटना को अंजाम देते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं। इस चोरी के पूरी घटना सीसीटीवी में कैद होने के बाद पुलिस फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है। पीड़ित ने नगर थाना में लिखित आवेदन भी दिया है। इस संबंध



में धनंजय मिश्रा ने बताया कि करीब छह महीने पहले भी उनके घर में चोरी हुई थी, जिसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई गई थी, लेकिन उस समय चोर पकड़े नहीं जा सके थे। अब दूसरी बार चोरी होने से परिवार के साथ-साथ आसपास के लोग भी दहशत में हैं।घटना की सूचना मिलते ही 112 नंबर पर पुलिस को जानकारी दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शहर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में भय का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चोरों का एक गिरोह सक्रिय है, जो बंद घरों को निशाना बना रहा है। चोरी की घटना के बाद लोगों ने प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि रात्रि गश्ती और सुरक्षा के दावों के बावजूद चोरी की घटनाएं थम नहीं रही।

# राहुल गांधी कांग्रेस के अंतिम शासक सिद्ध होंगे : प्रमोद चंद्रवंशी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** बिहार सरकार के मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने जहानाबाद पहुंचे। उनके आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान मंत्री ने निजी पुस्तकालय और एक निजी क्लीनिक का उद्घाटन किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चंद्रवंशी ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार जनता के हित में लगातार कार्य कर रही है। इस अवसर पर उन्होंने पटना के बांकीपुर क्षेत्र से विधायक नितिन नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी। मंत्री ने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है जहां एक सामान्य कार्यकर्ता भी अनुशासन और मेहनत के बल पर बड़े पद तक पहुंच सकता है। नितिन नवीन को मिली यह जिम्मेदारी बिहार के लिए गर्व की बात है और इससे राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर लाभ मिलेगा। मंत्री ने आगे कहा कि बिहार आज तेजी से



प्रगति के पथ पर अग्रसर है और इसका असर जहानाबाद के विकास में भी साफ दिखाई दे रहा है। जिले में संचालित कई शिक्षण संस्थान और पुस्तकालय इस विकास के प्रमाण हैं, जहां सैकड़ों छात्र नियमित रूप से अध्ययन के लिए पहुंच रहे हैं। दिल्ली में कांग्रेस पार्टी की ओर से आयोजित 'वोट चोर, गद्दी' छोड़ रैली के सवाल पर उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि राहुल गांधी जनता के वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाकर केवल दिखावटी राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि वे रामलीला मैदान में रामलीला कर रहे हैं और देश के विकास के मुद्दों पर गंभीर चर्चा नहीं करते। उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम के बारे में इशारा करते हुए कहा कि उनके द्वारा बनाए गए मोर्चे का हश्र और परिणाम भी सबके सामने है। राहुल गांधी के विदेश यात्राओं पर चुटकी लेते हुए मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी कांग्रेस के अंतिम शासक साबित होंगे।

# अभाविप ने मनाई लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रफीगंज इकाई के द्वारा नगर मंत्री राहुल गुप्ता के नेतृत्व महान स्वतंत्रता सेनानी, भारत रत्न 'लौह पुरुष' सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि कर पुण्यतिथि मनाई। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रांशु कुमार सिंह ने बताया कि वल्लभभाई झावेरभाई पटेल , जिन्हें आमतौर पर सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम से जाना जाता है, एक भारतीय स्वतंत्रता कार्यकर्ता और राजनेता थे, जिन्होंने 1947 से 1950 तक भारत के पहले उप प्रधान मंत्री और गृह मंत्री के रूप में कार्य किया। सरदार वल्लभभाई पटेल के प्रसिद्ध नारों में 'कर मत दो' (खेड़ा सत्याग्रह के दौरान किसानों के लिए) और "एकता ही हमारी ताकत है" शामिल हैं, जो भारत की एकता और अखंडता पर उनके जोर को दर्शाते हैं, साथ ही उन्होंने "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के सपने को साकार करने के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया था। जिसमें उपस्थित प्रदेश कार्यकारणी सदस्य प्रांशु कुमार सिंह, नगर मंत्री राहुल गुप्ता, नगर कोषाध्यक्ष रंजन कश्यप, नगर एसएफएस प्रमुख सुमित पाठक, नगर एनसीसी प्रमुख निर्मल कुमार, विशाल कुमार, सौरभ पाठक के साथ अन्य लोग उपस्थित रहे।

# टेक होम राशन के वितरण की जांच के लिए जिलाधिकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** बिहार राज्य समाज कल्याण विभाग, पटना के निर्देशानुसार जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर टेक होम राशन (टीएचआर) वितरण की जांच हेतु जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के आदेशानुसार जिला स्तरीय जांच दल का गठन किया गया है। बताया जाता है कि भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के आलोक में 01 जुलाई 2025 से टेक होम राशन का वितरण अनिवार्य रूप से एफ.आर.एस. के माध्यम से सत्यापन के उपरांत किया जाना है। इसी क्रम में जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय द्वारा जहानाबाद ग्रामीण परियोजना अंतर्गत जाफरगंज 'ए' एवं जाफरगंज 'सी' कोड के आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। जिले में टेक होम राशन वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने एवं एफआरएस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा के उद्देश्य से जिला स्तरीय जांच दल द्वारा सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया है। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने आवंटित पंचायतों के आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच कर स्पष्ट टिप्पणी एवं अनुशंसा के साथ प्रतिवेदन निर्धारित समय-सीमा के भीतर जिला कार्यक्रम शाखा, आइसीडीएस में समर्पित करें। साथ ही, बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों एवं महिला पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया गया है कि वे जांच कार्य में जिला स्तरीय जांच दल को आवश्यक सहयोग प्रदान करें। इस पहल का मुख्य उद्देश्य टेक होम राशन वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह एवं प्रभावी बनाना है। समाज कल्याण विभाग तथा जिला पदाधिकारी के निर्देश पर सोमवार को जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रो का निरीक्षण जांच दल में शामिल जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा किया गया। विभाग द्वारा उपलब्ध प्रपत्र मे आंगनबाड़ी केन्द्र का नाम, केन्द्र संख्या, सेक्टर संख्या, यूनिक कोड, पंचायत/ नगर निकाय का नाम, वार्ड संख्या, आंगनबाडी सेविका एवं सहायिका का नाम इत्यादि के साथ साथ आंगनबाड़ी केन्द्र की भौतिक स्थिति, सेविका / सहायिका एवं बच्चों की उपस्थित, पूरक पोषाहार इत्यादि उपलब्ध कराया जाएगा।


## पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **वरिष्ठ डीईएन/सी/हावड़ा। ई-निविदा संख्या: 222_2025-26, दिनांक: 12.12.2025। कार्य का विवरण:** वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय)/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल/अन्य मंडल में कहीं भी कार्यस्थल पर अभियंता के अनुदेश के अनुसार टेलर के इस्तेमाल के लिए आवश्यक रेल, स्विच, क्रॉसिंग आदि जैसी सभी प्रकार की पी. वे सामग्रियों तथा ईआरसी, बोल्ट्स एवं नट्स, बेयरिंग प्लेट तथा अन्य पी.वे सामग्रियां भी तथा ट्रक के इस्तेमाल के लिए आवश्यक कन्वेयर बेल्ट्स, कटर, चेन्स, वियर प्लेट, फिटर्स, वाल्वस, सिलिंडर्स, बैटरीज, पम्प्स, मोटर्स आदि जैसे ट्रैक मशीन कलपुर्जो का परिवहन सहित यांत्रिक लदायी, उतारना एवं इकट्ठा करना, अलग करना आदि सहित 30 मी. की दूरी के अंदर मल्टीपल ट्रैक्स की सभी लीड, उठाना, क्रॉसिंग। **अनुमानित लागत:** ₹ 5,03,77,737.25। **बयाना राशि:** ₹ 4,01,900। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **पूरा करने की अवधि:** 09 महीना। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 05.01.2026 को दोपहर 2.00 बजे। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(HWH-458/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# भिखारी बिगहा में आज तक नहीं लगा नल-जल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** सरकार जमीनी स्तर पर गांव, टोले, कस्बो को विकास के हर मानक से जोड़ने के लिए प्रय'शील है। इसके लिए विकास कार्यो से जुड़ी कई तरह के जन उपयोगी योजनाओं को इन गांव टोलों में धरातल पर उतारकर इन्हें विकास के मानक से जोड़ने का कार्य कर रही है। बता दें कि मदनपुर प्रखंड के चेई नवादा पंचायत के तहत ओरडीहा टोले भिखारी बिगहा में ग्रामीण सरकार की विकास से जुड़ी जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से अबतक वंचित है। इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। सरकार के सात निश्चय योजना के तहत हर घर नल-जल योजना इस गांव में निवासी करने वाले ग्रामीण के गले की प्यास बुझाने का एक सपना बनकर रह गया है। ओरडीहा टोले भिखारी बिगहा गांव की एक बड़ी आबादी को प्यास बुझाने को लेकर सरकार की पेयजल योजना की हकीकत बयां कर रही है। लगभग एक हजार की सघन आबादी वाले इस गांव में सरकारी योजनाओं की पोल खोल रही है। स्थिति यह है कि यहां के परिवार के लोग पेयजल आपूर्ति नहीं होने से जैसे तैसे पानी की व्यवस्था पर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। प्रखंड के अंतिम छोर पर बसे गांव सरकार की सात निश्चय योजना के हर घर नल जल योजना से आज भी वंचित है। हालांकि गांव की कुछ गलियों में पेवर ब्लॉक और नाली का निर्माण कराया गया है फिर भी इस गांव में सरकार की योजना को समुचित लाभ के लिए प्रखंड के अधिकारियों के नेतृत्व में विशोष शिविर चलाए जाने की जरूरत है। ग्रामीण उमेश यादव, जीराव देवी, फुलकुमारी देवी बताती है कि गांव में देवी स्थान पर चापाकल लगा दिया जाए तो ग्रामीणों को पेयजल की समस्या का समाधान हो जाएगा।

# बाइक की डिक्की से 50 हज़ार नकदी की चोरी

**मखदुमपुर (जहानाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता** । जहानाबाद जिले के मखदुमपुर बाजार स्थित पाईबिगहा मोड़ पर दिनदहाड़े मोटरसाइकिल की डिक्की से अज्ञात चोरों ने 50 हज़ार रुपये नकद की चोरी कर फरार हो गए। दरअसल मखदुमपुर थाना क्षेत्र के पापु गांव निवासी शैलेंद्र कुमार एवं उनकी पत्नी अनु कुमारी मुस्सी मोड़ के समीप पंजाब नेशनल बैंक से 50 हज़ार रुपया निकालकर प्रखंड कार्यालय मोड़ के समीप एसबीआई बैंक में जमा कराने जा रही थी। इसी बीच दोनों पति-पत्नी पाई बिगहा मोड़ के समीप एक चिकित्सक से शैलेंद्र कुमार अपनी पत्नी अनु कुमारी का चिकित्सीय जांच कराने के लिए रुक गए। कुछ ही क्षणों में अनु कुमारी की नजर सड़क किनारे लगें उनके बाईक पर गई जिसकी डिक्की खुली थी। जिसके बाद बाद दोनों पति-पत्नी आनन -फानन में अपने बाइक के पास पहुंचे तो देखा की बाईक का डिक्की खुला है और उसमें रखा 50 हज़ार रुपया नकद, बैंक का पासबुक, सहित अन्य कागजात का पूरा थैला गायब है। उन्होंने बताया चौड़ी कि इस घटना के संबंध में मखदुमपुर थाने में आवेदन दिया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि बाइक की डिक्की खुली थी इस कारण चोरी की घटना घटी है। उन्होंने बताया कि मामले की प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस घटना के अनुसंधान में जुट गई है।

# युवक का शव बरामद

**जहानाबाद/नबिटा संवाददाता।** जहानाबाद जिले के काको प्रखंड अंतर्गत भेलावर थाना क्षेत्र के गवल बिगहा गांव में एक युवक का शव घर के अंदर संदिग्ध अवस्था में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान काको थाना क्षेत्र के पिराली चक गांव निवासी नीतीश कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद से गांव में भय और मातम का माहौल बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नीतीश कुमार का विवाह गवल बिगहा गांव में अपने फुआ के यहां रहने वाली एक युवती से हुआ था। बताया जाता है कि फुआ का कोई संतान नहीं होने के कारण युवती बचपन से ही अपने फुआ के घर वारिस के रूप में रह रही थी। शादी के बाद नीतीश कुमार भी अपनी पत्नी के साथ उसी गांव में रहने लगा था। ग्रामीणों का कहना है कि रविवार की रात पति–पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद नीतीश मृत स्थिति में पाया गया। वहीं दूसरी ओर मृतक के भाई और अन्य परिजनों ने इस घटना को संदिग्ध बताते हुए संपत्ति विवाद में हत्या किए जाने की आशंका जताई है।

# एनटीपीसी बरौनी स्थापित कर रहा 2.5 मेगावाट क्षमता का सोलर प्लांट

## एनटीपीसी ने मनाया 8वां स्थापना दिवस




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** एनटीपीसी बरौनी में 8वाँ स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ सोमवार को मनाया गया। इस उपलक्ष्य में प्रशासनिक भवन के सम्मुख परियोजना प्रमुख जयदीप घोष द्वारा एनटीपीसी ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ एनटीपीसी गीत के साथ हुआ। समारोह में परियोजना प्रमुख ने उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए बताया कि 15 दिसंबर, 2018 को बरौनी थर्मल पावर स्टेशन का ट्रांसफर बीएसपीजीसीएल द्वारा एनटीपीसी लिमिटेड को हुआ था। तब से लेकर आज तक एनटीपीसी बरौनी परियोजना कड़ी चुनौतियों का सामना करते हुए कामयाबी की बुलंदियाँ हासिल कर रही है। तकनीकी तौर पर उन्होंने बताया कि एनटीपीसी बरौनी परियोजना ने कई गौरवपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त की हैं। जिनमें मुख्यतः वित्तीय वर्ष 2025-26 में राख उपयोगिता 119.01 प्रतिशत, पर्यावरण की रक्षा एवं संरक्षण के लिए जल-जीवन-हरियाली योजना तथा अन्य प्रयासों के माध्यम से अब तक लगभग 80,000 पौधों का रोपण किया गया है। एनटीपीसी बरौनी बिजली उत्पादन के अलावा समीपवर्ती क्षेत्र के सामुदायिक विकास के लिए निरंतर कल्याणकारी गतिविधियों का संपादन कर रही है। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, खेल, दिव्यांगजन समर्थन तथा आपदा के दौरान राहत से संबंधित आवश्यकतानुसार कार्यक्रमों का आयोजन शामिल है। वर्तमान में एनटीपीसी बरौनी की कोयला आधारित 250 मेगावाट की दो इकाइयाँ अपरेशनल हैं। जिनका 100प्रतिशत बिजली उत्पादन बिहार राज्य को जाता है। एनटीपीसी बरौनी स्थापना दिवस महाप्रबंधकगण एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों ने केक काटकर एवं नीले और सफेद गुब्बारे आसमान में छोड़कर भाग लिया।

# आमने-सामने भिड़ीं बाइकें, दो गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** महलगांव डोमरा कुंड मार्ग पर डुमराकुंड पुल के समीप सोमवार को तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान सागर कुमार पिता सदानंद विश्वास और धीरज कुमार पिता अरुरुद्ध विश्वास के रूप में हुई है। दोनों ग्राम कलकली, वार्ड संख्या-13, पंचायत चिरह, थाना महलगांव के निवासी बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सागर और धीरज गैरकी स्थित सीबीआई बैंक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज गति में आ रही एक बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सदर अस्पताल अररिया भेजा। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने दोनों को पूर्णिया सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा गया। उदा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार ने आरोप लगाया कि टक्कर मारने वाली बाइक और उसके चालक को 112 पुलिस ने छोड़ दिया। उनका कहना है कि पुलिस ने पहले बाइक को थाना ले जाने की बात कही थी, लेकिन रास्ते में हीं छोड़ दिए जाने की जानकारी मिली। बताया जा रहा है कि दूसरी बाइक सवार डुमरिया और मसूरिया क्षेत्र के व्यक्ति की थी। इधर महलगांव थानाध्यक्ष ने मामले को संज्ञान में लेते हुए कहा कि घटना की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि हादसा तेज गति के कारण हुआ, सभी बिंदुओं की जांच कर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

# बंध्याकरण शिविर का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र में परिवार कल्याण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर सह अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र देवपुरा में गुरुवार को बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में सर्जन शोभा रानी ने 22 महिलाओं का सफलता पूर्वक बंध्याकरण तथा 2 पुरूष का नसबंदी अपरेशन किया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ड राजीव रंजन चौधरी ने बताया कि अपरेशन से पूर्व हीमोग्लोबीन, डायबिटीज,ब्लडप्रेशर सहित अन्य पैथोलजिकल जांच एल टी पंकज कुमार जोशी ने किया। अपरेशन उपरांत आवश्यक दवा एवं परामर्श दिया गया। मौके पर डा हिमांशु कुमार , फर्मासिस्ट नवीन कुमार, जीएनएम रवि कुमार, सुमन रानी, एएनएम सुमन रानी, प्रियंका कुमारी सदानंद भारती, कपूर चंद सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# आर.के. रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंदों के बीच बांटे गए कंबल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** फारबिसगंज अनुमंडल स्थित आर.के. रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से रूंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, फारबिसगंज परिसर में गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कड़ाके की ठंड को देखते हुए आयोजित इस मानवीय पहल के अंतर्गत आज लगभग 600 जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किए गए। यह उल्लेखनीय है कि आर.के. रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट पिछले 15 वर्षों से निरंतर इस प्रकार की सामाजिक एवं मानवीय सेवा गतिविधियों के माध्यम से समाज के कमजोर और वंचित वर्गों की सहायता करता आ रहा है। कार्यक्रम में रूंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के उपाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी विवेक श्रीवास्तव तथा अररिया के उपाध्यक्ष गौतम साह की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर एमडीएमएस, अररिया के निदेशक डॉ. संजय प्रधान, रूंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के निदेशक सुदीप कुमार वर्मा, प्राचार्य डॉ. राशिद हुसैन, पुस्तकालयाध्यक्ष श्रीमती इंदु कुमारी एवं अभियंता अरुण कुमार सिंह ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी अतिथियों ने स्वयं जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर सामाजिक दायित्व का निर्वहन किया। आर.के. रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष महावीर प्रसाद रूंगटा ने अपने संदेश में कहा कि ट्रस्ट का उद्देश्य केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के जरूरतमंद वर्गों को समय-समय पर सहायता प्रदान करना भी उसकी प्राथमिकता है। ठंड के मौसम में गरीब एवं असहाय लोगों को राहत पहुँचाना मानवता का सच्चा स्वरूप है और यह सेवा कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेगा। ट्रस्टी उर्मिला रूंगटा ने कहा कि सेवा और करुणा ही समाज को मजबूत बनाती है। जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाना ही ट्रस्ट की सबसे बड़ी प्रेरणा है और इस दिशा में ऐसे कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे। रूंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के निदेशक सुदीप कुमार वर्मा ने कहा कि संस्थान शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए भी पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। इस प्रकार की सेवा कार्यक्रम विद्यार्थियों एवं समाज दोनों के लिए प्रेरणास्रोत होते हैं और रूंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट भविष्य में भी ट्रस्ट के साथ मिलकर ऐसे मानवीय प्रयासों में सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा। कंबल वितरण के दौरान बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोग उपस्थित रहे। कंबल प्राप्त कर लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी और संतोष स्पष्ट रूप से देखा गया। स्थानीय नागरिकों ने आर.के. रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम का समापन सामाजिक सेवा एवं मानवीय मूल्यों को निरंतर आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ हुआ।

# अंतर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** यमुना भगत स्टेडियम बरौनी खेल गांव में एपीएसएम कॉलेज बरौनी के नेतृत्व में सोमवार को मिथिला विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता पुरूष का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात आगत अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र द्वारा किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं एस.डी.एम. तेघरा, राकेश कुमार ने खेल के क्षेत्र में राज्य एवं केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया की खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य सरकार की ओर से प्रशिक्षण एवं अभ्यास को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न स्टेडियम का निर्माण व उन्नयन किया जा रहा है। बरौनी में अभ्यास करने वाले दर्जनों खिलाड़ियों को खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के फ्लस्वरूप सरकारी नौकरी प्राप्त हुए हैं। अपने अध्यक्षीय भाषण में महाविद्यालय प्रधानाचार्य डा. मुकेश कुमार ने जीवन में खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने खेल के क्षेत्र में बढ़ती हुई उपलब्धियों पर प्रकाश डालने के साथ-साथ जीवन में खेल के महत्व को रेखांकित किया। इससे पहले अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत हुई। ज्ञात हो कि उक्त प्रतियोगिता में कुल आठ महाविद्यालयों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का पहले मैच में एएनडी कॉलेज शाहपुर पटोरी एवं मिल्लत टीचर ट्रेनिंग महाविद्यालय मधुबनी के बीच खेला गया। आयोजन समिति के सदस्यों में मोहम्मद दानिश राहुल कुमार, अशोक कुमार झा एवं अमित कुमार अहम भूमिका रही। महाविद्यालय आयोजन समिति को सहयोग करने में स्थानीय स्टेडियम प्रबंधक संजीव कुमार की उल्लेखनीय भूमिका रही। इस अवसर पर महाविद्यालय की ओर से डा. सुशील कुमार, डा. श्रवण कुमार, डा. मोहन कुमार, चंदन कुमार, आदि लोग उपस्थित रहे।

# खाद दुकानों पर डीएओ ने की छापेमारी, पोटाश के नमूने सील, बंद मिली दुकानों पर होगी कार्रवाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** जिला कृषि पदाधिकारी गौरव प्रताप सिंह ने सोमवार को जोकीहाट प्रखंड क्षेत्र में खाद दुकानों का औचक निरीक्षण कर उर्वरक वितरण व्यवस्था की हकीकत परखी। निरीक्षण की शुरुआत तुर्केली चौक से हुई, जहां प्रारंभिक छानबीन के बाद डीएओ सीधे जरघरिया चौक पहुंचे। यहां स्थित रेहान फर्टिलाइजर, शाही बीज भंडार, कमाल हसन फर्टिलाइजर समेत चार उर्वरक दुकानों में स्टॉक व वितरण पंजी की गहन जांच की गई। निरीक्षण के दौरान डीएओ ने पोटाश खाद के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि रिपोर्ट में गड़बड़ी मिलने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद खाद गोदाम पहुंचकर बोरी के स्टॉक का मिलान स्टॉक रजिस्टर से किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी ने दुकानदारों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी उर्वरक दुकानों पर स्टॉक एवं मूल्य बोर्ड के साथ-साथ उर्वरक से संबंधित टोल फ्री नंबर 0612-2233555 का प्रदर्शन अनिवार्य रूप से होना चाहिए, ताकि किसान या उपभोक्ता किसी भी तरह की शिकायत सीधे दर्ज करा सकें। डीएओ के जोकीहाट पहुंचने की खबर फैलते ही नगर पंचायत क्षेत्र और हड़वा चौक की अधिकांश खाद दुकानों के शटर गिर गए। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत में मात्र दो-तीन दुकानें ही खुली मिलीं, जबकि शेष दुकानों पर ताले लटके थे। इस पर डीएओ ने नाराजगी जाहिर करते हुए बंद दुकान रखने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी। मीडिया से बातचीत में डीएओ ने कहा कि वे रूटीन जांच के लिए आए हैं और जिले में प्रतिदिन खाद का स्टॉक डाला जा रहा है। बेहतर प्रबंधन के कारण किसानों में खाद को लेकर मारामारी की स्थिति नहीं है और सभी जगह पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। बंगाल से आने वाले खाद को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने बताया कि जांच में गड़बड़ी मिलने पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। सिकटी और कुर्साकांटा प्रखंड में तीन दुकानदारों पर पहले ही कार्रवाई हो चुकी है। चरघरिया चौक में निरीक्षण के दौरान डीएओ ने कहा कि जहां भी अनियमितता पाई जाएगी, पहले स्पष्टीकरण मांगा जाएगा, उसके बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बाढ़ से सुरक्षा को लेकर निकली जागरूकता रैली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेरिया बरियारपुर।** प्रखंड के तारा कॉलेज ऑफ एजुकेशन विक्रमपुर में बाढ़ से सुरक्षा हेतु जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाढ़ से बचाव के उपायों और जल संचयन के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना था। रैली का आयोजन महाविद्यालय के आसपास के गांवों में भी किया गया, जहां स्थानीय लोगों को बाढ़ से सुरक्षा के व्यावहारिक तरीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सचिव राजकिशोर सिंह ने कहा कि बाढ़ जैसी आपदाओं से निपटने के लिए हमें तैयार रहना होगा और जल संचयन के महत्व को समझना होगा। उन्होंने लोगों से बाढ़ से बचाव के उपायों को अपनाने और जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में संतोष कुमार सिंह ने बाढ़ से बचाव और जल संचयन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनके बिना भविष्य सुरक्षित नहीं रह सकता। इस आयोजन के माध्यम से तारा कलेज अफ एजुकेशन ने बाढ़ से सुरक्षा और जल संचयन के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता को प्रभावी रूप से प्रदर्शित किया।

## नशेड़ी गिरफ्तार

**भगवानपुर।** तेयाय ओपी पुलिस ने शराब पीकर हंगामा करते एक शराबी को गिरफ्तार किया। इस संबंध में बताया जाता है कि तेयाय ओपी क्षेत्र के सीमा पर नवादा गांव निवासी राजो मांझी के पुत्र संतोष मांझी शराब पीकर अपने ही गांव में हंगामा कर रहा था।

# विद्यालय में शुरू हुई त्रैमासिक परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखंड के सभी प्राइमरी व मिडिल स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक की दूसरी त्रैमासिक परीक्षा सोमवार से शुरू हो गई। पहले दिन पहली पाली में कक्षा 3 से 8 की पर्यावरण अध्ययन, सामाजिक विज्ञान जबकि दूसरी पाली में वर्ग 1 व 2 का हिंदी, उर्दू की परीक्षा ली गई। बच्चों की परीक्षा से संबंधित प्रश्नपत्र ई शिक्षा कोष पोर्टल से डाउनलोड करके परीक्षा ली गई। साथ ही 11वीं की अर्द्धवार्षिक भी प्रखंड के सभी हाई स्कूलों में शुरू हो गई। पहले दिन प्रथम पाली में फिजिक्स, दर्शनशास्त्र व उद्यमिता एवं दूसरी पाली में केमिस्ट्री, एकाउंटेंसी व राजनीति शास्त्र विषय की परीक्षा ली गई। तेयाय के प्रभारी प्रधान रमा रमण, दहिया के संजीव कुमार, दामोदरपुर के राजीव कुमार, बनवारीपुर के अर्चना सिंह, शिक्षिका शानू, पूनम, श्वेता, नितेश, प्रभात आदि ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संचालित की गई।

# वाटर ड्रेनेज योजना के सुदृढ़ीकरण को लेकर डीएम ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** डीएम की अध्यक्षता मे उनके कार्यालय प्रकोष्ठ मे सात निश्चय-2 के अन्तर्गत जहानाबाद स्ट्रॉम वाटर ड्रेनेज योजना सफल क्रियान्वयन हेतु बैठक की गई। बैठक मे समीक्षा के क्रम जहानाबाद नगर परिषद क्षेत्र निर्माणाधीन स्ट्रॉम वाटर ड्रेनेज योजना का निरीक्षण भी किया गया। आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय-2 के अन्तर्गत जहानाबाद स्ट्रॉम वाटर ड्रेनेज योजना संबंधित स्थल का सोमवार को डीएम एवं बुडको के परियोजना निदेशक, उप परियोजना निदेशक, सहायक परियोजना द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण मे उप परियोजना निदेशक, सहायक परियोजना द्वारा बताया गया प्रोफाइल संख्या 2, 3 सिविल कोट 32 भवरीया होते हुए दरधा नदी में जिसकी लम्बाई 1 कि0मी0 में 0.70 कि0मी0 पूर्ण है। तत्पश्चात प्रोफाइल संख्या- 4 जाफरगंज जिसकी लम्बाई 0.98 कि0मी0 में 0.80 कि0मी0 पूर्ण है एवं प्रोफाइल संख्या 12,13,14,15 अलगना मोड़ से डीएम आवास जिसकी लम्बाई 2.9 कि0मी0 में से 2.2 कि0मी0 पूर्ण हैं, उसके एलाइमेंट का निरीक्षण किया गया।

# प्रसव पूर्व जांच शिविर का आयोजन

## 14 महिलाओं की प्रसव पूर्व की गई स्वास्थ्य जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत पीएचसी नावकोठी सोमवार को गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच एवं परिवार कल्याण परामर्श दिया गया। चिकित्सा पदाधिकारी डा. चंदन मिश्रा ने 14 गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व स्वास्थ्य की जांच की। इसके तहत गर्भवती महिलाओं की ऊंचाई, वजन, हेमोग्लोबीन, मूत्र, ब्लडप्रेशर, डायबिटीज, एचआईवी आदि की जांच की गयी। इसमें दो एनीमिया से ग्रसित महिला पाई गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. राजीव रंजन चौधरी ने गर्भवती महिलाओं को अपने भोजन में प्रोटीन युक्त तथा आयरन युक्त भोजन को शामिल करने की सलाह दी। इसके लिए नोनी का साग, रागी, पीले पके फल, दूध, मछली, कलेजी आदि को भोजन में लेना उपयुक्त बताया। प्रत्येक माह नियमित जांच कराने की सलाह दी गयी। मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक आनंद ईश्वर, बीसीएम ऊषा कुमारी, सीएचओ राजा कुमार, प्रियदर्शनी कुमारी, सुमानी कुमारी, भारती कुमारी एल टी पंकज जोशी, एएनएम रेणु, रीणा, बेबी कुमारी, सीमा, विभा, शशिकला आदि सहित आशा कार्यकर्ता, लाभुक आदि मौजूद थे।

# चोरी की दोहरी घटना में आर्मी जवान के घर से दो लाख का सामान गायब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्थानीय शहर के राजा बाजार स्थित पटेल नगर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामले में बैंक कर्मी के बाद उनके पड़ोस में रहने वाले आर्मी जवान रंजीत कुमार के मकान में भी चोरों ने सेंधमारी की है। इस संबंध में पीड़ित आर्मी जवान द्वारा सदर थाना में लिखित आवेदन दिया गया है। आवेदन में रंजीत कुमार ने बताया है कि उनकी माता का हाल ही में निधन हो गया था, जिसके कारण वे श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए अरवल जिले के करपी स्थित अपने गांव गए हुए थे। इसी दौरान सोमवार की सुबह पड़ोसियों ने फोन कर सूचना दी कि उनके घर की खिड़की टूटी हुई है। सूचना मिलते ही जब वे जहानाबाद पहुंचे तो देखा कि घर के अंदर का सामान बिखरा पड़ा है। घर की गहनता से जांच करने पर पता चला कि चोरों ने करीब 20 हजार रुपये नकद, आभूषण और कपड़े चोरी कर लिए हैं, जिसकी कुल कीमत लगभग दो लाख रुपये आंकी जा रही है। इधर लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से राजा बाजार और इसके आसपास के इलाके में लोगों में दहशत फैल गया हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि चोर बंद घरों को निशाना बना रहे हैं और इलाके में सक्रिय किसी गिरोह की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इस संबंध में सदर थानाध्यक्ष मोहन प्रसाद ने बताया कि पीड़ित द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कर रही है और जल्द ही इस मामले का खुलासा किए जाने का भरोसा दिलाया है।

# संजय सरावगी के बिहार भाजपा के अध्यक्ष बनने पर दरभंगा जिला भाजपा ने दी बधाई

## उनके अनुभव एवं संगठनात्मक क्षमता से पार्टी को मजबूती मिलने की उम्मीद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री, दरभंगा नगर के लोकप्रिय विधायक, संजय सरावगी के बिहार भाजपा अध्यक्ष बनाए जाने पर दरभंगा जिला भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर जिला भर के कार्यकर्ताओं ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। जिला भाजपा अध्यक्ष प्रोध आदित्य नारायण मन्ना ने कहा कि श्री संजय सरावगी के नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्ज़ा मिलेगी और पार्टी बिहार में और अधिक सशक्त होकर जन-जन तक पहुंचेगी। उनके अनुभव एवं संगठनात्मक क्षमता से पार्टी को आगामी

### हर्ष का माहौल

चुनौतियों में मजबूती मिलेगी। कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन में भाजपा सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को और मजबूती से आगे बढ़ाएगी तथा बिहार में संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। दरभंगा नगर विधानसभा के प्रभारी एवं जिला के मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी ने बधाई देते हुए कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि बिहार भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री संजय सरावगी जी के सक्षम नेतृत्व में, संगठन को एक नई ऊर्ज़ा और दिशा मिलेगी। वह बिहार में भारतीय जनता पार्टी को और अधिक सशक्त, अनुशासित एवं जनोन्मुखी बनाने में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। आपके यशस्वी कार्यकाल के लिए ढेरों मंगलकामनाएं। बधाई देने वालों में जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा, पूर्व जिला अध्यक्ष जीवछ सहनी, जिला महामंत्री संतोष पोद्दार, विजय चौधरी, सुजीत मल्लिक, जिला उपाध्यक्ष राजु तिवारी, राजेश रंजन, अभयानंद झा, संगीता शाह, विकास चौधरी, सोनी पूर्वे, श्रवण कुमार मिश्रा, सुनील कुमार चौधरी, जिला मंत्री मीरा मेहता, राहुल पासवान, रानी झा,पिंटू महासेठ, सचिन जैन सहित जिले के सभी पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष, प्रकोष्ठ के संयोजक एवं सभी मंडल अध्यक्ष ने भी बधाई दी।

# मृदा संरक्षण विषयक पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन

**जहानाबाद (नबिटा संवाददाता)।** स्थानीय कॉलेज, जहानाबाद भूगोल विभाग के तत्वावधान में विश्व मृदा दिवस के अवसर पर स्नातक तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए मृदा संरक्षण विषय पर पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में मृदा के महत्व, उसके संरक्षण तथा सतत विकास में उसकी भूमिका के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। इस अवसर पर भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ0 स्नेहा स्वरूप ने मृदा को जीवन का आधार बताते हुए कहा कि मृदा केवल कृषि की ही नहीं, बल्कि संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र की आधारशिला है। उन्होंने मृदा अपरदन, रासायनिक प्रदूषण और अनियंत्रित शहरीकरण से उत्पन्न चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मृदा संरक्षण के बिना पर्यावरण संतुलन एवं खाद्य सुरक्षा की कल्पना नहीं की जा सकती।

# सेवानिवृत्त शिक्षक भीम सिंह के निधन पर शिक्षा जगत में शोक

## आर्यभट्ट संस्थान के निदेशक को पितृशोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिले के आर्यभट्ट संस्थान के निदेशक प्रो अशोक कुमार सिंह अमर के पिता सेवानिवृत्त शिक्षक का रविवार की देर संध्या निधन हो गया। मृतक श्री सिंह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। वे करीब 84 वर्ष के थे। उनका उपचार घर पर ही किया जा रहा था। उनके निधन से शिक्षा जगत सहित समाज में शोक की लहर है। स्वर्गीय श्री सिंह अपने पीछे दो पुत्र से भरा पूरा परिवार छोर गए है। बड़े पुत्र प्रो अशोक कुमार सिंह अमर ने पूरे समर्पण भाव से अपने पिता की सेवा की। इस दौरान उनकी अद्धांगनी प्रो पूनम सिंह की भूमिका भी अत्यंत सराहनीय रही। जिन्होंने पुत्रीवत अपने ससुर की सेवा की। छोटे पुत्र पटना उच्च न्यायालय में अधिवक्ता हैं। लोहिया नगर स्थित आर्यभट्ट परिसर से सुबह 10 बजे उनकी शव यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। इसके बाद सिमरिया घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। वहीं जिला पत्रकार संघ बेगूसराय के अध्यक्ष विनोद कर्ण ने भी इस निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भीम सिंह जी अत्यंत मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। परिवार और समाज के प्रति उनका समर्पण भाव अनुकरणीय था। उन्होंने अपने जीवन के माध्यम से शिक्षा के लिए अलख जगाने का कार्य किया। जिसे समाज हमेशा स्मरण रखेगा।

# तीसरी किश्त मिलने के बाद भी अधूरा है घर तो होगी कार्रवाई

## बीडीओ ने आवास व लोहिया स्वच्छता पर की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** लोहिया स्वच्छता और गरीबों के आवास निर्माण में कोताही बरतने वाले कर्मियों पर प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। सोमवार को धनरूआ प्रखंड कार्यालय में बीडीओ सीमा कुमारी ने सभी आवास सहायक के साथ समीक्षा बैठक की। जहां बीडीओ ने कहा कि सरकारी योजनाओं में ढिलाई अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसमें लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं मुख्यमंत्री आवास सहायता की प्रगति की पीएमएवाईजी में समीक्षा की। जहाँ तकरीबन 299 लाभुकों को घर बनाने के लिए तीसरी किस्त की राशि दी जा चुकी है, फिर भी उनका आवास अधूरा पड़ा है। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने साफ कहा कि आवास सहायक अपने काम में रुचि नहीं ले रहे हैं। इस कारण योजना की रफ्तार काफी धीमी है, इसके पीछे आवास सहायक ने बताया मनरेगा की राशि नहीं मिलने से परेशानी हो रही है। हालांकि एक हफ्ते के अंदर सभी अपूर्ण आवास को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। वहीं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के क्रियान्वयन के लिए एक समीक्षा बैठक की गयी। बीडीओ सीमा कुमारी ने अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई के निर्माण, घर-घर कचरा उठाव एवं यूजर चार्ज की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में उपस्थित पंचायत के मुखिया, स्वच्छता प्रयेवक्षक, मौजूद थे। ग्रामीण लोगों से घर-घर कचरा उठाव कार्य को सतत बनाये रखने के लिए प्रतिदिन प्रति घर एक रूपया यूजर चार्ज के रूप में देने के लिए प्रेरित किया गया। यूजर चार्ज के लिए प्रेरित करें एवं इसकी जानकारी स्वच्छता मित्र ऐप पर अनिवार्य रूप से दर्ज करनी होगी। इसके अलावा, जो गांव ओडीएफ प्लस (खुले में शौच मुक्त) के मानकों को पूरा करते हैं, उन्हें चिन्हित कर आदर्श ग्राम के रूप में घोषित किया जायेगा। इसके अलावा उन्होंने लाभुकों द्वारा बनाए गए व्यक्तिगत शौचालयों का भुगतान जांच के बाद करने का निदेश दिया। कहा कि अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयां अभी निर्माणाधीन हैं, उन्हें जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। ग्राम पंचायतों को निर्देश दिया गया कि ठोस और तरल कचरा प्रबंधन पर खर्च की गई राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र जिला कार्यालय को भेजें। डिजिटल संचार निगरानी प्रणाली के तहत पंजीकृत परिवारों को व्हाट्सएप के माध्यम से स्वच्छता संदेश भेजने और फोन कर उनकी राय लेने के साथ-साथ गृह भ्रमण करने का भी निर्देश दिया गया।



# प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं को त्वरित गति से कराया जाएगा पूर्ण : आयुक्त

## अवनीश कुमार सिंह ने ग्रहण किया भागलपुर प्रमंडल का प्रभार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** मुंगेर के प्रमंडलीय आयुक्त अवनीश कुमार सिंह ने सोमवार को भागलपुर प्रमंडल के आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। इसके पूर्व जिला अतिथि गृह में जिलाधिकारी डा. नवल किशोर चौधरी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर भागलपुर की धरती पर उनका हार्दिक अभिनंदन किया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी आयुक्त के सचिव, क्षेत्रीय विकास पदाधिकारी, संयुक्त निदेशक जनसंपर्क, अनुमंडल पदाधिकारी सदर भागलपुर मौजूद थे। इधर भागलपुर प्रमंडलीय आयुक्त के कार्यालय परिसर में उन्हें महिला पुलिस बल के द्वारा गार्ड ऑफ़ ऑनर प्रदान किया गया। प्रभार ग्रहण करने के उपरांत संवाददाताओं को संबोधित करते हुए प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि उनके लिए सौभाग्य की बात है कि उन्हें भागलपुर की सेवा करने का उन्हें पुनः अवसर प्राप्त हुआ है। पूर्व में भी नगर आयुक्त के रूप में भागलपुर की सेवा वे कर चुके हैं और 2017 में उनका भागलपुर से स्थानांतरण हुआ था और आज पुनः 15 दिसंबर 2025 को भागलपुर के प्रमंडलीय आयुक्त के रूप में प्रभार ग्रहण किए हैं। उन्होंने कहा कि इस 7 साल में भागलपुर का उल्लेखनीय विकास हुआ है और ग्रामीण क्षेत्र में भी विकास की अच्छी स्थिति है। उन्होंने कहा की प्रगति यात्रा के दौरान जितनी भी घोषणा की गई है और इसके अलावा भागलपुर और बांका की जितनी भी महत्वपूर्ण संचालित योजनाएं हैं उनका त्वरित गति से क्रियान्वयन हो, अन्तर जिला/अन्तर विभाग से समन्वय की बात हो या राज्य स्तर से किसी विभाग का समन्वय हो उसमें पूरा प्रयास रहेगा जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों का प्रमंडल से सहयोग मिले ताकि योजनाओं का क्रियान्वयन और तेजी से हो सके। श्री सिंह ने कहा कि इसके अलावे ग्रामीण स्तर पर, अनुमंडल स्तर पर आम जनता को सहज और सुलभ प्रशासन मिले और जितने भी जन उपयोगी योजनाएं हैं उनका प्रभावी क्रियान्वयन हो। स्वच्छ और पारदर्शी प्रशासन हो और इसके लिए जनता का फीडबैक भी लिया जाएगा।



# सीडीपीओ ने टीएचआर वितरण व पोषाहार का किया निरीक्षण, शत प्रतिशत लाभुकों के बीच वितरण करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** बाल विकास परियोजना के अंतर्गत मसौढ़ी प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर सोमवार को सेविकाओं ने टीएचआर (टेक होम राशन) का वितरण किया. ऐसे मसौढ़ी सीडीपीओ अनिता कुमारी ने टीएचआर वितरण का निरीक्षण किया। सीडीपीओ ने सभी सेविकाओं को पोषण ट्रैकर एप के संबंध में निर्देश दिये। डाटा अपलोडिंग वितरण के सभी आंकड़े वितरण के तुरंत बाद पोषण ट्रैकर एप पर शत-प्रतिशत अपलोड किये जाय, स्कूल पूर्व शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों का एफआरएस (फ़ेस रिकॉग्निशन सिस्टम) दो दिनों के भीतर पूरा किया जाये। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना लक्ष्य के अनुरूप आवेदन एकत्र कर संबंधित वेबसाइट पर अपलोड किया जाय। इसके अलावा सीडीपीओ ने बताया कि टीएचआर का वितरण गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं (स्तनपान कराने वाली) तथा सामान्य, कुपोषित व अति कुपोषित लाभार्थियों के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार लाने के उद्देश्य से प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर लगातार जारी है। पोषण ट्रैकर एप का उपयोग प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक है।सीडीपीओ अनिता कुमारी ने बताया की टीएचआर वितरण का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर वितरण हो रहा था। कुछ केंद्रों पर बच्चों की कमी देखी गई। इस संबंध में संबंधित सेविका को बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति का निर्देश दिया गया है।




# डीएम ने की वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के फेज दो एवं तीन के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** स्थानीय समीक्षा भवन में सोमवार को जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी डॉ चौधरी ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के फ़ेज दो एवं तीन के अंतर्गत में किये जा रहे कार्य की समीक्षा की। इस संदर्भ में जिलाधिकारी ने बुडको के कार्यपालक अभियंता से पूछा कि यह योजना कब तक पूर्ण होगी और कब से शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति की जाएगी। बुडको के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि मार्च 2026 तक सभी कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा तथा जलापूर्ति भी आरंभ कर दी जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता को यह तथ्य लिखित रूप में देने का निर्देश दिया गया ताकि निर्धारित समय पर जलापूर्ति सुनिश्चित कराया जा सके। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा भागलपुर के सिविल सर्जन को कहा गया कि जिला में जितने भी नर्सिंग होम हैं। उनका बायोवेस्ट का निष्पादन कैसे हो, इसकी समीक्षा कर लें। साथ ही जो नर्सिंग होम पंजीकृत नहीं है उनका बायोवेस्ट का निष्पादन कैसे हो रहा है। अगर नर्सिंग होम की रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता है तो रजिस्ट्रेशन करेंगे। उन्होंने कहा कि हर हाल में सभी नर्सिंग होम व मेडिकल लैब का बायो बेस्ट का निष्पादन सुनिश्चित करना है। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह, प्रभारी वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।




# मसौढ़ी पुलिस एवं एमवीआई ने चलाया वाहन जांच अभियान, 60 हजार का कटा चालान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी पुलिस एवं एमवीआई ने सोमवार को कई जगहों पर पुरे दल बल के साथ सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान कई घंटे तक चला, जिसमें दोपहिया, तीनपहिया और चारपहिया सभी प्रकार के वाहनों की गहन जांच की गई।इस दौरान बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के आवश्यक कागजात की कमी, ओवरलोडिंग, तेज रफ्तार और नंबर प्लेट संबंधी उल्लंघन के मामलों में पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए तीन दर्जन से अधिक वाहनों का तकरीबन 60 हजार चालान काटा। कई चालकों को मौके पर ही चेतावनी देकर छोड़ने के बजाय नियमों के तहत कार्रवाई की गई। मसौढ़ी थानाध्यक्ष विवेक भारती ने कहा कि क्षेत्र में बढ़ती दुर्घटनाओं और नियमों की अनदेखी को देखते हुए यह अभियान अनिवार्य हो गया था। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मसौढ़ी क्षेत्र में यातायात नियमों को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। आने वाले दिनों में भी ऐसे सघन जांच अभियान लगातार जारी रहेंगे, ताकि आम जनता को सुरक्षित और अनुशासित यातायात व्यवस्था मिल सके।उन्होंने वाहन चालकों से अपील किया कि वे हेलमेट पहनें, वैध कागजात रखें और निर्धारित गति सीमा का पालन करें। थानाध्यक्ष ने चेतावनी भी दी कि बिना कागजात और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अब और भी कड़ी कार्रवाई होगी।अभियान में मसौढ़ी पुलिस की पुरी टीम सक्रिय रूप से मौजूद रही और पूरे इलाके में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा कई जगहों पर एमवीआई की भी टीम एक्टिव रही और घूम-घूम भर कई जगहों पर दो दर्जनो से अधिक वाहनों पर चालान काटा जिससे घंटों हड़कंप मची रही।

# चारधाम दर्शन, यांगून 2025 : म्यांमार में भारतीय आध्यात्मिक परंपरा का दिव्य साक्षात्कार

**नवबिहार टाइम्स**

**यांगून (म्यांमार)।** भारत की प्राचीन आध्यात्मिक परंपरा, सनातन संस्कृति और सांस्कृतिक एकता को सशक्त रूप से प्रस्तुत करता ॒चारधाम दर्शन यांगून 2025 का भव्य आयोजन 13-14 दिसंबर 2025 को स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र, भारत का राजदूतावास, यांगून के परिसर में संपन्न हुआ। यह आयोजन एवं इंडिया समाज, म्यांमार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस विशेष आयोजन के माध्यम से म्यांमार में बसे हिंदू समाज, प्रवासी भारतीयों तथा स्थानीय मित्रों को भारत के पावन चारधाम–बद्रीनाथ, द्वारका, पुरी एवं रामेश्वरम का एक ही परिसर में दिव्य दर्शन का अवसर प्राप्त हुआ। आयोजन में बोधगया के आध्यात्मिक महत्व को भी विशेष रूप से रेखांकित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय राजदूत अभय ठाकुर एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ. सुरभि ठाकुर ने किया। इस अवसर पर उप राजदूत आशीष शर्मा, वरिष्ठ सामुदायिक नेता, गणमान्य अतिथि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। उद्घाटन संबोधन में राजदूत ने कहा, सर्वे भवन्तु सुखिनः भारत की उस जीवन-दृष्टि का प्रतीक है जिसमें संपूर्ण मानवता का कल्याण निहित है। ऐसे आयोजन भारतऽम्यांमार के सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करते हैं। स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र की भूमिका इस आयोजन में विशेष रूप से उल्लेखनीय रही, जिसने भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं सॉफ्ट डिप्लोमेसी को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। इंडिया समाज, म्यांमार के अध्यक्ष डॉ. शीतल पालबाबू की परिकल्पना एवं नेतृत्व में यह आयोजन भारतीय समुदाय की व्यापक सहभागिता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. आशीष कंधवे, निदेशक, ॒ट्ठुएए यांगून ने कहा, चारधाम भारतीय चेतना की पूर्ण यात्रा का प्रतीक हैं। इस आयोजन का उद्देश्य भारत की आध्यात्मिक पूर्णता को म्यांमार की धरती पर साकार करना है। कार्यक्रम के दौरान, प्रथम दिन लगभग 600 श्रद्धालुओं ने चारधाम दर्शन का लाभ उठाया। लगभग दो दिनों तक चले इस दिव्य आयोजन में कुल मिलाकर लगभग दो से ढाई हजार श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों ने चारधाम दर्शन किया। आयोजन के अंतर्गत योग दर्शन, आरती, प्रसाद वितरण तथा एक संक्षिप्त सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्ज़ा से परिपूर्ण रहा। समग्र रूप से, चारधाम दर्शन यांगून 2025 म्यांमार में बसे भारतीय समाज की आस्था, एकता और सांस्कृतिक चेतना का सशक्त प्रतीक बनकर उभरा तथा भारत-म्यांमार के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को नई ऊँचाई प्रदान की।



## एक नजर

### शराब मामले के आरोपित को भेजा जेल

**अथमलगोला (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर शराब मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत लहेरिया टोला निवासी अमरजीत कुमार अथमलगोला थाना कांड संख्या 269/23 में नामजद आरोपी हैं। जिनकी पुलिस को तलाश थी। जिन्हें गुप्त सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### श्री राम कथा समारोह का आयोजन

**अथमलगोला (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड अंतर्गत करजान गांव स्थित मां दुर्गा स्थान परिसर में श्री राम कथा समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार के प्रसिद्ध शल्य चिकित्सक डॉ अरुण कुमार सिंह द्वारा दिनांक 16/12/25 को संध्या चार बजे किया जाएगा। आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार कथा विश्राम दिनांक 24/12/25 को होगा। जिसमें प्रवचनकर्ता मानस मर्मज्ञ श्री ध्रुव जी महाराज और श्री दिव्यानंद जी महाराज होंगे। उन्होंने बताया कि ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए कथा श्रवण का समय संध्या चार बजे से आठ बजे रात्रि तक रखा गया है। उन्होंने सभी कथा प्रेमियों से इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने की अपील की है।

### दो आरोपियों के घर पर लगा इश्तेहार

**अथमलगोला (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** झारखंड पुलिस की टीम ने अथमलगोला पुलिस के सहयोग से थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदा गांव के निवासी एनडीपीएस मामले के दो आरोपियों के घर पर इश्तेहार चिपकाया। ज्ञात हो कि झारखंड की चंदवा पुलिस को चंदन कुमार और ऋतिक कुमार की काफी समय से तलाश है। इनके द्वारा लक्जरी कार के माध्यम से गांजा की तस्करी की जा रही थी। उस स्विफ्ट डिजायर कार को भी चंदवा पुलिस द्वारा जप्त कर लिया गया है। अथमलगोला थाना से मिली जानकारी के अनुसार चंदवा थाना कांड संख्या 100/21 में इनकी तलाश है।

### पुअनि राहुल कुमार ने संभाला पदभार

**अथमलगोला (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** निवर्तमान एसएचओ नवीन कुमार के जानीपुर स्थानांतरण के बाद अथमलगोला थाना की कमान पु अ नि राहुल कुमार नवनीत ने संभाल ली है। रविवार की संध्या आयोजित विदाई सह स्वागत सम्मान समारोह कार्यक्रम में निवर्तमान एसएचओ नवीन कुमार को भावपूर्ण विदाई दी गई। वहीं 2018 बैच के निवर्तमान एसएचओ सकसोहरा सह नव नियुक्त थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन एवं पत्रकार मौजूद रहे। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि राज किशोर सिंह ने कहा ही निवर्तमान एसएचओ नवीन कुमार अपनी त्वरित करवाई और उपलब्धियों के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। वहीं समाजसेवी इंदु भूषण सिंह उर्फ गब्बर सिंह ने कहा कि तबादला तो सेवा काल की सामान्य प्रक्रिया है। लेकिन कार्यकाल में आपके द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों को लोग लंबे समय तक याद रखते हैं। नागमणि यादव,रवि कुमार सिंह, विकास विद्यार्थी, धर्मेश कुमार, संजीव कुमार, मधुकांत सिंह, शेखर सिंह सहित कई लोगों ने भी अपने विचार रखे। निवर्तमान एसएचओ नवीन कुमार ने भावुकता भरे अंदाज में कहा कि अथमलगोला में बतौर थानाध्यक्ष मेरी पहली पोस्टिंग थी। लेकिन स्थानीय लोगों का इतना स्नेह और सहयोग मिला कि उपलब्धियों से भरा कार्यकाल कब तबादले तक पहुंचा पता ही नहीं चला।इसके लिए में सभी का आभार व्यक्त करता हूं।

# अनुमंडलीय अस्पताल में खुलेगी कमजोर नवजात शिशुओं के लिए एसएनसीयू इकाई, भेजा गया प्रस्ताव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** कम वजन वाले नवजातों के अलावा बर्थ एस्फिक्सिया, निमोनिया, पीलिया, रक्त संक्रमण, प्रसव के समय गंदगी निगलने वाले शिशु और जन्म के तुरंत बाद ऑक्सीजन लेवल कम होने जैसी स्थितियों वाले बच्चों को भी एसएनसीयू में एडमिट किया जाता है। जिन शिशुओं में जन्म के एक मिनट के भीतर रोने की प्रतिक्रिया नहीं होती है, उन्हें बर्थ एस्फिक्सिया की श्रेणी में रखते हुए प्राथमिकता के आधार पर इलाज दिया जाता है। ऐसे में गरीब घरों के बच्चों के लिए यह वरदान से कम नहीं है.जहाँ बच्चों के भर्ती होने की व्यवस्था के साथ-साथ नवजात बच्चों के लिए वेंटीलेटर की भी व्यवस्था होगी। अनुमंडल अस्पताल प्रशासन ने एसएनसीयू की युनीट बनाने के लिए विभाग को प्रस्ताव भेजा है और जल्द ही इस पर विचार होनी है। एसएनसीयू के संचालन के लिए प्रशिक्षित नर्स एवं शिशु रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की जा रही है। अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में वैसे लोगों को अधिक फायदा होता है, जो निजी अस्पतालों की एसएनसीयू में अपने बच्चों को नहीं रख सकते हैं. निजी अस्पतालों में एक दिन में औसतन एक से डेढ़ हजार रुपये लिया जाता है. यह आर्थिक रूप से कमजोर माता-पिता के लिए मुश्किल होता है। ऐसे में अनुमंडल अस्पताल की एसएनसीयू बड़ा सहारा बनेगी। चिकित्सकों की माने वैसे बच्चे जिनका वजन कम होता है या जन्म के समय नहीं रोया करते हैं। बच्चों के जन्म के समय रोना अतिआवश्यक है और बच्चों का वजन कम-से-कम 2.5 स्वस्थ माना जाता है। अगर, बच्चों का वजन एक किलो 800 ग्राम से कम होता है, तो उन्हें भर्ती कर लिया जाता है और जिन नवजात शिशुओं का वजन एक किलो से कम होता है, उसे स्पेशल केयर में रखा जाता है. जो नवजात स्वस्थ नहीं होते हैं।

### वार्ड सदस्य के पति को गोली मारने के मामले में दो नामजद

**मसौढ़ी।** धनरुआ थाना क्षेत्र के चकजोहरा स्थित मुर्गी फॉर्म के पास अपराधियों ने 30 वर्षीय सोनू कुमार को बिते शनिवार को गोली मार दी थी, इस मामले में जख्मी सोनू कुमार के फर्दब्यान पर धनरूआ थाना क्षेत्र के चकजोहरा गांव के दो लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें सोलू कुमार पिता उपेंद्र प्रसाद उर्फ छोटन और दूसरा कुंदन कुमार पिता संजय यादव पर हत्या करने की नीयत से गोली मारने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जांच पुलिस पदाधिकारी ने बताया की प्राथमिकी दर्ज होने के बाद गिरफ्तारी के छापेमारी की जा रही है। गौरतलब है की जख्मी सोनू सोनमई पंचायत के वार्ड -10 की वार्ड सदस्य नीतू कुमारी के पति है। सोनू का सोनमई बाजार में दुकान है। शनिवार को ट्रैक्टर लेकर वह हुलासचक में गिट्टी गिरा लौट रहे थे तभी बाइक सवार दो अपराधियों ने जबरन ट्रैक्टर रुकवाया। इसके बाद अपराधियों ने तीन राउंड फायरिंग की। जिसमें से एक गोली सोनू के कंधे और बांह के बीच लगी। सोनू ट्रैक्टर से कूदकर भाग, जिससे उसकी जान बच गई। नदवा ओपी प्रभारी अंकित कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

# 'पीपुल्स फ्रेंडली पुलिसिंग' के तहत धनरूआ पुलिस ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में धनरूआ थाना के अपर थानाध्यक्ष आलोक कुमार के नेतृत्व में धनरूआ के कई स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। जहां वीर स्थित 10+2 हाई स्कूल में छात्र-छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहाँ पीपुल फ्रेंडली पुलिसिंग' के तहत छात्र छात्राओं में सुरक्षा, सतर्कता एवं पुलिस पर विश्वास की भावना को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को आपातकालीन स्थिति में डायल 112 के माध्यम से त्वरित पुलिस सहायता प्राप्त करने तथा पुलिस की उपलब्धता के बारे में जानकारी दी गई। साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु छात्राओं को महत्वपूर्ण सावधानियों से अवगत कराते हुए जागरूक किया गया। साइबर फ्राड होने की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करने अथवा नजदीकी साइबर थाना में शिकायत दर्ज करने की सलाह दी गई। विशेष रूप से छात्राओं को संबोधित करते हुए, धनरूआ थाना के अपर थाना प्रभारी आलोक कुमार ने कहा कि स्कूल आने और घर जाने के दौरान किसी भी तरह की परेशानी होने पर वे बिना किसी डर के शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने जोर दिया कि पुलिस से डरने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि पुलिस नागरिकों और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए है।



# शहरवासियों को मिलेगा स्वच्छ पेयजल : अभिलाषा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत बारून प्रखंड अंतर्गत टर्नकी आधार पर औरंगाबाद शहर के लिए सोन नदी में उपलब्ध सतही जल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु संचालित महत्वाकांक्षी योजना के कार्यस्थल का स्थल जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा निरीक्षण किया गया। इस योजना का उद्देश्य शहरवासियों को दीर्घकालिक, सुरक्षित एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा परियोजना से संबंधित समस्त तकनीकी एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। कार्यकारी एजेंसी के पदाधिकारियों द्वारा नक्शा एवं



तकनीकी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रस्तावित इन्टेक वेल, पंप हाउस, जल शोधन संयंत्र, ट्रांसमिशन पाइपलाइन, ओवरहेड टैंक एवं वितरण प्रणाली सहित अन्य संरचनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसे जिलाधिकारी द्वारा बारीकी से अवलोकित किया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि परियोजना के सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं सुरक्षा मानकों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह परियोजना औरंगाबाद शहर के सतत विकास एवं जनस्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, अतः किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग, कार्य प्रगति की समय-समय पर समीक्षा तथा स्थानीय स्तर पर समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। इस योजना के पूर्ण होने से औरंगाबाद शहर के नागरिकों को स्वच्छ एवं निर्बाध पेयजल उपलब्ध होगा जिससे भू-जल पर निर्भरता कम होगी और जल-जीवन-हरियाली अभियान के उद्देश्यों की प्रभावी पूर्ति सुनिश्चित होगी। निरीक्षण के दौरान जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव एवं संबंधित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कार से भारी मात्रा में स्पिरिट बरामद, तस्कर फरार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना की पुलिस द्वारा भारी मात्रा स्प्रिट जब्त किया गया है। जबकि तस्कर मौके से फरार हो गए। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के अहरी में की गई। इस दौरान 15 गैलन से कुल 600 लीटर स्पिरिट बरामद किया गया है। साथ ही एक कार और बाइक जब्त किया गया है। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त के खिलाफ निरंतर कार्रवाई जारी है। सूचना के आधार पर कार्रवाई के फलस्वरूप एक कार से 600 लीटर स्पिरिट जब्त किया गया है। साथ ही एक बाइक जब्त किया किया गया है। जब्त वाहनों के आधार पर मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# सोन नदी के पानी से 2059 हेक्टेयर भूमि में होगी सिंचाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारून प्रखंड अंतर्गत सोन नदी से उद्वह सिंचाई के माध्यम से विशुनपुर उपवितरणी के शेष कमाण्ड क्षेत्र को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु संचालित कार्य योजना का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कार्य की प्रगति, तकनीकी पहलुओं, गुणवत्ता मानकों तथा समयबद्ध क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई एवं संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणा के आलोक में औरंगाबाद जिलान्तर्गत सोन नदी से उद्वह सिंचाई के माध्यम से विशुनपुर उपवितरणी के शेष कमाण्ड क्षेत्र को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की कार्य योजना की परिकल्पना की गई है। इस योजना के अंतर्गत औरंगाबाद जिला के नवीनगर एवं बारून प्रखंड के कुल 2059 हेक्टेयर असिंचित कृषि क्षेत्र को उद्वह सिंचाई के माध्यम से सिंचाई सुविधा से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त योजना के तहत सोन नदी में इनटेक वेल-सह-पम्प हाउस का निर्माण कर 51 घनसेक जलश्राव का उद्वह किया जाएगा, जिसे विशुनपुर उपवितरणी के 19.82 किलोमीटर पर तथा इससे निकलने वाली नरारीकला लघु नहर में फीड किए जाने का प्रावधान है। योजना के क्रियान्वयन के उपरांत नवीनगर प्रखंड अंतर्गत नरारीकला, बेनी बिगहा, ससना सहित अन्य ग्रामों तथा बारून प्रखंड अंतर्गत तेंदुआ, विशुनपुर, बाधा, सहसपुर, दरियाबाद, महदी, अम्बा, लखैपुर, जंगी बिगहा, सदुरी सहित अन्य गाँवों के कुल 2059 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र में सिंचाई सुविधा सुनिश्चित की जा सकेगी। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित कार्य एजेंसियों को निर्देशित किया गया कि कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से एवं समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए ताकि क्षेत्र के कृषकों को शीघ्र लाभ प्राप्त हो सके और कृषि उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।

# एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य मामलों में 40 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई किया है। अलग-अलग मामलों में 40 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 29 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। एनडीपीएस एक्ट में एक, हत्या के प्रयास में 8, शराब कांड में 14 एवं अन्य शीर्ष कांड में 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 78 लीटर देसी शराब, एक ट्रैक्टर, 100 सीएफटी बालू, 0.244 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1186 वाहनों की जांच की गई जिसमें 91500 रूपये बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल की माने तो इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कानून व्यवस्था के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# लंबित भूमि अधिग्रहण कार्य को दो दिनों के अंदर करें पूरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उत्तर कोयल नहर जलाशय परियोजना के अंतर्गत भूमि रैयतीकरण एवं अधिग्रहण कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में परियोजना के विभिन्न पैकेजों की प्रगति भूमि अधिग्रहण की स्थिति रैयती एवं गैर-रैयती भू-स्वामियों को भुगतान की प्रगति तथा लंबित कार्यों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा नबीनगर, मदनपुर, अम्बा, औरंगाबाद तथा गया प्रमण्डलों में भूमि अधिग्रहण की वर्तमान स्थिति, लंबित प्रक्रियाएं, रैयतीकरण, सरकारी भूमि हस्तांतरण, रैयती दावों के सत्यापन तथा अधियाचनाओं की स्वीकृति में



आ रही बाधाओं का गहन परीक्षण किया गया। औरंगाबाद जिले में परियोजना के कुल 9 पैकेज हैं जिनकी कुल लंबाई 77.69 किमी है। कुल अधिग्रहणीय भूमि 41.251 हेक्टेयर है जिसमें अब तक 35.9259 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है और 5.3251 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण लंबित है। भूमि का वर्गीकरण इस प्रकार है। उत्तर कोयल प्रमंडल नवीनगर में सभी 12.2483 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है। अम्बा में 7.078 हेक्टेयर में से 6.7297 हेक्टेयर अधिग्रहित है और 0.2655 हेक्टेयर शेष है। औरंगाबाद में 8.210 हेक्टेयर में से 5.638 हेक्टेयर अधिग्रहित है और 2.572 हेक्टेयर शेष है। मदनपुर में सभी 5.338 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है। गया में 8.3776 हेक्टेयर में से 5.978 हेक्टेयर अधिग्रहित है और 2.3996 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण लंबित है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि लंबित भूमि अधिग्रहण कार्य दो दिनों के अंदर पूर्ण किया जाए रैयतों को भुगतान में पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और सभी पैकेजों की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से अद्यतन कर जिला कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण जयप्रकाश नारायण, जिला भू अर्जन पदाधिकारी उपेंद्र पंडित, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव एवं संबंधित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद/हसपुरा।** रिश्तेदार के घर श्राद्धकर्म में शामिल होने जा रहे बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना हसपुरा थाना क्षेत्र के सोनहथु मोड़ के पास की है। मृतक की पहचान गोह प्रखंड के बंधवा निवासी तेजू राजवंशी के 18 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार के रूप में हुई है। घटना को लेकर मृतक का बड़ा भाई बुधन कुमार ने बताया कि राकेश रविवार की शाम पड़ोसी की बाइक लेकर घर से निकला था। मौसी के घर रामनगर में रिश्तेदार के श्राद्धकर्म में शामिल होना था। घर से कुछ ही दूरी पर दुर्घटना में उसकी मौत हो गई। सोमवार की सुबह पुलिस से हादसे की जानकारी मिली। सड़क किनारे उसका शव मिला। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हुई है। घटना रविवार के देर शाम की है। रास्ता सुनसान और अंधेरा होने के कारण जख्मी युवक को कोई देख नहीं सका। सुबह स्थानीय लोग टहलने निकले तो सड़क किनारे शव को देखा। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। फ़िलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इधर दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया गया है। बाइक में धक्का मारने वाले अज्ञात वाहन और चालक का पता लगाया जा रहा है।

# डीएम ने विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सोमवार को बारून प्रखंड अंतर्गत शोभेखाप के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में नामांकित छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, शैक्षणिक गतिविधियों, कक्षा संचालन, मध्याह्न भोजन, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल तथा विद्यालय परिसर की साफ-सफाई का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय के सभी शिक्षकों से परिचय प्राप्त किया गया तथा विद्यालय के सभी कक्षाओं का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं में जाकर छात्र एवं छात्राओं से पढ़ाई-लिखाई को लेकर रूबरू होते हुए उनकी



शैक्षणिक प्रगति की जानकारी ली। जिला पदाधिकारी द्वारा विद्यार्थियों की कॉपियों की जांच की गई एवं पुस्तकों के माध्यम से पढ़ाकर उनकी समझ का आकलन किया गया। साथ ही छात्रों से विषयवार अध्ययन, पाठ्यक्रम की प्रगति एवं शिक्षण स्तर के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान लाभार्थियों की उपस्थिति, पोषण आहार वितरण, टीएचआर, टीकाकरण, पूर्व-प्राथमिक शिक्षा गतिविधियां एवं केंद्र की स्वच्छता व्यवस्था का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी सेविका को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर पोषण एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के स्पष्ट निर्देश दिए।

# खेतों में रासायनिक के बदले जैविक खाद का करें उपयोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** सोमवार को प्रखंड स्तरीय किसान संगोष्ठी का आयोजन प्रखंड मुख्यालय पर किया गया। संगोष्ठी का संचालन कृषि समन्वयक मुकेश कुमार अकेला ने किया। संगोष्ठी में उपस्थित किसानों को कृषि वैज्ञानिक डॉ अनूप कुमार चौबे ने बताया कि रासायनिक खाद का उपयोग करने से बचें। देसी गाय के गोबर और मूत्र से तैयार खाद तथा कीटनाशक दवाओं का खेतों में उपयोग करें। उपज अधिक होगा। पूंजी लगात कम लगेगा। उन्होंने बताया कि 20 लीटर वाला बाल्टी में 15 लीटर पानी में एक लीटर गौमूत्र, एक किलो ग्राम गोबर, 250 ग्राम बेसन और गुड़ मिश्रण कर पांच दिन छाया में रखने के बाद खेत में फसल पर छिड़काव करेंगें तो कीट नियंत्रित होगा। साथ ही फसलों पर फफुद नहीं लगेगा। इसे खाद के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। गाय के एक लीटर मूत्र और एक किलो गोबर को 15 लीटर पानी में मिलाकर उसमें बिज को आधा घंटा से चार घंटे तक डूबो कर रखें। इसके बाद बीज उपचार कर ही बुआई करें तो कीट नहीं लगेगा। पौधे में फुफद नहीं लगेगा। बीज का उपचार आवश्य करें। मिट्टी को बचाएंगे तभी फसल उपजाएंगे। रासायनिक खाद और कीटनाशक दवाईयों के उपयोग से खेत की उर्वरा शक्ति दिन प्रतिदिन खत्म होते जा रहा है।

# केंद्रीय विद्यालय का मना 63वां स्थापना दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के बभंडी स्थित केंद्रीय विद्यालय औरंगाबाद के प्रांगण में 63वां स्थापना दिवस का भव्य एवं उत्साह पूर्वक आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार श्रीवास्तव एवं कई गणमान्य अभिभावक ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि व शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इस दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे लोकगीत, लोक नृत्य गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब, बंगाल, हरियाणा, संबलपुरी, बिहार के साथ-साथ एक भारत श्रेष्ठ भारत पर आधारित कई नन्हे-मुन्ने बच्चों की प्रस्तुति




आकर्षण का केंद्र रहा। साथ में विज्ञान प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एके श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना, महत्व एवं विद्यालय के उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम का निर्देशन संगीत शिक्षिका कुमारी वंदना के कुशल नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षकों ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

# एनएच-139 को फोरलेन कराने को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सड़क दुर्घटना रोकथाम फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों ने सोमवार को जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा से मिलकर राष्ट्रीय राजमार्ग-139 को फोरलेन बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष पुष्कर अग्रवाल, उपाध्यक्ष चंदन सिंह, कोषाध्यक्ष सहजानंद कुमार डिक्कू, संगठन विस्तारक मंत्री आनंद विश्वकर्मा, संगठन कार्यकारिणी अध्यक्ष शेखर कुमार उर्फ गुड्डू सिंह एवं मीडिया प्रभारी रॉकी दूबे मौजूद रहे। ट्रस्ट के सदस्यों ने दिए गए ज्ञापन के माध्यम से बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-139 व्यापारिक, सामरिक एव औधौगिक दृष्टीकोण से महत्वपूर्ण है परन्तु विषम ट्रैफिक दबाव के बावजूद इस राजमार्ग का चौडाई 07 मीटर है कही-कही एनएच-139 अतिक्रमण का दंश झेल रहा है।

## गांजा के साथ गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त के खिलाफ निरंतर कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में ओबरा पुलिस द्वारा 220 ग्राम गांजा के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए कारोबारी की पहचान थाना क्षेत्र के सुबेदार बिगहा कारा निवासी सुखलाल प्रसाद के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि गांजा के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है।

# शिविर में 129 महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर अस्पताल में सोमवार को मातृत्व सुरक्षा अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की विशेष जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 129 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें से 18 महिलाओं को हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (एचआरपी) की श्रेणी में चिन्हित किया गया। अभियान का उद्देश्य गर्भावस्था के दौरान जटिलताओं की समय रहते पहचान कर मां और शिशु की सुरक्षित डिलीवरी सुनिश्चित करना है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार मातृत्व सुरक्षा अभियान राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है जिसके तहत प्रत्येक माह निर्धारित



तिथि को गर्भवती महिलाओं की व्यापक जांच की जाती है। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ, एएनएम, जीएनएम, लैब टेक्नीशियन और आशा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका रही। जांच के लिए सुबह से ही महिलाओं की भीड़ सदर अस्पताल में जुटने लगी थी। शिविर में गर्भवती महिलाओं की ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, वजन, पेट की जांच, शुगर टेस्ट, यूरिन जांच सहित अन्य आवश्यक परीक्षण किए गए। इसके अलावा अल्ट्रासाउंड और आवश्यकतानुसार अन्य जांच की भी व्यवस्था की गई। जांच के दौरान 18 महिलाओं में एनीमिया, हाई ब्लड प्रेशर, मधुमेह, कम वजन, पूर्व में जटिल प्रसव का इतिहास जैसी समस्याएं पाई गईं जिसके कारण उन्हें हाई रिस्क प्रेग्नेंसी घोषित किया गया। एचआरपी चिह्नित महिलाओं को विशेष परामर्श दिया गया और नियमित फॉलोअप के निर्देश दिए गए। उन्हें समय-समय पर जांच कराने, संतुलित आहार लेने और चिकित्सक की सलाह के अनुसार दवाएं लेने की जानकारी दी गई। गंभीर स्थिति वाली महिलाओं को बेहतर इलाज के लिए रेफरल की भी व्यवस्था की गई, ताकि किसी भी तरह की जटिलता से बचा जा सके। मातृत्व सुरक्षा अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को कई महत्वपूर्ण सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। इसके साथ ही सभी प्रकार की जांच निःशुल्क होता है।

# असहाय जरूरतमंद लोगों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** एंटी करप्शन इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो टीम एवं भारतीय मानव अधिकार सामाजिक संस्था के द्वारा सड़क के किनारे झोपड़पट्टी बस्तियों में खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने वाले असहाय जरूरतमंद लोगों के बीच में गर्म कपड़े का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि संगठन के द्वारा मानव सेवा रक्षा अभियान के नाम से यह अभियान चलाया गया है। राष्ट्रीय सचिव आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि मानव सेवा रक्षा अभियान पूरे ठंड मौसम तक चलाए जाएंगे। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह है कि इस शीतलहरी ठंड में कोई भी सड़क के किनारे जीवन यापन करने वाले परिवार के सदस्य ठंड के कारण मौत के आगोश नही जाए। उन्हें गर्म कपड़े प्रबंध करवा कर उनका जीवन बचाया जा सके यह मानवता का सबसे बड़ा धर्म है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# डीएम ने लिया स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बारून प्रखंड अंतर्गत अवस्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने किया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध चिकित्सीय सेवाओं की स्थिति, दवा की उपलब्धता, साफ-सफाई तथा चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति का विस्तृत एवं गहन अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य केंद्र परिसर की स्वच्छता एवं व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देते हुए संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक जीवन रक्षक एवं सामान्य दवाइयां की सतत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, रोगियों को समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सीय परामर्श एवं उपचार प्रदान किया जाए तथा सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं का प्रभावी संचालन किया जाए।

# पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान आज से

## औरंगाबाद में 3,99,687 बच्चों को पोलियो खुराक से किया जाएगा प्रतिरक्षित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मंगलवार को 16 से 20 दिसम्बर तक पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान आयोजित होने जा रहा है। इस कार्यक्रम को ध्यान में रखकर पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय, औरंगाबाद से पोलियो जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉक्टर मिथिलेश प्रसाद सिंह, यूनिसेफ एसएमसी नैयर उल आजम, विश्व स्वास्थ्य संगठन के एसएमओ डॉक्टर नकी, जिला टीबरोक्लॉसीस पदाधिकारी डॉक्टर सुरेन्द्र कुमार



सिंह एवं विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली विद्यालय से निकल कर समाहरणालय होते हुए वापस विद्यालय में समापन किया गया। इस दौरान रैली में सैकड़ो छात्र-छात्राएं शामिल हुए। रैली पश्चात जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी ने बच्चों को बताया कि इन पाँच दिनों में 4,54,170 घरों में 3,99,687 बच्चों को पोलियो खुराक से प्रतिरक्षित किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता हेतु जिले में 89 सब डीपो में 940 घर-घर दल, 160 ट्रांजिट दल और 24 मोबाईल दल कार्यरत है। दलों के पर्यवेक्षण हेतु 346 पर्यवेक्षक कार्यरत हैं। रैली के दौरान अरसी अली, स्वास्थ्य प्रबंधक शाहिन अख्तर, यूनिसेफ के ब्लॉक मोबिलाईजेशन कॉआर्डीनेटर श्याम किशोर, दीपक सिन्हा, अजय कुमार, धीरज कुमार, विश्व स्वास्थ्य संगठन के एफएम नितेन्द्र मिश्रा, प्रकाश कुमार, अमित कुमार, जिला प्रतिरक्षण कार्यालय से चंदन कुमार और जितेंद्र कुमार के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षक उपस्थित

**Unnat Bharat Social Welfare Society**

**370, GF, Guru Ramdas Nagar**
**Laxmi Nagar, Delhi 110092**

Unnat Bharat Social Welfare Society now invites sealed tenders from eligible bidders for the tender for Construction of 16 Samudayik Chaupals in Jehanabad District, Bihar.

Tender documents are available by request via e-mail to unnatbharatngo@gmail.com. Please provide the name of the firm, address and mobile number.

Deadline date to request tender document is Friday, 19th day of December, 2025.

Prospective tenderers are advised that they read the tender documents and instructions.

Further information can be obtained from the office of Unnat Bharat Social Welfare Society by e-mailing a request to unnatbharatngo@gmail.com.

CMYK